आज का तापमान
| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 24°C | 12°C |

इनसाइड न्यूज

'घूसखोर पंडत' फिल्म के निर्देशक व टीम के खिलाफ एफआईआर'

उत्तर प्रदेश पेज : 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

शनिवार 07 फरवरी, 2026 | पेज : 12 | मूल्य : ₹ 3.00/- लखनऊ वर्ष : 17, अंक : 117 | www.janexpresslive.com/epaper



यूरोपीय संघ के बाद अब खाड़ी देशों... 12

# यूपीआई लेनदेन में फ्रॉड हुआ तो मिलेगा मुआवजा

## आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा, ब्याज दरों में बदलाव नहीं, महंगाई पर नियंत्रण रहने का अनुमान

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

यूपीआई से लगातार बढ़ते लेनदेन के बीच ग्राहकों से फ्रॉड होने की खबरें भी बढ़ रही हैं। आरबीआई ने कहा है कि यूपीआई से होने वाले लेनदेन में फ्रॉड के बाद ग्राहकों को 25 हजार रुपए तक का मुआवजा दिया जाएगा। इसे आम उपभोक्ताओं के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है। आरबीआई ने रेपो रेट में कोई बदलाव न करने का निर्णय लिया है। रेपो रेट 5.25 प्रतिशत पर ही बरकरार रहेंगी। इसके पहले करीब एक साल के बीच आरबीआई ने रेपो रेट में 125 बेसिस अंकों की कटौती कर बाजार से नकदी घटाकर महंगाई पर नियंत्रण पाने का प्रयास किया था। रिजर्व बैंक ने कहा है कि बाजार में अभी भी दो लाख करोड़ रुपए की तरलता मौजूद है। नए वित्त वर्ष की पहली और दूसरी तिमाही में महंगाई चार और 4.2 प्रतिशत पर बने रहने का अनुमान है। आरबीआई ने एमएसएमई सेक्टर और किसानों के लिए कर्ज लेना आसान बनाने के संकेत किए हैं।



### एमएसएमई सेक्टर के लिए की क्या घोषणा?

केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए बजट में निवेश और रोजगार बढ़ाने के उपाय किए हैं। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने भी सरकार की इसी नीति को आगे बढ़ाते हुए एमएसएमई सेक्टर के लिए 10 लाख रुपए तक का कर्ज बिना गारंटी के लेने की प्रक्रिया आसान करने और कर्ज सीमा बढ़ाने की बात की है। इससे देश के छोटे उद्यमियों को बड़ा लाभ होने की संभावना है। इससे रोजगार के मोर्चे पर भी नए अवसर बनने की संभावना बढ़ेगी। वैश्विक अनिश्चितताओं और विभिन्न देशों से भारत के हो रहे समझौतों के बीच रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने भारत की विकास दर 7.4 प्रतिशत पर रहने का अनुमान लगाया है। पहले के अनुमान 7.3 प्रतिशत से यह कुछ अधिक है।

### किसान क्रेडिट कार्ड से जुड़े नियमों में बदलाव करने पर विचार

किसान क्रेडिट कार्ड से किसानों को बड़ा लाभ मिला है। यह लाभ ज्यादा किसानों तक पहुंचाने के लिए आरबीआई इसके नियमों में बदलाव करने पर विचार कर रहा है। इसका उद्देश्य ज्यादा किसानों तक सस्ते कर्ज को आसानी से पहुंचाना है। जिन कंपनियों का सीधा आम ग्राहकों से लेनदेन सीमित है और उनका कार्यक्षेत्र भी सीमित है, ऐसे कंपनियों में विदेशी निवेश की सीमा बढ़ाकर देश में विदेशी पूंजी के प्रवाह को बढ़ाने का भी प्रस्ताव किया गया है।

### एमपीसी के फैसलों के बीच शेयर बाजार में गिरावट

आरबीआई द्वारा मौद्रिक नीति की घोषणा करने के पहले ही शेयर बाजार में गिरावट हुई और रेपो दरें समान बने रहने के बाद भी यह गिरावट में कारोबार कर रहा है। विदेशी पूंजी के बाहर निकलने से भी विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव बना हुआ था। लेकिन शुक्रवार को रिजर्व बैंक ने बताया कि देश का विदेशी मुद्रा भंडार 723.8 अरब डॉलर पर बना हुआ है। स्वर्ण की खरीद से रुपए की स्थिति में सुधार आने की संभावना है।

### दरों में कटौती का चक्र और एफडी निवेशकों पर असर

गवर्नर मल्होत्रा ने कहा, 'नीतिगत दरें लंबे समय तक निचले स्तर पर बनी रहेंगी और वे और भी नीचे जा सकती हैं'। हालांकि, उन्होंने यह भी जोड़ा कि दरों पर अंतिम निर्णय एमपीसी की ओर से ही लिया जाएगा। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल फरवरी से अब तक केंद्रीय बैंक ने रेपो रेट में कुल 125 आधार अंकों की कटौती की है। गवर्नर ने स्वीकार किया कि जमा पक्ष पर नीतिगत दरों में कटौती का असर धीमा रहा है। उन्होंने संकेत दिया कि आने वाले समय में फिक्स्ड डिपॉजिट पर ब्याज दरें नीचे जाएंगी, जो निश्चित आय पर निर्भर निवेशकों के लिए चिंता का सबब बन सकता है।

### सरकारी उधारी और विदेशी निवेश

बजट के बाद सरकारी उधारी को लेकर बाजार की चिंताओं को दूर करते हुए डिप्टी गवर्नर टी रबी शंकर ने कहा कि आरबीआई सरकारी उधारी कार्यक्रम को आसानी से प्रबंधित कर लेगा।

- अगले वित्त वर्ष के लिए सरकार की सकल उधारी 17.2 लाख करोड़ रुपये आंकी गई है।
- शुद्ध उधारी 11.73 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है।
- गवर्नर मल्होत्रा ने कहा कि ट्रेजरी बिल्स यील्ड कर्व को प्रबंधित करने में मदद करेंगे और सरकार उचित दरों पर अपनी उधारी जुटाने में सक्षम होगी।

### सोने-चांदी की चमक ने बढ़ाई तपिश



आरबीआई ने पहली बार साफ तौर पर माना है कि कीमती धातुओं की कीमतें अब महंगाई को आकार देने में अहम भूमिका निभा रही हैं। एमपीसी के बयान के अनुसार, महंगाई के दृष्टिकोण में जो मामूली बढ़ोतरी की गई है, उसमें लगभग 60-70 बेसिस पॉइंट्स (0.60-0.70%) का योगदान केवल कीमती धातुओं की कीमतों में वृद्धि के कारण है। गुरुवार को सोना 1.24% की गिरावट के बाद भी 1,48,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के उच्च स्तर पर बंद हुआ। आरबीआई ने नोट किया कि वैश्विक अनिश्चितता और भू-राजनीतिक तनाव के बीच निवेशक 'सेफ-हेवन' के तौर पर सोने का रुख कर रहे हैं, जिससे इसकी कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर बनी हुई हैं। भले ही हेडलाइन इन्फ्लेशन का अनुमान बढ़ाया गया हो, लेकिन आंतरिक महंगाई की स्थिति नियंत्रण में दिख रही है। कोर इन्फ्लेशन यानी यदि सोने और चांदी को हटा दिया जाए, तो मुख्य महंगाई 2.6% (दिसंबर के आंकड़ों के अनुसार) पर स्थिर बनी हुई है।

### जीडीपी और व्यापार समझौतों का 'बूस्टर डोज'

अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर आरबीआई का नजरिया सकारात्मक है। केंद्रीय बैंक ने अगले वित्त वर्ष की पहली और दूसरी तिमाही के लिए जीडीपी विकास दर के अनुमान को संशोधित कर बढ़ा दिया है। भारत द्वारा हाल ही में किए गए व्यापार समझौतों के प्रभाव पर एक सवाल का जवाब देते हुए गवर्नर ने कहा कि अन्य कारकों के साथ मिलकर ये समझौते देश की जीडीपी वृद्धि में 20 आधार अंकों तक का योगदान दे सकते हैं।

### निवेश और करेंसी का हाल

बजट में डेटा सेंटर्स को लेकर की गई घोषणाओं पर गवर्नर ने कहा कि इससे देश में बड़े पैमाने पर विदेशी निवेश आने की उम्मीद है। वहीं, नकदी के चलन पर बात करते हुए उन्होंने बताया कि पिछले एक साल में 'करेंसी इन सर्कुलेशन' में काफी बढ़ोतरी हुई है। केंद्रीय बैंक का फोकस अब भी विकास को सहारा देने पर है। जहां कर्जदारों के लिए ईएमआई कम होने की उम्मीद बरकरार है, वहीं जमाकर्ताओं को गिरती ब्याज दरों के दौर के लिए तैयार रहना होगा।

# इस्लामाबाद की शिया मस्जिद के बाहर फिदायीन हमला 31 की लोगों मौत, 169 घायल



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद की एक मस्जिद में आत्मघाती हमला किया गया। शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान तरलाई इलाके की इमाम बारगाह खदीजत-उल-कुबरा में जोरदार धमाका हुआ। इस विस्फोट में कई लोगों के हताहत होने की खबर है। ब्लास्ट के बाद पूरे शहर में इमरजेंसी लगा दी गई है। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फितना अल-ख्वारिज से जुड़े हमलावर ने गेट पर रोके जाने के बाद खुद को उड़ा लिया था। जहां यह धमाका हुआ है वो शिया मस्जिद है। इस धमाके में 31 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 169 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। घटना के बाद पूरे इलाके को सुरक्षा बलों ने घेर लिया है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक यह धमाका एक सुसाइड बॉम्बिंग यानी आत्मघाती हमला था। यह हमला ऐसे वक्त हुआ है, जब उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शौकत मिर्जियोयेव की दो दिन की आधिकारिक यात्रा पर हैं। इस्लामाबाद कैपिटल टेरिटरी पुलिस के प्रवक्ता तकी जवाद ने कहा कि धमाके की प्रकृति का पता लगाना अभी जल्दबाजी होगी और फोरेंसिक टीमों को यह तय करना होगा कि यह आत्मघाती हमला था या प्लांट किया गया बम।

### ये हमला इंसानियत के खिलाफ : आसिफ जरदारी

पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने धमाके में मारे गए लोगों के लिए शोक जताया है। उन्होंने कहा कि बेगुनाह लोगों को निशाना बनाना इंसानियत के खिलाफ है। जरदारी ने घायलों के जल्द ठीक होने की दुआ की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि घायलों को हर संभव बेहतर इलाज की सुविधा दी जाए।

### जान बचाकर भागने लगे लोग

धमाके के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। लोग अपनी जान बचाते हुए इधर-उधर भागते दिखे। सूचना मिलते ही फौरन पुलिस और रेस्क्यू टीमें पहुंची और राहत व बचाव कार्य में जुट गए। घटना से जुड़े कई वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आई है, जिसमें लोग इमाम बारगाह की जमीन पर बेसुध पड़े हैं। वहीं कुछ लोग एक दूसरे की मदद करते दिखाई दिए।

### अस्पतालों में भी लगाई इमरजेंसी

सुरक्षा एजेंसियों ने इमाम बारगाह और आसपास के पूरे इलाके की घेराबंदी करते हुए कड़ी निगरानी रखी जा रही है। राजधानी के पॉलीक्लिनिक, पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (पीआईएमस), और सीडीए अस्पताल में इमरजेंसी लगा दी गई है। पीआईएमस के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर (ईडी) के निर्देश पर अस्पताल में इमरजेंसी लागू कर दी गई है। एक प्रवक्ता ने बताया कि मुख्य इमरजेंसी, ऑर्थोपेडिक, बर्न सेंटर और न्यूरोलॉजी डिपार्टमेंट को एक्टिव कर दिया गया है।

### मंत्री ने कहा, ऐसी घटनाएं देश का हौसला नहीं तोड़ सकती

पार्लियामेंट्री अफेयर्स के मंत्री डॉ. तारिक फजल चौधरी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि इस्लामाबाद में हुए धमाके की मैं कड़ी निंदा करता हूं। इस हमले में मारे गए लोगों के लिए दुखी हूं। ऐसी आतंकी घटनाएं देश और लोगों का हौसला नहीं तोड़ सकती। जरूरत है कि हम सब मिलकर शांति के लिए एकजुट हों और कानून व्यवस्था संभालने वाली एजेंसियों के साथ मजबूती से खड़े रहें।

# मतदाता सूची में दावा-आपत्ति के लिए समय सीमा एक माह और बढ़ी, 6 मार्च तक नाम जुड़वा सकेंगे

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

यूपी में चल रही विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के तहत मतदाता सूची में दावा और आपत्ति करने के लिए एक माह का समय और बढ़ा दिया गया है। अब मतदाता 6 मार्च तक सूची में संशोधन या नाम जुड़वा सकते हैं। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि 6 फरवरी तक बड़ी संख्या में आए फॉर्म 6 को देखते हुए दावे व आपत्ति की समय सीमा को एक महीने और बढ़ावा दिया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि अब मतदाताओं के पास नाम जुड़वाने, कटवाने और संशोधन करवाने के लिए 6 मार्च तक के लिए समय होगा। नोटिसों का निराकरण 27 मार्च तक होगा। अंतिम मतदाता सूची 10 अप्रैल 2026 को प्रकाशित की जाएगी। बीएलओ हर रोज 10 से 12 बजे के बीच पोलिंग स्टेशन पर रहेंगे।



### नाम कटवाने वाले को देना होगा अपना वोटर कार्ड

दूसरे मतदाताओं के नाम कटवाने की शिकायत पर निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि इस तरह के मामले मीडिया में आ रहे हैं। इस पर सभी अधिकारियों को अवेयर किया गया है जिसके बाद अब किसी भी व्यक्ति को नाम कटवाना है कि तो उसे अपना वोटर कार्ड देना होगा। वहीं, नाम कटवाने के लिए कारण भी बताना होगा। एक साथ बड़ी संख्या में फॉर्म 7 स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

### 3.26 करोड़ मतदाताओं को भेजे गए नोटिस

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि फॉर्म 6 की संख्या लगातार बढ़ रही है। 5 फरवरी को सर्वाधिक 3 लाख 51 हजार 745 फॉर्म 6 आए। 6 जनवरी से दावा और आपत्ति के साथ ऐसे वोटर जिनका नाम ड्राफ्ट में आया था पर उनकी मैपिंग नहीं हुई थी उनकी संख्या एक करोड़ से ज्यादा है। वहीं, 2.22 करोड़ मतदाताओं ने मैपिंग तो कराई लेकिन कुछ तार्किक विसंगति थीं जैसे पिता के नाम व आयु में अंतर 15 साल से कम है। ऐसे 3.26 करोड़ मतदाताओं को नोटिस भेजे जा रहे हैं। 2.37 करोड़ नोटिस जनरेट हो चुके हैं। 86.27 लाख नोटिस सर्व किए जा चुके हैं जबकि 30.30 लाख मामलों में सुनवाई भी हो गई है। निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि नोटिस और फॉर्म 6 की संख्या को देखने के लिए हमने भारत निर्वाचन आयोग से समय बढ़ाने की मांग की थी। वहीं, राजनीतिक दल भी इसकी मांग कर रहे थे। अब मतदाता 6 मार्च तक नाम जुड़वाने, कटवाने और संशोधन के लिए फार्म जमा कर सकते हैं।


# लोकसभा : 'सदन का 19 घंटे 13 मिनट का समय बर्बाद हो चुका', स्पीकर ओम बिरला ने विपक्ष पर जताई नाराजगी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

संसद के बजट सत्र में भारी गतिरोध जारी है। लोकसभा में आज शुक्रवार (06 फरवरी) को भी जोरदार हंगामा देखने को मिला। जिस पर स्पीकर ओम बिरला ने नारेबाजी और सदन में व्यवधान करने को लेकर कड़ी नाराजगी जताई।

### स्पीकर ने गिनाया कितना समय हुआ बर्बाद

ओम बिरला ने कहा, उन्होंने प्रश्नकाल की शुरुआत के समय कहा, मेरा प्रयास होता है कि सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चले। प्रश्नकाल सभी माननीय सदस्यों का समय होता है। आज राजपाल जी और प्रियंका गांधी समेत अन्य सदस्यों के प्रश्न हैं। आप नियोजित तरीके से सदन नहीं चलाना चाहते। गतिरोध पैदा करना चाहते हैं। अभी तक 19 घंटे 13 मिनट सदन का समय बर्बाद हो चुका है।



### नारेबाजी के बाद लोकसभा सोमवार तक स्थगित

शुक्रवार को लोकसभा में जमकर हंगामा और नारेबाजी देखने को मिली। सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होते ही गतिरोध में बदल गई। पहली बार सदन सिर्फ तीन मिनट और फिर दूसरी बार सात मिनट तक चला। इसके बाद लोकसभा की कार्यवाही 9 फरवरी तक के लिए स्थगित कर दी गई।

### ओम बिरला ने जताई नाराजगी

उन्होंने विपक्ष के व्यवहार पर नाराजगी जताते हुए कहा कि 140 करोड़ जनता की अपेक्षा रहती है कि सदन चले, चर्चा और संवाद हो। लेकिन आप सभागृह की मर्यादाओं को समाप्त कर रहे हैं। देश की जनता ने पोस्टर और नारेबाजी के लिए आपको संसद में नहीं भेजा है।

# नेपाल बॉर्डर के पास बड़ा हादसा, बरातियों से भरी बस गहरी खाई में गिरी, 13 लोगों की मौत, 34 घायल

**जन एक्सप्रेस। पिथौरागढ़**

भारतीय सीमा से लगे नेपाल बैतडी में बैतडी से बजांग जा रही बरात की बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में 13 बरातियों की मौत हो गई, जबकि 34 घायल हो गए। इनमें से कुछ घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। गुरुवार की रात्रि बैतडी के पुरचुंणी नगरपालिका सात भवने गांव से दुल्हन लेकर बजांग के सुनकुडा जा रही बस पुरचूंणी के बड़गांव मोड से अनियंत्रित होकर 150 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। जिला प्रहरी कार्यालय बैतडी के प्रहरी प्रवक्ता प्रहरी निरिक्षक बलदेव बडू ने बताया कि रात्रि के समय नेपाल एपीएफ, प्रहरी एवं स्थानीय जनता द्वारा यात्रियों का रेस्क्यू किया गया।

### 13 साल के मासूम की मौत

दुर्घटना में मरने वालों में बजांग बित्थड चीर गांव पालिका निवासी केशव राज जोशी (40) अशोक राज जोशी 13, बसंत राज जोशी (35), बिष्णु दत्त जोशी (41), नरेश राज जोशी (42), बिशन दत्त जोशी (17) दीपक जोशी (28), किशन जोशी (46), बजांग केदारस्यु गांव पालिका निवासी मोहन देव भट्ट (60) केशव भट्ट (27), बजांग जय पृथ्वी नगरपालिका निवासी बसंत राज रतला (40), बैतडी पुरचूणीं नगरपालिका निवासी पुष्पा अवस्थी (40), बैतडी पुरचूणीं नगरपालिका निवासी सुशील जोशी शामिल हैं। जिला प्रहरी कार्यालय बैतडी के प्रहरी प्रवक्ता प्रहरी निरिक्षक बलदेव बडू ने बताया कि बस दुर्घटना में छह बरातियों की घटना स्थल में ही मौत हो गई। पांच बरातियों की डडेलधुरा अस्पताल में और दो बरातियों की कोटिला अस्पताल में मौत हो गई। घायलों में कुछ और बरातियों की हालत गंभीर बताई जा रही है। बस में अधिक संख्या में बराती सवार थे। चढ़ाई के दौरान बस नहीं चढ़ पाई और हादसा हो गया। 25 घायल बारातियों का डडेलधुरा अस्पताल और पांच गंभीर रूप से घायल बरातियों को धनगढी भेज दिया गया है।



# कमल मौत मामले में एक्शन, एक्सईएन-एई सहित तीन अधिकारियों पर गिरी गाज, किए गए निलंबित

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली।** दिल्ली के जनकपुरी में जल बोर्ड के गड्ढे में गिरकर कमल चंदानी (25 वर्ष) की मौत हो गई। इस पूरे मामले में अब बड़ी कार्रवाई सामने आई है। इस मामले में एक्शन लेते हुए एक्सईएन, एई और जेई को निलंबित कर दिया गया है। कमल गुरुवार की रात करीब 10 बजे ऑफिस से घर लौट रहा था। परिवार पूरी रात थानों के चक्कर लगाता रहा। इस घटना ने नोएडा में युवराज के साथ हुई घटना को याद दिला दिया। इस मामले में मृतक के भाई ने पुलिस पर आरोप लगाया कि पुलिस ने हमको इस इलाके में उसकी आखिरी लोकेशन बताई, लेकिन उसे ढूंढने में मदद नहीं की।

# दो साल पहले बंद हुआ खनन घाट कैसे फिर हुआ चालू?

- वन विभाग के हस्तक्षेप के बावजूद किसकी सिफारिश पर मिली अनुमति
- देश की दूसरी पवित्र नदी पर अत्याधिक खनन होने नदी की पहचान होगी विलुप्त

**जन एक्सप्रेस। उरई**

कालपी क्षेत्र में जिस मौरंग खनन खंड को दो वर्ष पहले वन विभाग के हस्तक्षेप के बाद बंद कराया गया था, वह अब एक बार फिर कैसे संचालित हो गया-यह सवाल प्रशासन और खनन विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर संदेह खड़े करता है। सूत्रों के अनुसार, यह खंड जिस व्यक्ति के नाम स्वीकृत हुआ था, वह स्वयं इसका संचालन नहीं कर सका। इसके बावजूद अब उसी खंड को एक प्रभावशाली वरिष्ठ पत्रकार की लंबी सिफारिश के बाद उनके परिजनों द्वारा संचालित किए जाने की अनुमति दे दी गई। सवाल यह है कि जब वन विभाग ने पहले इस खंड को पर्यावरणीय कारणों से बंद कराया था, तो अब ऐसा क्या बदल गया कि उसी स्थान पर फिर से खनन को हरी झंडी मिल गई?



### यमुना बचाने की यात्रा, दूसरी ओर विनाश की तैयारी

एक ओर यमुना नदी को स्वच्छ, निर्मल और प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए अभियान चलाए जा रहे हैं। परमार्थ समाजसेवी संस्था की ओर से 'जल सहेलियां' पचनद से दिल्ली तक यमुना को बचाने की यात्रा पर निकली हैं। दूसरी ओर, कालपी क्षेत्र में खनन माफिया दिन-रात पोकलैंड मशीनों से यमुना के सीने को छलनी करते दिखाई दे रहे हैं।

### खनन से बदली धारा, जीवों पर संकट

विशेषज्ञों के अनुसार, जब नदी के तल में अत्यधिक खनन होता है तो-

- नदी की प्राकृतिक धारा बदल जाती है
- जलीय जीव समय पर अपना स्थान नहीं बदल पाते
- परिणामस्वरूप वे मृत्यु के कगार पर पहुंच जाते हैं

यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगी, तो यमुना को बचाने के नाम पर चल रहे सभी अभियान केवल दिखावा बनकर रह जाएंगे।

### बड़ा सवाल

- दो साल पहले बंद खनन घाट किस नियम के तहत फिर चालू हुआ?
- किस अधिकारी ने अनुमति दी और किस आधार पर?
- क्या सिफारिशें अब पर्यावरण कानूनों से ऊपर हो गई हैं?
- अगर यही हाल रहा, तो वह दिन दूर नहीं जब यमुना केवल नक्शों और किताबों में ही बची रह जाएगी।

### देश की दूसरी पवित्र नदी पर बेहताशा खनन

यमुना नदी को देश की दूसरी सबसे पवित्र नदी माना जाता है, लेकिन अत्यधिक और अनियंत्रित खनन इसके अस्तित्व को ही खत्म करने पर आमादा है। स्थानीय लोगों के अनुसार यमुना में अब भी घड़ियाल, कछुए और कई दुर्लभ जलीय जीव स्पष्ट रूप से देखे जाते हैं।

### कानपुर मार्ग पर गरजती पोकलैंड मशीनें

कालपी से कानपुर की ओर जाते समय यमुना नदी के दाहिनी ओर साफ तौर पर पोकलैंड मशीनें गरजती हुई देखी जा सकती हैं, जो नियमों को ताक पर रखकर खनन में लगी हैं।

### खनिज विभाग की चुप्पी सवालों के घेरे में

जिस खनिज विभाग की जिम्मेदारी है कि खनन नियमानुसार हो, वही विभाग इस पूरे मामले में मूकदर्शक बना नजर आ रहा है। न तो सीमा तय है, न समय, न पर्यावरणीय मानकों का पालन।

# अतिक्रमण हटाते समय पोकलैंड मशीन पर गिरा चार मंजिला मकान

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



बबेरू के तिंदवारी रोड में सुंदरीकरण और चौड़ीकरण के लिये प्रशासन द्वारा अतिक्रमण को हटाने के दौरान चार मंजिला मकान को हटाते समय पोकलैंड मशीन के ऊपर जा गिरा चालक बाल बाल बच गया।मामूली चोटे आने पर सीएचसी पर कराया भर्ती।जहां इलाज चल रहा।वहीं व्यापारियों ने आरोप लगाया की घटना को लेकर पीडब्ल्यूडी व राजस्व विभाग को दोषी ठहराया।जिससे कस्बा में बड़ा हादसा होते होते बचा।कस्बा में सुंदरीकरण व चौड़ीकरण को लेकर तिंदवारी रोड में फैले स्थाई अस्थाई अतिक्रमण को प्रशासन द्वारा सुबह सात बजे से एक पोकलैंड मशीन व आधा दर्जन जेबीसी मशीनो के साथ और भारी पुलिस बल व पीएसी को लेकर अतिक्रमण हटाना शुरू हुआ।अतिक्रमण के दायरे में आ रहे दुकानदारों में खलबली मच गयी, देखने वालों की अपार भीड़ लगना शुरू हो गई।बुलडोजर से ध्वस्तीकरण करने सभी दुकानदारों ने अतिक्रमण हटाने में जुट गए।सभी बिल्डिंग में हथौड़ा चटकना चालू हो गया।अतिक्रमण हटाने के दौरान एक व्यापारी का चार मंजिला इमारत अचानक भरभरा कर पोकलेन मशीन के ऊपर जा गिरा जिससे आधा घंटे तक लोगों की सांसे अटक रही।धुंध हटने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।प्रशासन ने आनन फानन में पोकलेन मशीन चालक को किसी तरह घायल हालत पर बाहर निकाला गया।तत्काल घायल चालक को सीएचसी में भर्ती कराया।जहां इलाज जारी है।व्यापारियों ने आरोप लगाते हुए कहा कि पीडब्ल्यूडी विभाग व राजस्व विभाग की बदइंतजामी के कारण कस्बा में बड़ा हादसा होते होते बचा।कई व्यापारियों ने आरोप लगाते हुए कहा कि तहसील प्रशासन व पीडब्ल्यूडी विभाग में दरार होने के कारण गरीब व्यापारी पिस रहा।इस दौरान एसडीएम अवनीश कुमार, सीओ सौरभ सिंह तहसीलदार हेमराज सिंह,नायब तहसीलदार मनोहर, लेखपाल सहित पीडब्ल्यूडी के ऐई रामेंद्र सिंह, जेई अतुल विश्वकर्मा, कोतवाली प्रभारी राजेंद्र सिंह राजावत सहित भारी पुलिस बल एवं पीएसी के जवान सुरक्षा व्यवस्था में डटे रहे।

# कल्याणपुर गांव में चौपाल लगाकर डीएम ने सुनी समस्याएं

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

गाँव की समस्या, गाँव में समाधान कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को मानिकपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत कल्याणपुर के धारकुंडी आश्रम गौशाला में जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें डीएम ने ग्रामीणों से शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, भूमि विवाद, विद्युत, पेयजल आदि से सम्बन्धित समस्याओं की जानकारी लेकर संबंधितों को शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। चौपाल में ग्रामीणों द्वारा महिलाओं की डिलीवरी में हो रही असुविधा का मुद्दा उठाए जाने पर जिलाधिकारी ने सीएचसी दूर होने के कारण पीएचसी जारोंमाफी में प्रसव सुविधा शीघ्र शुरू कराने के निर्देश दिए। इस दौरान पड़ोसी ग्राम पंचायत रामपुर कल्याणगढ़ के ग्राम प्रधान आनंद सिंह के नेतृत्व में ग्रामीण महिलाओं ने सिर पर खाली पानी के डिब्बे रखकर नमामि गंगे योजना के अंतर्गत पेयजल आपूर्ति अब तक चालू न होने तथा गांव की सड़क जर्जर होने को लेकर नारेबाजी करते हुए विरोध दर्ज कराया। इस पर जिलाधिकारी ने जल निगम के सहायक अभियंता से मौके पर पूछताछ करते हुए 31 मार्च तक पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। रामपुर गांव की महिलाओं ने बताया कि कॉलोनी में स्थित सरकारी बोर की बिजली आपूर्ति पिछले एक माह से बंद है, जिससे पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। इसके साथ ही ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विद्युत विभाग द्वारा एक लाख से डेढ़ लाख रुपये तक के फर्जी बिजली बिलों की नोटिस देकर कनेक्शन काट दिए गए हैं, जिससे पूरा गांव अंधेरे में रहने को मजबूर है। इस पर जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता को चौपाल समाप्त होने के बाद ग्रामीणों के साथ बैठकर समस्याओं का निस्तारण करने एवं बिलों की पुनः जांच कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं से भी संवाद कर समूहों द्वारा संचालित कार्यों की जानकारी ली और उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। डीएम ने बकरी पालन एवं गौ पालन करने वाले समूहों को शेड निर्माण तथा महिलाओं की मांग पर सिलाई केंद्र संचालित कराने के भी निर्देश दिए। इसके साथ ही ग्राम पंचायत सचिवालय के लिए पर्याप्त भूमि उपलब्ध कराने के निर्देश लेखपाल को दिए गए। इस मौके पर उपजिलाधिकारी मानिकपुर मो. जसीम, तहसीलदार दयाशंकर वर्मा, खंड विकास अधिकारी पवन सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी मिथलेश कुमार सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर दिया जाए जोर- डीएम

**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय स्थित केंद्रीय विद्यालय में शुक्रवार को विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें विद्यालय के सर्वांगीण विकास, शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार तथा बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण को लेकर विचार-विमर्श किया गया। जिलाधिकारी के विद्यालय पहुंचने पर विद्यालय के स्काउट एवं गाइड के विद्यार्थियों ने जिलाधिकारी का स्वागत किया। इसके बाद हुई बैठक में विद्यालय की प्राचार्या एवं विद्यालय प्रबंध समिति की




सदस्य सचिव स्नेह लता ने डीएम को विगत बैठक में लिए गए निर्णयों की समीक्षा तथा आगामी योजनाओं से संबंधित कार्यसूची प्रस्तुत की। डीएम ने विद्यालय के वर्तमान शैक्षणिक सत्र के परीक्षा परिणामों एवं पठन-पाठन की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, रचनात्मकता एवं नवाचार को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया तथा शिक्षण को अधिक प्रभावी एवं छात्र-केंद्रित बनाने के निर्देश दिए। साथ ही विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों की सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता, प्रयोगशालाओं तथा पुस्तकालय के समुचित रखरखाव को सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के बाद जिलाधिकारी ने विद्यालय में आयोजित विद्यार्थियों की चित्रकला प्रदर्शनी का निरीक्षण किया। यहां कक्षा नौ की छात्रा मानसी सिंह की उत्कृष्ट चित्रकला से प्रभावित होकर जिलाधिकारी ने अंगवस्त्र (शाल) प्रदान कर सम्मानित किया तथा उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी देवी प्रसाद पाल, उपजिलाधिकारी न्यायिक सौरभ कुमार यादव, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, जिला विद्यालय निरीक्षक रवि शंकर, अभिभावक सदस्य पुष्पा देवी, शिक्षक प्रतिनिधि अवधेश पाल सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# एक्सप्रेस खबरें...

## महाशिवरात्रि के लिए ऋषियन आश्रम में शुरु हुआ मंत्र जप

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट।** मऊ तहसील क्षेत्र के बरहा कोटरा गांव स्थित ऋषियन आश्रम में शुक्रवार से महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर होने वाले एकादश शिवमंत्र जाप रूद्राभिषेक एवं श्रीमद्भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ के तहत मंत्र जप प्रारम्भ कर दिया गया। आश्रम के संचालक पं. इन्द्रेश त्रिपाठी ने बताया कि 10 फरवरी को कलश यात्रा के साथ कथा व्यास रमाकांत महराज द्वारा कथा प्रारम्भ की जाएगी। इसके बाद 17 फरवरी को यज्ञ की पूर्णाहुति के बाद विशाल भण्डारे का आयोजन किया जाएगा।

## वृद्धाश्रम विनायकपुर का औचक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ से प्राप्त कार्ययोजना के क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इला चौधरी ने शुक्रवार को सदर तहसील क्षेत्र के विनायकपुर स्थित वृद्धाश्रम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सचिव ने वृद्धाश्रम में निवासरत संवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। इस दौरान संवासी राजबहादुर ने बताया कि उन्हें संस्था द्वारा मानक के अनुरूप भोजन एवं अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। संवासी ननकू ने स्वांस रोग की समस्या बताते हुए उचित इलाज करवाने की मांग की। इस पर प्राधिकरण सचिव ने संस्था प्रबंधक को जिला चिकित्सालय से समन्वय स्थापित कर संबंधित संवासी को शीघ्र उपचार उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान वृद्धाश्रम परिसर में स्वास्थ्य कैम्प का भी आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी द्वारा नियुक्त छह चिकित्सकों की टीम ने सभी वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा आवश्यकतानुसार नि:शुल्क दवाओं का वितरण किया।

## मेगा विधिक सहायता सेवा शिविर को लेकर समिति की बैठक आयोजित

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट।** जनपद में आयोजित किए जा रहे वृहद विधिक सहायता सेवा शिविर के सफल आयोजन को लेकर अपर जिला जज/एफटीसी एवं शिविर की सब कमेटी-4 के अध्यक्ष नीरज श्रीवास्तव की अध्यक्षता में श्रम, सूचना, उद्योग एवं खाद्य विपणन से संबंधित समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर जिला जज ने समिति के समस्त सदस्यों को निर्देशित किया कि जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में अधिक से अधिक विधिक सहायता शिविर आयोजित कर आम जनमानस को विधिक सेवाओं का अधिकतम लाभ दें। कहा कि सरकार एवं विधिक सेवा प्राधिकरण की मंशा के अनुरूप पात्र व्यक्तियों तक समयबद्ध और प्रभावी ढंग से विधिक सहायता पहुंचाना सभी संबंधित विभागों की सामूहिक जिम्मेदारी है।

## अपर एसपी ने विद्यार्थियों को दी करियर मार्गदर्शन से संबंधित जानकारी

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा आदर्श बजरंग इंटर कॉलेज में आयोजित जनपदीय करियर मेले में शामिल हुए ।कार्यक्रम के दौरान माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित 'पंख परियोजना' के नोडल अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने विद्यार्थियों को करियर मार्गदर्शन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि जहाँ हाईस्कूल के बाद विषय (स्ट्रीम) का चयन अत्यंत महत्वपूर्ण होता है ।वहीं इण्टरमीडिएट के बाद सितंबर माह से विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं एवं उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए आवेदन फॉर्म




निकलने शुरू हो जाते हैं ।यदि विद्यार्थी योजनाबद्ध ढंग से अध्ययन करें और समय रहते क्लैट,जेईई,नीट,इंजीनियरिंग, पालिटेक्निक, आईटीआई व एनडीए जैसे अनेक फार्म भरकर परीक्षा की तैयारी करें जिससे इण्टरमीडिएट करते ही उन्हें एक बेहतर भविष्य बनाने का विकल्प प्राप्त हो सकता है ।इस दौरान कार्यक्रम में प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज शहर,राजकीय इंटर कॉलेज बड़ोखर खुर्द सहित जनपद के सभी माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे ।अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा संबोधन के दौरान बताया गया कि सफलता इस बात पर निर्भर नहीं करती कि विद्यार्थी कहाँ का निवासी है या किस विद्यालय में पढ़ता है ।बल्कि इस बात पर निर्भर करती है कि उसने कितनी लगन और मेहनत से अध्ययन किया है।

## 22 फरवरी को होगा मेगा कानूनी मदद कैम्प का आयोजन

**जन एक्सप्रेस। हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीणा की अध्यक्षता में डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम मीटिंग हाल में आने वाली 22 फरवरी 2026 को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से आयोजित किये जाने वाले मेगा कानूनी मदद के साथ ही सेवा शिविर के बारे में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों के साथ शासन की




जनकल्याणकारी योजनाओं का फायदा ज्यादा से ज्यादा पात्र व्यक्तियों की पहचान किये जाने के साथ ही कैम्प मे स्टाल लगाकर वितरित किये जाने के बारे में चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने सभी विभागों के अधिकारियों को इसके लिये ज्यादा से ज्यादा लाभार्थीगण को पहचान कर कार्यक्रम को कामयाब बनाये जाने के लिये निर्देशित किया गया। बैठक में महेन्द्र कुमार पाण्डेय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने कार्यक्रम की रूपरेखा और महत्व के बारे में बताने के साथ ही सभी अधिकारियों से कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिये जरुरी सहयोग किये जाने के लिये अनुरोध किया गया।

## रेलवे स्टेशन पर लगी लिफ्ट बनी शो

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** रेलवे स्टेशन ए ग्रेड का स्टेशन है यहां पर रेलवे के द्वारा लगातार यात्री सुविधाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है ।परंतु आजकल स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 पर लगी हुई लिफ्ट मात्र शो-पीस बनकर रह गई है ।पूछताछ काउंटर से 5 से 10 मिनट पहले जब गाड़ियों का बदलाव प्लेटफार्म नंबर 1 से 2 पर कर दिया जाता है ।तो प्लेटफार्म नंबर 1 पर जमा भारी भीड़ को प्लेटफार्म नंबर 2 पर जाने में यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है ।विशेष रूप से दिव्यांग यात्रियों को, घुटनों से कमजोर हो चुके बुजुर्गों को, गर्भवती महिलाओं को,उन महिला यात्रियों को जिनके पास लगेज एवं बच्चे होते हैं एवं वह अकेले होती हैं ऐसे यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना लगातार करना पड़ता है कभी-कभी ट्रेन जल्दी आ जाने पर यह सूचना देर से प्रसारित होने पर सीढियों पर गिरने से लोग चुटहिल हो रहें हैं एवं धक्का मुक्के भी होती है।

# 10 से 28 फरवरी तक चलेगा राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन अभियान

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जनपद में फाइलेरिया (हाथीपांव) रोग की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष अभियान शुरु किया जा रहा है। यह अभियान आगामी 10 से 28 फरवरी तक संचालित किया जाएगा, जिसके तहत स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर फाइलेरिया की दवा खिलाएंगी। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने बताया कि फाइलेरिया एक लाइलाज बीमारी है, जिसका बचाव ही सबसे प्रभावी उपचार है। बताया कि यह रोग मच्छरों के काटने से फैलता है, इसलिए इससे बचाव के लिए मच्छरदानी का प्रयोग करना चाहिए तथा अपने आसपास कहीं भी जलभराव नहीं होने देना चाहिए। बताया कि इस अभियान के तहत जनपद के 7,79,956 लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा 680 टीमें एवं 129 सुपरवाइजर तैनात किए गए हैं। ये टीमें घर-घर जाकर डीईसी, एलबेंडाजोल एवं आइवरमेक्टिन की दवाएं सभी को अपने सामने खिलाएंगी। दवाओं की खुराक के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि एक से दो वर्ष के बच्चों को एलबेंडाजोल की आधी गोली, दो से पांच वर्ष के बच्चों को डीईसी की एक गोली, पांच से 15 वर्ष के बच्चों को डीईसी की दो गोलियां तथा 15 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को तीनों गोलियां दी जाएंगी। यह दवाएं खाना खाने के बाद ही खिलाई जाएगी। बताया कि एक वर्ष से कम आयु के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं गंभीर बीमारी से ग्रसित व्यक्तियों को यह दवाएं नहीं दी जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने स्पष्ट किया कि इन दवाओं के सेवन से कोई गंभीर साइड इफेक्ट नहीं होता है। फिर भी यदि किसी व्यक्ति को दवा खाने के बाद कोई परेशानी होती है, तो स्वास्थ्य विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंचकर उपचार उपलब्ध कराएगी। बताया कि दवा को लेकर लोगों में फैली भ्रांतियों को दूर करने के लिए जनपद के वरिष्ठ अधिकारी स्वयं दवा का सेवन कर अभियान की शुरुआत करेंगे, ताकि आमजन का भरोसा बढ़े और अभियान सफल हो सके।

# जीत हासिल करने के लिए खिलाड़ियों के बीच हुआ कांटे का मुकाबला

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तहत मेरा युवा भारत की जिला उपनिदेशक जागृति पांडेय के निर्देशन में बेड़ी पुलिया स्थित गोस्वामी तुलसीदास महाविद्यालय में जिला स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल छह प्रकार के खेलो कबड्डी (बालिका), वॉलीबॉल (बालक), लंबी कूद (बालक), 200 मीटर रेस (बालिका), 400 मीटर रेस (बालक) व 500 मी. साइकिल रेस (बालिका) को शामिल किया गया था। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में कप्तान विष्णु की टीम विजेता व अल्काफ हकीम की टीम उपविजेता रही। वहीं कबड्डी में तुलसीदास टीम की कप्तान कल्पना पांडेय की टीम विजेता तथा रिमांशी की टीम उपविजेता रही। इसी प्रकार 200 मीटर दौड़ में स्वाति कुमारी ने प्रथम, कल्पना पांडेय ने द्वितीय एवं निशा पाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में रविकांत ने प्रथम, प्रशांत सिंह ने द्वितीय व जैनेंद्र सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 500 मीटर साइकिल रेस में प्राची देवी ने प्रथम, रिमांशी ने द्वितीय व विशालाक्षी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद में रविकांत ने प्रथम, जैनेंद्र ने द्वितीय एवं विष्णु कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजेश पाल ने सभी खेलों के विजेताओं को प्रमाणपत्र, मेडल, टी-शर्ट, व ट्रैक सूट देकर पुरस्कृत किया तथा खेल क्षेत्र के प्रति उत्साह को बढ़ाया। निर्णायक मंडल में राघवेंद्र, भानुप्रताप एवं नसीम शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ वंश पांडेय तथा डॉ सीमा ने किया।

# नाबालिग से छेड़खानी के गुनाहगार को तीन साल की सख्त सजा के साथ ही हुआ आठ हजार का जुर्माना

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**




मौदहा के नरायच में 6 फरवरी 2017 को नरेश पुत्र जगदीश ने पीड़ित की 12 साल की बेटी को पकड़ कर उसके साथ गंदी हरकतें करने की घटना को अंजाम दिया था, वही जब पीड़ित पिता मामले की शिकायत करने आरोपी के घर गया, तो उसके साथ गालीगलौज करने के साथ ही उसे जान से मारने की धमकी देने के मामले में मौदहा पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर मुकदमा अपराध संख्या -157/2017 धारा-354ए,354डी,504,506 आईपीसी सहित 8 पाक्सो के तहत मामला दर्ज किया गया था। जबकि आपरेशन कन्विक्शन के तहत स्पेशल पाक्सो अदालत की स्कालर जज कीर्ती माला सिंह ने अभियुक्त नरेश को गुनाहगार मानते हुये तीन साल की सख्त सजा के साथ ही किया आठ हजार का जुर्माना। वही मामले की जांच तत्कालीन एस आई हरिश्चन्द्र ने पूरी करने के बाद अदालत में चार्जशीट दाखिल करदी थी। जबकि अभियोजन की तरफ से एडीजीसी रुद्र प्रताप सिंह ने अदालत में पैरवी करते हुये अभियुक्त के खिलाफ कड़ी सजा की मांग की थी।

# अभ्युदय कोचिंग सेंटर से छात्र नि:शुल्क कर रहे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी

- महिला डिग्री कालेज में संचालित अभ्युदय कोचिंग में पठन पाठन कर रहे सैकड़ो छात्र छात्राएं

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



सिविल व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की मध्यम व गरीब वर्ग के छात्र-छात्राएं भी तैयारी कर सकें। इसको लेकर सरकार मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग सेंटर संचालित कर रही है।जिसके जरिए छात्र छात्राओं को इन प्रतियोगी परीक्षाओं की नि:शुल्क तैयारी कराई जाती है। शहर के राजकीय महिला महाविद्यालय में वर्ष 2021 से अभ्युदय कोचिंग संचालित है।जिसमें सैकड़ो छात्र छात्राएं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं।कोचिंग में ऑफलाइन कक्षाओं के साथ साथ ऑनलाइन कक्षाएं और डिजिटल स्टडी मैटेरियल भी उपलब्ध है।जिसके जरिए छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं होती और यहां पर उनके लिए सभी प्रकार के पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं।शिक्षकों के द्वारा छात्र-छात्राओं को उचित मार्गदर्शन और अध्ययन सामग्री प्रदान की जाती है।शहर के राजकीय महिला महाविद्यालय में मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग संचालित है।जिसकी कमेटी में सीडीओ,समाज कल्याण अधिकारी व डीआईओएस समेत जिला स्तर के 7 अधिकारी हैं।यहां पर 50 शिक्षकों के द्वारा शिक्षण का कार्य किया जाता है।और जो शिक्षक हैं वह उच्च शिक्षित है।यूपीएससी की तैयारी वहीं शिक्षक करवाते हैं जिन्होंने 2 बार मेंस की परीक्षा दी है। वही एसएससी की तैयारी के लिए अच्छे अनुभवशील शिक्षक हैं।यहां पर यूपीएससी में 139 छात्र-छात्राएं पंजीकृत है तो वहीं एसएससी में 138 व नीट में 90 छात्र छात्राएं पंजीकृत हैं।अभ्युदय कोचिंग सेंटर के कोआर्डिनेटर श्याम बाबू शुक्ला ने बताया कि हमारे यहां वर्तमान में एसएससी और सिविल की तैयारी कराई जा रही है।और यहां पर सैकड़ो की संख्या में छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं।यहां पर साक्षी नाम की एक छात्रा ने यूपीएससी की प्री परीक्षा भी क्वालीफाई की है और अब वह यहां पर मेंस की तैयारी कर रही है।इन्होंने बताया कि अभी विश्वविद्यालय की परीक्षाएं आने वाली है।जिसको लेकर छात्र-छात्राओं की संख्या में कुछ कमी है।लेकिन जुलाई के महीने से यहां पर छात्र-छात्राओं की अच्छी संख्या रहती है।और यहां पर छात्र-छात्राएं आकर पठन-पाठन करते हैं।इन्होंने अभिभावकों से भी अपील की है कि बच्चों को बाहर भेजने की बजाय यहां पर भेजें और सरकार द्वारा संचालित नि:शुल्क इस कोचिंग में भेजकर तैयारी कराएं। इन्होंने बताया कि सिविल समेत अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए यहां अच्छा अवसर है।

# अज्ञात वाहन ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, टक्कर से हुई ई-रिक्शा चालक की मौत

**जन एक्सप्रेस । बांदा**




बबेरू तहसील क्षेत्र के अलिहा गांव के पास ई-रिक्शा को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर।ई रिक्शा चालक की मौत हो गई।परिवार में कोहराम मचा हुआ है।बबेरू तहसील क्षेत्र अंतर्गत बिसंडा थाना क्षेत्र के आलिहा गांव के पास गुरुवार व शुक्रवार की मध्य रात्रि ई-रिक्शा को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।जिसमें ई रिक्शा चालक की मौत हो गई।बता दें कि बिसंडा थाना क्षेत्र के पल्हरी गांव के रहने वाले ईश्वरी प्रसाद पुत्र मातादीन उम्र करीब 30 वर्ष।यह रिक्शा को लोन में लेकर शहर में किराए का मकान लेकर अपने परिवार का भरण पोषण करता था।गुरुवार व शुक्रवार की मध्य रात्रि एक सवारी को लेकर ई रिक्शा से कमासिन जा रहा था।तभी आलिहा गांव के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।जिससे ई रिक्शा चालक ईश्वरी प्रसाद की मौत हो गई।वहीं ई रिक्शा में बैठे सवारी ने व आसपास के लोगों ने एंबुलेंस को सूचना दिया। मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने ई रिक्शा चालक को सीएचसी बबेरू लेकर पहुंचे,जहां डॉक्टर द्वारा देखते ही परीक्षण करने के बाद मृत घोषित कर दिया।मौत की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया।सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची बिसंडा थाना पुलिस के द्वारा शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए दिन शुक्रवार की सुबह करीब सुबह 09:30 बजे मेडिकल कॉलेज भेज दिया है।इस घटना को देखते हुए मृतक की पत्नी रेखा देवी,दो पुत्री,मां केशु देवी,बहन मिंटू देवी,भाई संतोष कुमार सहित पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।वहीं पुलिस के द्वारा इस घटना की जांच पड़ताल की जा रही है।

# मजदूरों की रोजगार गांरटी छीन रही भाजपा सरकार: राजेश दीक्षित

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री के निर्देश पर चलाए जा रहे मनरेगा बचाओ संग्राम एवं एस आई आर के तहत जनपद के कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने ब्लाक कांग्रेस कमेटी कार्यालय बबेरू में पहुंचकर ग्रामीणों से संवाद किया और मनरेगा कानून को बचाने के लिए सहयोग की अपील की। जनसंपर्क के दौरान राजेश दीक्षित ने कहा कि मनरेगा रोजगार की गारंटी देने वाला कानून है।जिसे केंद्र की भाजपा सरकार कमजोर कर रही है। कांग्रेस सरकार के समय इस कानून के तहत 100 दिन के रोजगार की गारंटी और मजदूरी नहीं मिलने पर बेरोजगारी भत्ता देने का प्रावधान था, जिसे अब समाप्त कर दिया गया है। इसके स्थान पर नई योजना जी राम जी लागू कर दी गई है, जिसमें काम का चयन और योजना का क्षेत्र केंद सरकार दिल्ली से तय होगा।जबकि पहले गांव स्तर पर यह निर्णय लिया जाता था।कांग्रेस पार्टी आपके अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष कर रही है और मनरेगा कानून को बचाने के लिए सभी को आगे आना होगा।भाजपा सरकार की नीतियों के कारण मनरेगा योजना को लगातार कमजोर किया जा रहा है।महात्मा गांधी के नाम को हटाकर महात्मा गांधी के नाम से जुड़ी इस योजना की मूल भावना को खत्म करने की साजिश की जा रही है।मजदूरों को समय पर काम नहीं मिल रहा।भुगतान में देरी हो रही है।और रोजगार के दिन घटाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी मजदूरों के हक और रोजगार की गारंटी मनरेगा को बचाने के लिए जनजागरण आंदोलन चला रही है। मनरेगा कोई साधारण योजना नहीं, बल्कि यह गरीब, मजदूर और वंचित वर्ग के सम्मान, स्वाभिमान और रोजगार के अधिकार की गारंटी है। कांग्रेस पार्टी मनरेगा को कमजोर करने की किसी भी साजिश को कभी सफल नहीं होने देगी।कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने आगे कहा कि चुनाव आयोग द्वारा वर्तमान में चल रहे एस आई आर कार्यक्रम में हमारे संज्ञान में आया है कि अब एस आई आर में संशोधन की तारीख बढ़ाकर 06 मार्च तक कर दी गई है, तथा अधिकार क्षेत्र में एसडीएम / ईआरओ / बीएलओ के समक्ष कई हजार फॉर्म-6 एवं फार्म-7 आवेदन जमा किए गए हैं। इनमें से अधिकांश फॉर्म पूर्व-मुद्रित हैं, जिनमें मतदाताओं का विवरण टाइप किया गया है तथा आपत्तिकर्ताओं का विवरण अस्पष्ट/अपठनीय है। यह भारत निर्वाचन आयोग के नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। संबंधित अधिकारियों से स्थानीय स्तर पर पूछताछ एवं इन कार्यालयों के भौतिक निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि इन फॉर्मो का एक बड़ा हिस्सा बिना सत्यापन के व्यक्तियों द्वारा थोक में जमा किया गया है। इन आवेदनों में गंभीर कमियाँ पाई गई हैं, जैसे आपत्तिकर्ता की पहचान का प्रमाण न होना, मोबाइल नंबर का अभाव, आपत्ति के लिए कोई विशिष्ट कारण या विवरण न दिया जाना, तथा जहाँ लागू हो वहाँ बीएलए-2 द्वारा आवश्यक घोषणा का अभाव। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने आगे कहा कि सभी प्रस्तुत फॉर्मो की कठोर जांच सुनिश्चित की जाए, जिसमें बीएलओ-2 के हस्ताक्षरों का अभिलेखों से मिलान तथा व्यक्तिगत आपत्तिकर्ताओं की पहचान / संपर्क विवरण का सत्यापन शामिल हो। विधि द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन किए बिना।अर्थात संबंधित मतदाताओं को नोटिस एवं सुनवाई का अवसर दिए बिना।किसी भी मतदाता का नाम न हटाया जाए। आवश्यक विवरणों से रहित हजारों अपूर्ण फॉर्म स्वीकार किए जाने के संबंध में तत्काल जांच कराई जाए। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार, मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अधिकृत प्रतिनिधियों को प्राप्त सभी फार्म-6, 7 की संकलित सूची तत्काल उपलब्ध कराई जाए।प्रस्तुत फार्मो की आवधिक संकलित सूचियों का सार्वजनिक प्रकटीकरण सुनिश्चित किया जाए।जो वर्तमान में उपलब्ध नहीं है। ये सभी कदम वास्तविक मतदाताओं के वंचित होने से बचाने तथा अंतिम निर्वाचक नामावली की पवित्रता एवं विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है और यह सुनिश्चित करने के लिए संकल्पबद्ध है कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित हो।

# लखनऊ एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, शनिवार, 07 फरवरी, 2026






**परीक्षा पे चर्चा: पीएम ने बच्चों को असम के...**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को छात्र-छात्राओं के साथ ' परीक्षा पे चर्चा ' कार्यक्रम पर बातचीत की। इस दौरान उन्होंने छात्रों को अपने जीवन एवं शैक्षणिक कौशल को निखारने पर ध्यान केंद्रित की सलाह देते हुए अपने 75वें जन्मदिन का एक किस्सा बताया। उन्होंने कहा... ▸ पढ़ें पेज 12 पर...

# 'घूसखोर पंडत' फिल्म के निर्देशक व टीम के खिलाफ एफआईआर'

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सामाजिक सौहार्द व कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्रवाई

- जातिगत भावनाएं आहत करने, वैमनस्य फैलाने और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की नीयत से प्रसारण का आरोप
- ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स के आपत्तिजनक कंटेंट पर लखनऊ पुलिस की कार्रवाई

जन एक्सप्रेस । लखनऊ




### प्रथम दृष्टया आपत्तिजनक पाया गया फिल्म का कंटेंट

थाना हजरतगंज के प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह ने ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर प्रचारित हो रही उक्त आगामी फिल्म तथा सोशल मीडिया पर शेयर किए जा रहे इसके कंटेंट पर संज्ञान लिया। उनके अनुसार, 'घूसखोर पंडत' नामक आगामी फिल्म का शीर्षक और उसकी प्रचारित सामग्री प्रथम दृष्टया आपत्तिजनक पाई गई है। एफआईआर में जातिगत अपमान के बिंदु पर स्पष्ट किया गया है कि फिल्म का शीर्षक एक समुदाय/जाति विशेष (ब्राह्मण) को लक्षित कर अपमानित करने के उद्देश्य से रखा गया प्रतीत होता है। इस नामकरण तथा नेटफ्लिक्स व सोशल मीडिया पर प्रचारित इसके संवादों को लेकर समाज के विभिन्न वर्गों में तीव्र प्रतिक्रिया देखने को मिली है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की समाज में सौहार्द बिगाड़ने और धार्मिक/जातिगत भावनाओं को आहत करने वालों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति और ऐसे तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देशों के तहत ओटीटी प्लेटफॉर्म पर प्रचारित-प्रसारित की जा रही आगामी फिल्म 'घूसखोर पंडत' के निर्देशक के खिलाफ राजधानी लखनऊ के थाना हजरतगंज में एफआईआर दर्ज की गई है। यह कार्रवाई समाज में वैमनस्य फैलाने, धार्मिक एवं जातिगत भावनाओं को आहत करने और शांति व्यवस्था को भंग करने के प्रयास के आरोप में की गई है।

### सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने के उद्देश्य से फिल्म का प्रसारण

फिल्म के नाम और उसकी सामग्री को लेकर ब्राह्मण समाज तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों में आक्रोश है। कई संगठनों ने इसके विरोध में उग्र प्रदर्शन की चेतावनी दी है। इससे सार्वजनिक शांति और कानून-व्यवस्था के प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई थी। पुलिस ने स्थिति की संवेदनशीलता को देखते हुए तत्काल कदम उठाया। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया यह प्रतीत होता है कि फिल्म के निर्देशक एवं उनकी टीम द्वारा समाज में वैमनस्य फैलाने, शांति व्यवस्था भंग करने और सौहार्द बिगाड़ने के उद्देश्य से फिल्म का प्रचार-प्रसार किया गया। इस तरह की सामग्री से सामाजिक ताने-बाने को नुकसान पहुंचने की संभावना रहती है, जिसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता। उपरोक्त तथ्यों और संवेदनशील परिस्थितियों के दृष्टिगत, थाना हजरतगंज पुलिस द्वारा फिल्म के निर्देशक एवं उनकी टीम के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीकृत कर ली गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए अग्रिम विधिक कार्रवाई तथा विवेचना प्रचलित है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जांच के दौरान उपलब्ध साक्ष्यों, प्रचारित-प्रसारित सामग्री और कानूनी प्रावधानों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# शादी की शहनाई, जाम की चीख और एम्बुलेंस की बेबसी

# क्या एनएचएआई सिर्फ टोल वसूलने के लिए ही है?

जन एक्सप्रेस । लखनऊ




शादियों का सीजन शुरू होते ही उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के चारों ओर बने राष्ट्रीय राजमार्ग जश्न के नहीं, जाम के हाईवे बन जाते हैं। रायबरेली रोड, उन्नाव रोड, सीतापुर हाईवे, हरदोई मार्ग, अयोध्या मार्ग और सुल्तानपुर रोड–हर दिशा से राजधानी में प्रवेश करते ही आम नागरिक को एक ही हकीकत से रूबरू होना पड़ता है: घंटों का जाम और सिस्टम की शर्मनाक चुप्पी।

### एनएचएआई से सीधा सवाल

क्या आपकी जिम्मेदारी टोल बूथ पर खत्म हो जाती है? जब टोल प्लाजा पर पूरी वसूली की जाती है, सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किया जाता है तो सवाल उठता है– ट्रैफिक व्यवस्था की जिम्मेदारी आखिर किसकी है? अगर एनएचएआई को यह नहीं दिखता कि हाईवे पर शादी समारोह के कारण जानलेवा जाम लग रहे हैं, एम्बुलेंस फंसी हुई हैं, मरीज अस्पताल नहीं पहुंच पा रहे, तो फिर ऐसे टोल प्लाजा का औचित्य क्या है?

### एम्बुलेंस में तड़पता मरीज, बाहर नाचती बारात

यह सिर्फ अव्यवस्था नहीं, मानवता पर सीधा तमाचा है। जाम में फंसी एम्बुलेंस अंदर सायरन बजता रहता है मरीज तड़पता रहता है बाहर नशे में झूमती बारात सड़क पर कब्जा जमाए रहती है कई मामलों में मरीज अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ देते हैं, लेकिन न पुलिस हरकत में आती है, न प्रशासन, न एनएचएआई।

### तीनों विभाग मौन, जिम्मेदारी शून्य

- यह जाम किसी एक विभाग की गलती नहीं, बल्कि
- जिला प्रशासन की ढीली अनुमति नीति
- ट्रैफिक पुलिस की निष्क्रियता और एनएचएआई की लापरवाही
- तीनों का संयुक्त परिणाम है।

### न सीधी लेन, न उल्टी दिशा तो आपातकाल कैसे निकले?

कई जगह हालात इतने बदतर हैं कि न सीधी लेन चलती है न उल्टी दिशा से निकलने की जगह बचती है तो सवाल है–अगर किसी की जान चली जाए, तो जिम्मेदार कौन होगा?

### जन एक्सप्रेस पूछता है

क्या एनएचएआई केवल टोल वसूलने वाली एजेंसी बनकर रह गई है? क्या हाईवे पर शादी समारोह की अनुमति देना नियमों का खुला उल्लंघन नहीं? क्या किसी की मौत के बाद ही सिस्टम जागेगा? अगर अब भी– बिना पार्किंग वाले मैरिज लॉन सील नहीं हुए हाईवे पर बारात निकालने पर सख्ती नहीं हुई एनएचएआई की जवाबदेही तय नहीं हुई तो अगला जाम सिर्फ ट्रैफिक नहीं होगा– किसी परिवार का मातम होगा। जन एक्सप्रेस यह सवाल उठाता रहेगा क्या शादी का जश्न, इंसानी जान से बड़ा हो गया है?

### हाईवे किनारे होटल-रिसोर्ट की फसल, परमिशन मोटी रकम पर

राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे बिना पर्याप्त पार्किंग, बिना ट्रैफिक प्लान और बिना वैकल्पिक मार्ग के बड़े-बड़े होटल, रिसोर्ट और मैरिज लॉन खड़े कर दिए गए हैं।

- मोहनलालगंज (रायबरेली रोड) – शादी समारोह के चलते कई-कई घंटे जाम
- अयोध्या मार्ग – सफेदाबाद से बाराबंकी तक दोनों ओर होटल-रिसोर्ट, बाहर जाम का झाम
- बिजनौर-सुशांत गोल्फ सिटी (सुल्तानपुर हाईवे) – रिसोर्ट्स के बाहर हाईवे पर खड़ी गाड़ियाँ
- इंदिरा नगर-सीतापुर रोड – मैरिज लॉन के बाहर सड़क पर बारात
- उन्नाव रोड (नवाबगंज क्षेत्र) – होटल आयोजनों के कारण बार-बार ट्रैफिक ठप

# सूडा में 'वेतन बकाया, काम जारी' किसके इशारे पर चल रहा शोषण का खेल?




- 8 महीने से बिना भुगतान सर्वेयर मैदान में, पीएम आवास योजना फंड पर उठे गंभीर सवाल

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

राज्य शहरी विकास एजेंसी (सूडा) एक बार फिर सवालों के घेरे में है। करोड़ों की योजनाओं के संचालन के बीच यहां काम कर रहे सर्वेयर और अन्य कर्मचारी पिछले 8 महीनों से बिना वेतन काम करने को मजबूर बताए जा रहे हैं। कर्मचारियों ने विभाग को लिखित रूप से अवगत कराया कि बिना भुगतान उनसे कार्य न लिया जाए, इसके बावजूद उनसे कार्य कराया जा रहा है जो सीधे तौर पर श्रम शोषण के आरोपों को जन्म दे रहा है। सूत्रों का कहना है कि नगर पंचायत, नगर पालिका और नगर निगम क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत सर्वेयरों से लगातार काम लिया जा रहा है, जबकि भुगतान लंबित है। ऐसे में बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि जब योजना के लिए फंड जारी हो रहा है, तो कर्मचारियों तक वेतन क्यों नहीं पहुंच रहा।

### बोर्ड बैठक के निर्णय बनाम जमीनी हकीकत

सूत्रों के अनुसार सूडा की 36वीं बोर्ड बैठक में वित्त नियंत्रक सहित अन्य पदों पर अधिकारियों के नाम नामित कर मिनट्स शासन अनुमोदन को भेजे गए थे।सूडा में नियमावली बोर्ड बैठकों में तय होती है, जिनमें विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहते हैं। इसके बावजूद कर्मचारियों से जुड़े मुद्दों पर निर्णयों का अनुपालन न होना प्रशासनिक कार्यशैली पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है।

### फंड जारी करने की प्रक्रिया पर सवाल

मामले में कई गंभीर प्रश्न सामने आए हैं –

- प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी/ग्रामीण) का फंड किस अधिकारी के माध्यम से जारी किया जा रहा है?
- सूडा भवन में कौन अधिकारी किस पद पर कब से तैनात है?
- कौन किस योजना का प्रभारी है – और इसकी सार्वजनिक जानकारी क्यों नहीं है?
- इन सवालों का स्पष्ट जवाब विभाग की ओर से सामने नहीं आया है।

### सबसे बड़ा सवाल

जब योजनाओं पर सरकारी धन का प्रवाह जारी है –

- तो कर्मचारियों को वेतन क्यों नहीं?
- लाभ क्यों रोके गए?
- जवाबदेही तय क्यों नहीं हो रही?
- सूडा की कार्यप्रणाली पर उठते ये सवाल अब प्रशासनिक जांच और स्पष्ट जवाब की मांग कर रहे हैं।

### मुलाकात से बचते वित्त नियंत्रक?

सूत्र बताते हैं कि फरियादी, कर्मचारी या पत्रकार मिलने पहुंचते हैं तो निदेशक भेंट कर लेती हैं, लेकिन वित्त नियंत्रक से मिलना मुश्किल बताया जाता है। आरोप है कि वे अक्सर टालमटोल करते हैं। कर्मचारियों के बीच यह भी चर्चा है कि उनके साथ असम्मानजनक व्यवहार किया जाता है।

### एसीपी और ग्रेच्युटी भी अटकी

सूडा के पूर्व कर्मचारी हरीश दीक्षित के अनुसार शासनादेश और गवर्निंग बॉडी की बैठक में निर्णय होने के बावजूद कर्मचारियों को एसीपी व ग्रेच्युटी का लाभ नहीं दिया गया। इससे कर्मचारियों में नाराजगी और असंतोष बढ़ा है।

### भारत सरकार को भेजे पत्र पर भी उठे सवाल

कर्मचारियों की मांगों को लेकर भारत सरकार को भेजे गए पत्र की मंशा पर भी सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि कहीं यह पत्राचार जिम्मेदारी से बचने या विभागीय कमियों को ढंकने का प्रयास तो नहीं।

## जलशक्ति मंत्री को बंधक बनाने वाले भाजपा विधायक के खिलाफ नोटिस जारी, 7 दिन में मांगा गया जवाब

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह को बंधक बनाने वाले भाजपा विधायक के खिलाफ नोटिस जारी किया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने विधायक बृजभूषण राजपूत से मामले पर सात दिन में जवाब मांगा है। बीती 30 जनवरी को मंत्री स्वतंत्र देव सिंह महोबा के एक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। जहां से लौटने पर चरखारी विधायक बृजभूषण सिंह ने उन्हें रोककर बंधक बना लिया। इससे पार्टी नेतृत्व के सामने असहज करने वाली स्थिति उत्पन्न हो गई। अब पार्टी के प्रदेश नेतृत्व ने उनसे मामले पर सात दिन में जवाब मांगा है। मंत्री स्वतंत्र देव सिंह को रोकने के बाद भाजपा विधायक का एक और वीडियो वायरल हुआ था जिसमें वह कहते हुए सुने जा सकते थे कि अगर जरूरत पड़ी तो मुख्यमंत्री को भी रोकेंगे। बंधक बनाना उनके लिए कोई बड़ी बात नहीं है। ये मेरा व्यक्तिगत नहीं, बल्कि जनता और विकास से जुड़ा मुद्दा है। वायरल वीडियो में चरखारी विधायक कह रहे थे कि मैं अपनी बात सड़क पर रख रहा हूं, तो इसमें किसी को आपत्ति क्यों हो रही है। आप सब का आशीर्वाद था, तो मंत्री जी को रोका है। यह जनता की और विकास की बात है। मैं यह बात कमरे में क्यों करूं, सड़क पर क्यों नहीं कर सकता।

# प्राइमरी स्कूलों में मोबाइल होगा बैन व्हाट्सएप होमवर्क पर भी लगेगी रोक

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



उत्तर प्रदेश में राज्य महिला आयोग ने सभी जिलाधिकारियों को प्राथमिक विद्यालयों में फोन के इस्तेमाल पर प्रतिबंध का निर्देश दिया है। यह कदम फोन की लत की वजह से गाजियाबाद में तीन सगी बहनों की आत्महत्या बाद उठाया गया है। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष की ओर से जारी आदेश में मोबाइल आधारित शैक्षणिक गतिविधियों और ऑनलाइन कक्षाओं को रोकने का निर्देश दिया है। अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान ने बताया कि शिक्षा के नाम पर लापरवाही देखने को मिलती है। कक्षा पांच तक के बच्चों में फोन की लत लगने का खतरा सबसे अधिक है।

### उचित कदम उठाने की जरूरत पर जोर

ऐसे में समाज एवं शैक्षणिक व्यवस्थाएं सुधारने की जरूरत है। वर्तमान में स्कूलों की ओर से बच्चों के होमवर्क, असाइनमेंट एवं अन्य शैक्षणिक गतिविधियां अनिवार्य रूप से व्हाट्सएप ग्रुप अथवा अन्य डिजिटल माध्यमों से मोबाइल फोन पर भेजी जा रही हैं। इस पर रोक लगने की जरूरत है। उन्होंने गाजियाबाद जैसी घटना भविष्य में न हो इसके लिए उचित कदम उठाने की जरूरत पर जोर दिया।

## यूपी पंचायत चुनाव 2026: वार्डवार परिसीमन के बाद पदों की संख्या में गड़बड़ी, आयोग ने दिए सुधार के निर्देश

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनाव की तैयारी के तहत वार्डवार परिसीमन के बाद ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत सदस्यों की संख्या दर्ज करने में कई जिलों से त्रुटियां सामने आई हैं। आयोग पोर्टल पर फीड किए गए आंकड़ों में पंचायती राज विभाग की आधिकारिक सूची से अंतर पाया गया है। इसे गंभीर मानते हुए राज्य निर्वाचन आयोग ने सभी जिलों को सुधार के निर्देश जारी किए हैं। आयोग ने स्पष्ट किया है कि विभागीय सूची से मिलान के बाद ही संख्या पोर्टल पर दर्ज की जाए। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में पंचायत चुनाव मई 2026 तक प्रस्तावित हैं और अंतिम मतदाता सूची 28 मार्च को जारी होगी।

# सूचना विभाग के मिनिस्टीरियल कर्मचारी संघ के नव-निर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



सूचना विभाग के मिनिस्टीरियल कर्मचारी संघ के नव-निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह शुक्रवार को सूचना निदेशालय के सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में निदेशक सूचना विशाल सिंह ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई और उन्हें प्रमाण पत्र भी प्रदान किए।
इस अवसर पर निदेशक सूचना ने कहा कि सूचना विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। वे अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए प्रदेश सरकार की नीतियों, निर्णयों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का आह्वान किया। संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में कपिल कुमार सिंह (अध्यक्ष), निखिल मिश्रा (उपाध्यक्ष), शशांक शेखर शुक्ला (उपाध्यक्ष), राज कुमार (महामंत्री), ब्रज मोहन पाण्डेय (संयुक्त मंत्री), शुभम चौहान (संगठन मंत्री), शिव शंकर पाण्डेय (प्रचार मंत्री), सलीम अंसारी (कोषाध्यक्ष), अक्षय कुमार (ऑडिटर) शामिल हैं। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्यों में आशुतोष, राजेश कुमार भारती, पंकज यादव, प्रवीन दुबे, रिया आनंद, पंकज पाल सहित अन्य सदस्य शामिल हैं। चुनाव प्रक्रिया मुख्य निर्वाचन अधिकारी अमित यादव और सह-निर्वाचन अधिकारी अमित शुक्ला की देखरेख में सम्पन्न कराई गई। कार्यक्रम में अपर निदेशक सूचना अरविंद कुमार मिश्र, वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी संजय कुमार सिंह, सहायक निदेशक सतीश चन्द्र भारती, जितेन्द्र प्रताप सिंह, चन्द्र विजय वर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।


### पांच फीसदी कमीशन लेने वाला आईएएस गायब, भाजपा ने कानून व्यवस्था को बर्बाद कर दिया: अखिलेश


जन एक्सप्रेस। लखनऊ। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि जिस भाजपा राज में एसपी फरार हो गया हो और एक ऐसा आईएएस भी जो निवेश के नाम पर पांच फीसदी एडवांस लेता था, वह भी गायब है तो किसी अन्य गुमशुदा का कौन ढूंढ सकता है। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। हत्या, लूट, बलात्कार, ठगी, अपहरण की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। कानून व्यवस्था पर सरकार का जीरो टॉलरेंस का दावा जीरो हो चुका है। उन्होंने कहा कि राजधानी लखनऊ में ही हर दिन अपराध की कई घटनाएं हो रही हैं। पूरे प्रदेश की हालत बेहद खराब है। हाथरस में एनएच 93 पर बदमाशों ने सेना के जवान अखिलेश चौधरी को दिनदहाड़े गोलियों से छलनी कर दिया। राजधानी के सरोजिनी नगर थाना क्षेत्र में थार सवार बदमाशों ने युवक को अगवा कर लूट लिया। गोमती नगर में बाइक सवार बदमाशों ने महिला का पर्स लूट लिया। पिछले दो साल में उत्तर प्रदेश में 1.08 लाख लोग गायब हो चुके हैं। इनकी गुमशुदा होने की रिपोर्ट दर्ज हैं लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल रही है। अखिलेश ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कोई भी सुरक्षित नहीं है।

## राष्ट्रीय विकलांग पार्टी में बड़ा अनुशासनात्मक एक्शन: चार पदाधिकारी 6 साल के लिए बाहर

लखनऊ। संगठनात्मक अनुशासन पर सख्त रुख अपनाते हुए राष्ट्रीय विकलांग पार्टी ने बड़ा फैसला लिया है। पार्टी नेतृत्व ने अपने चार पदाधिकारियों को तत्काल प्रभाव से छह वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया है। कार्रवाई का आदेश पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमारी शुक्ला की ओर से जारी किया गया। पार्टी के आधिकारिक बयान में कहा गया है कि सुबह सिंह, कोषाध्यक्ष राजू प्रजापति, राष्ट्रीय महासचिव (प्रवक्ता) अनुराग शर्मा और इमरान मलिक को कथित अनुशासनहीनता और पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने के आधार पर बाहर का रास्ता दिखाया गया है। नेतृत्व का आरोप है कि इनकी गतिविधियां संगठन की मर्यादा और हितों के प्रतिकूल थीं, जिसके चलते कठोर कदम उठाना पड़ा। जारी आदेश में स्पष्ट कर दिया गया है कि निष्कासन लागू होते ही चारों व्यक्तियों का पार्टी से कोई संबंध नहीं रहेगा और वे संगठन के किसी पद, अधिकार या जिम्मेदारी का दावा नहीं कर सकेंगे। पार्टी ने सख्त चेतावनी भी दी है कि यदि निष्कासित पदाधिकारी पार्टी के लेटरहेड, नाम या चुनाव चिह्न का इस्तेमाल करते पाए गए तो उनके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी। राजनीतिक हलकों में इस फैसले को संगठन के भीतर अनुशासन कायम रखने के लिए कड़ा संदेश माना जा रहा है। हालांकि खबर लिखे जाने तक निष्कासित पदाधिकारियों की ओर से कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# गैस वितरण पर बड़ा सवाल: धुंधला बिल, बेआवाज़ सिस्टम– 'मेहनताना नहीं मिलता' बयान से कपूरथला की एजेंसी घिरी




जन एक्सप्रेस । लखनऊ

राजधानी में घरेलू गैस वितरण व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। कपूरथला अलीगंज स्थित भारत गैस वितरक अशोक गैस सर्विस से जारी जीएसटी इनवॉइस में कथित गड़बड़ियों ने बिलिंग पारदर्शिता की पोल खोल दी है। उपभोक्ताओं के हाथ लगी बिल कॉपी में अनिवार्य तकनीकी प्रविष्टियां अस्पष्ट मिलने के बाद प्रशासनिक जांच की मांग तेज हो गई है। उपलब्ध दस्तावेज बताते हैं कि एजेंसी का पता शॉप नं. 13,14,15 रामाकृष्णा कॉम्प्लेक्स, कपूरथला दर्ज है। इनवॉइस संख्या 586840 (11 जनवरी 2026) में उपभोक्ता नाम अमर नाथ और कनेक्शन से जुड़ी प्रविष्टियां अधूरी या पढ़ने में मुश्किल बताई जा रही हैं। जीएसटी विवरण, रिसीवर एड्रेस, कोड नंबर और स्टेट एंट्री जैसे अनिवार्य बिंदु स्पष्ट न होने से बिल की वैधता और पारदर्शिता पर सवाल उठे हैं। कर विशेषज्ञों के अनुसार इनवॉइस की स्पष्टता कानूनी अनिवार्यता है – अन्यथा सत्यापन या ऑडिट के समय उपभोक्ता मुश्किल में पड़ सकते हैं।




### बयान जिसने खड़े किए नए सवाल

जन सूचना के आधार पर जन एक्सप्रेस टीम ने डिलीवरी से जुड़े लोडमैन शकील अहमद से बात की। 'हम सिलेंडर में पूरी गैस देते हैं, लेकिन रास्ते में अगर डिलीवरी करने वाले लड़के गड़बड़ी करें तो उसकी जिम्मेदारी हमारी नहीं है।' मेहनताना पर उनका दावा, 'हमें एजेंसी से कोई भुगतान नहीं मिलता। यह बयान व्यवस्था की जवाबदेही पर बड़ा प्रश्नचिह्न है। यदि डिलीवरी कर्मियों को भुगतान नहीं मिल रहा, तो वितरण प्रणाली किस आधार पर चल रही है – यह जांच का विषय बन गया है।

### एजेंसी की चुप्पी

- इस पूरे प्रकरण पर संबंधित वितरक की आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी है।
- जन एक्सप्रेस ने प्रशासन और संबंधित विभागों से जवाब मांगा है। प्रतिक्रिया मिलते ही प्रकाशित की जाएगी।
- धुंधली इनवॉइस से पारदर्शिता पर चोट
- डिलीवरी तंत्र पर सवाल
- प्रशासनिक जांच की मांग तेज

### उपभोक्ताओं का भरोसा डगमगाया

स्थानीय उपभोक्ताओं का आरोप है कि डिलीवरी में देरी और शिकायतों की समस्या पहले से जारी है। बिलिंग रिकॉर्ड की अस्पष्टता ने भरोसे को और कमजोर किया है।

मांगें

- बिलिंग विवरण स्पष्ट किया जाए
- पठनीय जीएसटी इनवॉइस उपलब्ध कराया जाए
- प्रशासन जांच कर जिम्मेदारी तय करे

# मतदाता सूची में धांधली का आरोप, भाजपा के पदाधिकारियों ने जिला अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जनपद में भारतीय जनता पार्टी ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान कांग्रेस पार्टी पर गंभीर आरोप लगाए हैं।भाजपा का कहना है कि कांग्रेस फर्जी नाम जुड़वाने और दलित,पिछड़ा व सामान्य वर्ग के वास्तविक मतदाताओं के नाम जानबूझकर कटवाने की साजिश रच रही है।आरोपों को लेकर भाजपा के एक बड़े प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने कहा कि अमेठी में कांग्रेस का पुराना इतिहास लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित करने का रहा है।उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस को जनता पर भरोसा नहीं है,इसलिए वह हर चुनाव में मतदाता सूची से छेड़छाड़ जैसे हथकंडे अपनाती है।उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में जगदीशपुर विधानसभा के ग्राम थौरी और गौरीगंज विधानसभा के गुर्जर टोला में फर्जी मतदान कराया गया था,जिसे जनता आज तक नहीं भूली है।उन्होंने बताया कि वर्तमान में चल रहे पुनरीक्षण अभियान के दौरान कांग्रेस समर्थित लोग सुनियोजित ढंग से फर्जी नाम दर्ज कराने और भाजपा समर्थक मतदाताओं के नाम कटवाने का प्रयास कर रहे हैं।अभी हाल ही में चार फरवरी को ग्राम ठेंगहा,तहसील अमेठी के बूथ संख्या 207 व 208 पर कांग्रेस जिला सचिव राकेश कुमार मौर्य एवं उनकी पत्नी द्वारा पुनरीक्षण कार्य में बाधा डालने, कार्यकर्ताओं को धमकाने और माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया गया।विरोध के बाद वे मौके से चले गए।भाजपा नेताओं का आरोप है, कि इसके बाद जिला सचिव द्वारा भाजपा जिला अध्यक्ष को बदनाम करने की नीयत से उपजिलाधिकारी को झूठा और मनगढ़ंत प्रार्थना पत्र दिया गया।भाजपा ने इसे प्रशासन को गुमराह करने की कोशिश बताया।भाजपा जिला अध्यक्ष ने चेतावनी दी कि यदि मामले की निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो पार्टी लोकतंत्र की रक्षा के लिए आंदोलन करेगी।प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग,मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश और जिलाधिकारी से मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# संजय सेतु पर वैकल्पिक व्यवस्था बनाने को लेकर पूर्व सांसद ने मुख्यमंत्री को दिया पत्र

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर सहित पूरे देवीपाटन मंडल तथा आस पास के जिलों की व्यवहारिक कठिनाइयों को दृष्टिगत रखते हुए गोंडा-लखनऊ मार्ग के घाघरा नदी पर बने संजय सेतु पर यातायात बंद करने से पूर्व बैकल्पिक व्यवस्था के रूप में पैंटून पुल बनाए जाने की मांग पूर्व सांसद दद्दन मिश्र ने मुख्यमंत्री से की है। उन्होंने इस मांग को लेकर गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर एक मांग पत्र सौंपा है। पूर्व सांसद दद्दन मिश्र ने 6 फरवरी को बताया कि सीएम योगी ने लोगों की कठिनाइयों को दृष्टिगत रखते हुए इस पर सकारात्मक आश्वासन देते हुए तत्काल सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया है। मुख्यमंत्री को सौंपे गए मांग पत्र में पूर्व सांसद दद्दन मिश्र ने कहा है कि संजय सेतु (घाघरा पुल) बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर व गोंडा जनपद की लाइफ लाइन है। पड़ोसी राष्ट्र नेपाल तक यातायात का यह मुख्य मार्ग है। विभिन्न संचार माध्यमों से प्रसारित किया गया है कि घाघरा पुल की मरम्मत को लेकर आगामी दस फरवरी से दो माह तक आवागमन को बंद कर दिया जाएगा। यातायात बंद होने से सम्पूर्ण देवीपाटन मंडल सहित कई अन्य हिस्सों की जनता में भय व्याप्त हो गया है। पूर्व सांसद ने अपने पत्र में कहा है कि यह सेतु न केवल व्यापारिक गतिविधियों के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि इस क्षेत्र गंभीर रोगों से ग्रसित रोगियों के लिए किसी वेंटीलेटर से कम नहीं है। उन्होंने यह भी कहा है कि संजय सेतु लगभग पांच दशक से इस क्षेत्र के लोगों के जीवन का अभिन्न अंग बन गया है। उन्होंने सीएम योगी से संजय सेतु पर यातायात बंद करने से पूर्व बैकल्पिक व्यवस्था के रूप में पीपा पुल निर्माण कराए जाने की मांग की है। पूर्व सांसद ने बताया कि इस पर मुख्यमंत्री की ओर से सकारात्मक आश्वासन दिया गया है। सीएम तत्काल डे अफसर को बुलाकर प्रमुख सचिव से इस बावत निर्देश जारी की बात कही है। पीपे का पुल बनने से लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी।

# जनपद में बनेगा 20 बेड का अत्याधुनिक केयर कैंसर सेंटर

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जिले में कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों के लिए राहत भरी खबर है।स्वास्थ्य विभाग ने तिलोई स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज में 20 बेड का अत्याधुनिक केयर कैंसर सेंटर स्थापित करने की दिशा में ठोस पहल शुरू कर दी है। इससे जिले के मरीजों को इलाज के लिए लखनऊ या अन्य बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.अंशुमान सिंह ने इस संबंध में मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य को पत्र लिखकर आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ करने का निर्देश दिया है।उन्होंने बताया कि शासन के निर्देशों के क्रम में जिले में कैंसर से लड़ने केलिए एक सुव्यवस्थित और बहुस्तरीय मॉडल तैयार किया गया है।इसके तहत जिले के सभी196 आयुष्मान आरोग्य केंद्रों पर ब्रेस्ट कैंसर और ओरल कैंसर की स्क्रीनिंग की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। प्राथमिक जांच में संदिग्ध पाए जाने वाले मरीजों को आगे की जांच और उपचार के लिए कल्याण सिंह कैंसर इंस्टीट्यूट सहित अन्य नामित अस्पतालों में रेफर किया जा रहा है।प्रस्तावित केयर कैंसर सेंटर में कीमोथेरेपी एडमिनिस्ट्रेशन एरिया विकसित किया जाएगा।यहां प्रत्येक बेड पर रिक्लाइनर चेयर,बेड, ऑक्सीजन एवं सक्शन पाइपलाइन तथा एसी की सुविधा उपलब्ध होगी।मरीजों और उनके परिजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आरामदायक वेटिंग एरिया, पंजीकरण काउंटर,डॉक्टर्स कंसल्टेशन रूम और नर्सिंग स्टेशन की भी व्यवस्था की जाएगी।मरीजों की जांच और निगरानी के लिए पोर्टेबल रजिस्ट्रेशन एवं यूनिक-आईडी आधारित उपचार व्यवस्था लागू होगी।इसके साथ ही मानसिक सहयोग और बीमारी से जुड़ी जानकारी देने के लिए अलग काउंसलिंग रूम भी बनाया जाएगा।सीएमओ ने बताया कि विशेषज्ञों से परामर्श के लिए टेलीमेडिसिन और आईटी आधारितसेवाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी।इसके अलावा मरीजों और तीमारदारों के लिए वेटिंग एरिया,दिव्यांग अनुकूल शौचालय,मेडिकल स्टोर और कैंटीन जैसी सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी।स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य है,कि यह कैंसर सेंटर जिले के लिए मॉडल उपचार केंद्र के रूप में स्थापित हो।

## सामूहिक विवाह समारोह में चार निर्धन कन्याओं का वैदिक रीति से संपन्न हुआ विवाह



**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जनपद में विकास खण्ड सिंहपुर के ग्राम चिलौली स्थित इंटर कॉलेज में प्रथम सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया।इस आयोजन में चार निर्धन परिवारों की बेटियों का विवाह वैदिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न कराया गया।समारोह का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह में सहयोग करना रहा। कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज प्रबंधन द्वारा किया गया, जिसका नेतृत्व प्रबंधक देवेंद्र कुमार शुक्ला ने किया।विवाह समारोह में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं आयोजकों द्वारा की गई। नवविवाहित जोड़ों को गृहस्थी का सामान, वस्त्र व उपहार प्रदान किए गए,जिससे उन्हें वैवाहिक जीवन की शुरुआत में सहारा मिल सके।समारोह में उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री विधायक तिलोई राजा मयंकेश्वरशरण सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में सहयोग और आपसी सद्भाव को बढ़ावा देते हैं।उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की सहायता करना ही सच्ची सामाजिक सेवा है।इसअवसर पर मंडल महामंत्री सुनील पासी,ग्राम प्रधान चिलौली शंकर देव साहू सहित कई जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।समारोह में उपस्थित लोगों ने भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता जताईकार्यक्रम का समापन नवविवाहित जोड़ों के सुखद वैवाहिक जीवन की कामना के साथ संपन्न हुआ।

# जिलाधिकारी ने किया कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय देहात का निरीक्षण



**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

शुक्रवार को जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने नवनिर्मित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय देहात , सिसई का निरीक्षण कर छात्राओं को मिल रही सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्राओं से संवाद कर पढ़ाई, आवास, भोजन, स्वच्छता एवं सुरक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर, छात्रावास एवं कक्षाओं का अवलोकन करते हुए आवासीय सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं सुव्यवस्थित बनाए जाने के निर्देश दिए, ताकि छात्राओं को स्वच्छ, सुरक्षित एवं अनुकूल वातावरण में अध्ययन का अवसर मिल सके। उन्होंने कहा कि बालिका शिक्षा और उनका सर्वांगीण विकास प्रशासन की प्राथमिकता है और इस दिशा में किसी भी स्तर पर कमी नहीं आने दी जाएगी। बताते चले कि कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं को पूर्व में संचालित भवन से नव-निर्मित, आधुनिक भवन में सफलतापूर्वक शिफ्ट किया गया है। इसका उद्देश्य छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक वातावरण एवं सुरक्षित, सुविधायुक्त आवासीय व्यवस्था उपलब्ध कराना है। भवन में छात्राओं को स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर लैब, बेहतर आवासीय व्यवस्था तथा मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे उनकी शैक्षणिक गुणवत्ता और आत्मविश्वास में निरंतर वृद्धि होगी। इस दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मौजूद रहें।

# विज्ञान प्रदर्शनी में शामिल मेधावियों के लिए पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित


**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर के तहसील तुलसीपुर स्थित आदि शक्ति मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल में पूर्व में आयोजित किए गए विज्ञान प्रदर्शनी का पुरस्कार वितरण किया गया। जिसमें विद्यालय के कुल 117 छात्र-छात्राओं को उनके द्वारा बनाए गए आकर्षक विज्ञान मॉडल जैसे स्मार्ट सिटी,वैक्यूम क्लीनर, लेजर सिक्योरिटी वोल्कानो,चंद्रयान 3 का भव्य व आकर्षक मॉडल बनाए गए थे। प्रत्येक मॉडल का विशेष विशेषज्ञों द्वारा बच्चों ने बनाएं गए मॉडलो को देखा गया एवं उनके बारे में बच्चों से प्रश्न किया गया था उसी के आधार पर प्रत्येक मॉडल को अंक दिया गया था उसी अंक के आधार पर प्रथम द्वितीय तृतीय प्राप्त विद्यार्थियों को पुरस्कार का वितरण किया गया। इसके लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर डीपी सिंह के द्वारा छात्राओं को मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया साथ ही विद्यालय के प्रधानाचार्य ने यह भी बताया कि विद्यालय में नए सत्र में बच्चों का प्रवेश प्रारंभ हो चुका है और इसके लिए विद्यालय एक प्रवेश परीक्षा करने जा रहा है जिसमें अच्छे अंक प्राप्त करने वाले प्रथम 10 छात्रो को विद्यालय के तरफ से निशुल्क पुस्तके उपलब्ध कराई जाएगी। विज्ञान प्रतियोगिता के आयोजन में विद्यालय के समस्त अध्यापक अध्यापिकाओं का पूर्ण सहयोग रहा ज्ञानेश्वर नाथ मिश्रा,अलकेश वर्मा की देखरेख में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था।

# बीसीएम ग्रुप के एमडी अवंतिका शरावगी की मौजूदगी में एमपीयू के कार्य परिषद की ऑनलाइन बैठक

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**




जनपद बलरामपुर में नव सृजित मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर की कार्यपरिषद की एक महत्वपूर्ण ऑनलाइन बैठक शुक्रवार को कुलपति प्रोफ़ेसर रविशंकर सिंह के निर्देशानुसार संपन्न हुई। जानकारी के अनुसार 6 फरवरी को सुबह 11:30 बजे आयोजित इस बैठक में विश्वविद्यालय के प्रशासनिक ढांचे को मजबूत करने से जुड़े अहम मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। बैठक का मुख्य एजेंडा शासन द्वारा स्वीकृत गैर-शैक्षणिक पदों के अधियाचन (रिक्रूटमेंट) हेतु नियमावली को अंगीकृत कर सेवा चयन आयोग को प्रेषित करना रहा, जिस पर सर्वसम्मति से सहमति बनी। उद्योग जगत की चर्चित हस्ती बलरामपुर चीनी मिल समूह के प्रबंध निदेशिका अवंतिका शरावगी की सहभागिता को शिक्षा और उद्योग जगत के समन्वय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। उनकी उपस्थिति ने बैठक को न केवल प्रतिष्ठा प्रदान की, बल्कि भविष्य में विश्वविद्यालय और उद्योग जगत के बीच सहयोग की संभावनाओं को भी मजबूत किया ।विश्वविद्यालय प्रशासन का मानना है कि इस निर्णय से भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता, गुणवत्ता और निष्पक्षता सुनिश्चित होगी, जिससे संस्थान की कार्यप्रणाली और अधिक सुदृढ़ होगी। यह बैठक मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के प्रशासनिक सुधारों और संस्थागत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होती दिख रही है।

## खेल प्रतिभा का परचम: पीएमश्री कसिया पश्चिम सिराथू ने लगातार दूसरी बार जीती पीएमसी जनपद स्तरीय चैंपियनशिप



**जन एक्सप्रेस । कौशांबी**

जनपद के टेवा स्टेडियम में आयोजित पीएमश्री विद्यालयों की जनपद स्तरीय खेल प्रतियोगिता में पीएमश्री कसिया पश्चिम सिराथू विद्यालय ने एक बार फिर अपने खेल कौशल का लोहा मनवाया। विद्यालय ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप ट्रॉफी पर कब्ज़ा जमाया। गौरतलब है कि पिछले वर्ष भी यही विद्यालय चैंपियन रहा था, जिससे लगातार दो वर्षों से पीएम श्री कसिया पश्चिम सिराथू के खिलाड़ियों का जनपद स्तरीय प्रतियोगिताओं में वर्चस्व कायम है। यह उपलब्धि विद्यालय की सुदृढ़ खेल संस्कृति और विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत को दर्शाती है। प्रतियोगिता में छात्रों ने अनुशासन, जोश और टीम भावना का शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों व निर्णायकों को प्रभावित किया। इस अवसर पर पीएमश्री कसिया पश्चिम सिराथू के प्रधानाध्यापक सचिन कुमार ओझा, आलोक कुमार पटेल, ज्योतिराज संघ, प्रिया एवं प्रेम प्रकाश सहित अन्य शिक्षक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। प्रधानाध्यापक सचिन कुमार ओझा ने विजयी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों के निरंतर अभ्यास, शिक्षकों के मार्गदर्शन और विद्यालय में उपलब्ध सकारात्मक शैक्षिक-खेल वातावरण का परिणाम है। उन्होंने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आगे भी इसी तरह जनपद का नाम रोशन करने का आह्वान किया।

# ऊंचाहार में कांग्रेस नेता अतुल सिंह का जनसंपर्क अभियान, चौपालों में गूंजी आवारा पशु, बिजली और पानी की समस्याएं

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



कई गांवों में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी पीड़ा खुलकर रखी। जनसभाओं में आवारा पशुओं के बढ़ते आतंक, बिजली के बेतहाशा बिल, लो-वोल्टेज, जर्जर विद्युत तारों और गंभीर पेयजल संकट को लेकर लोगों की नाराज़गी साफ दिखाई दी। ऊंचाहार विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में कांग्रेस नेता अतुल सिंह ने चौपाल, नुक्कड़ सभा और जनसंपर्क अभियान चलाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान मेलथुवा, पुराना पुरवा, घूरी, तिवारीपुर, कटरा, चूली, साई टिकरिया, पड़रिया सहित कई गांवों में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी पीड़ा खुलकर रखी। जनसभाओं में आवारा पशुओं के बढ़ते आतंक, बिजली के बेतहाशा बिल, लो-वोल्टेज, जर्जर विद्युत तारों और गंभीर पेयजल संकट को लेकर लोगों की नाराज़गी साफ दिखाई दी। ग्रामीणों ने बताया कि छुट्टा पशुओं के कारण खेती-किसानी चौपट होती जा रही है। किसान रात-रात भर खेतों की रखवाली करने को मजबूर हैं, इसके बावजूद फसलें सुरक्षित नहीं रह पा रही हैं। वहीं बिजली विभाग पर मनमानी का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने कहा कि बिना खपत के भारी-भरकम बिल थमाए जा रहे हैं। किसी का दो लाख, किसी का डेढ़ लाख तो किसी परिवार पर पांच लाख रुपये तक का बिजली बिल आ गया है, जिससे आम आदमी परेशान है। कांग्रेस नेता अतुल सिंह ने ग्रामीणों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए कहा कि ऊंचाहार की जनता आज मूलभूत सुविधाओं से वंचित है और शासन-प्रशासन उनकी समस्याओं के प्रति उदासीन बना हुआ है। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग की लापरवाही और किसानों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अतुल सिंह ने आश्वासन दिया कि वह इन मुद्दों को लेकर संबंधित अधिकारियों से बात करेंगे और जनता को राहत दिलाने के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेंगे। उन्होंने क्षेत्रीय विधायक पर निष्क्रियता का आरोप लगाते हुए कहा कि जनता की समस्याओं को नजरअंदाज किया जा रहा है। साथ ही मनरेगा को कमजोर करने की कथित साजिश का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इसे बचाने के लिए राहुल गांधी और प्रियंका गांधी लगातार संघर्ष कर रहे हैं। अतुल सिंह ने कहा, 'मैं ऊंचाहार की जनता के मान-सम्मान और स्वाभिमान की लड़ाई लड़ता रहूंगा। राजनीति से ऊपर उठकर जनता की सेवा करना मेरा संकल्प है। 'इस मौके पर जसवंत सिंह चौहान, कांग्रेस मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र त्यागी, अखिलेश यादव, नरेंद्र सिंह, धनंजय सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# रायबरेली में पत्नी के दूसरे युवक के साथ भाग जाने से आहत पति चढ़ा हाई टेंशन लाइन के खंभे पर

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

उत्तर प्रदेश के रायबरेली जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना ने इलाके में हड़कंप मचा दिया। चार महीने पहले अपनी पत्नी के किसी दूसरे युवक के साथ भाग जाने से आहत एक युवक ने हाई टेंशन बिजली लाइन के ऊंचे खंभे (टावर) पर चढ़कर आत्महत्या की धमकी दी। यह घटना डीह ब्लॉक के बुधई गांव (पूरे फुर्सत मजरे डीह क्षेत्र) में बृहस्पतिवार शाम को हुई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। युवक का नाम रवींद्र बताया जा रहा है। चार महीने पहले उसकी पत्नी किसी अन्य युवक के साथ चली गई थी, जिससे वह गहरा सदमे और मानसिक तनाव में था। बृहस्पतिवार की शाम वह अचानक हाई टेंशन लाइन के टावरनुमा खंभे पर चढ़ गया। खंभा काफी ऊंचा है और उस पर हाई वोल्टेज तार गुजर रहे हैं, जिससे जान का गंभीर खतरा बना हुआ था। युवक खंभे पर चढ़कर पत्नी को वापस बुलाने की मांग करने लगा और आत्महत्या की धमकी देने लगा। ग्रामीणों ने देखते ही अफरा-तफरी मच गई, लोग इकट्ठा हो गए और पुलिस को सूचना दी। पूरा माहौल दहशत भरा हो गया, क्योंकि एक छोटी सी चूक से युवक की जान जा सकती थी। सूचना मिलते ही डीह पुलिस और स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंचे। पुलिस ने युवक को समझा-बुझाकर, परिवार वालों और ग्रामीणों की मदद से काफी देर तक बातचीत की। आखिरकार युवक मान गया और सुरक्षित नीचे उतर आया। किसी तरह की कोई चोट या हादसा नहीं हुआ, लेकिन घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी। पुलिस ने युवक को काउंसलिंग के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी है। परिवार वालों का कहना है कि पत्नी के जाने के बाद युवक मानसिक रूप से परेशान था, जिसके कारण उसने ऐसा कदम उठाया।

# नियोजन विभाग द्वारा संचालित ओ0टी0डी0 (वन ट्रिलियन डॉलर) को लेकर जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में गठित ओ0टी0डी0 सेल की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद स्तर पर वन ट्रिलियन डॉलर योजना के अन्तर्गत किये जा रहे प्रयासों तथा ओ0टी0डी0 सेल के गठन के उद्देश्य के सम्बन्ध में जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये जिले स्तर से किये जा रहे प्रयास प्रदेश की अर्थव्यवस्था को प्रतिविम्बित करेंगे। इसके लिये आवश्यक है कि जिले स्तर के आंकडे उच्च गुणवत्ता पूर्ण हो। प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डालर बनाने के लिये जिला स्तर पर अर्थव्यवस्था के प्राथमिक, द्वितीय, एवं तृतीय, क्षेत्र में जिले के योगदान को परिलक्षित करने के लिये आवश्यक है कि सभी सम्बन्धित विभाग आंकड़ो की गुणवत्ता की स्वतः समीक्षा करते हुये अपने विभागीय पोर्टल पर गुणवत्तापूर्ण आंकड़ों को फीड करना सुनिश्चित करें, जिससे जिले का वास्तविक योगदान परिलक्षित हो। बैठक में प्राथमिक क्षेत्र के कृषि विभाग से दलहन एवं मिलेटस की उत्पादकता कम परिलक्षित होने के कारण, इनकी उत्पादकता को बढ़ाने के सम्बन्ध में आवश्यक प्रयास किये जाने हेतु चर्चा की गयी तथा अन्य सम्बंधित अधिकारीयों को निर्देशित किया गया कि ओ0टी0डी0 सेल के उद्देश्य के अनुसार राज्य की अर्थव्यवस्था को बन ट्रिलियन डालर बनाने के लिये जिले स्तर पर सकरात्मक प्रयास किये जाए। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया की जनपद की कुछ महत्वपूर्ण योजनाओ को चिन्हित किया जाये, जिससे उनकी प्रगति के लिए प्रयास कर वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी के लक्ष्य कि प्राप्ति के लिए जनपद का योगदान दिया जा सके।

# यूजीसी रेगुलेशन 2026 पर रोक के विरुद्ध प्रतिवाद

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

आज इंकलाबी नौजवान सभा ,आल इंडिया लॉयर्स एसोसिएशन फॉर जस्टिस और आल इंडिया स्टूडेंट एसोसिएशन ( आइसा) ने लैंगिक और जातिगत भेदभाव के खिलाफ यूजीसी इक्विटी रेगुलेशन को प्रभावी और सशक्त बना कर लागू करने के संबंध में बाबा साहब अम्बेडकर प्रतिमा से जिलाधिकारी कार्यालय तक जुलूस निकाला। जिलाधिकारी कार्यालय पर सभा की। सभा को संबोधित करते हुए इंकलाबी नौजवान सभा राज्य उपाध्यक्ष और भाकपा (माले ) जिला सचिव हनोमान अम्बेडकर ने कहा कि माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में लैंगिक और जातिगत भेदभाव के खिलाफ यूजीसी इक्विटी रेगुलेशन 2026 पर अस्थाई रूप से रोक लगाया जाना केंद्र सरकार की दोहरी मंशा को स्पष्ट करता है । सरकार ने न्यायालय में सुनवाई के दौरान कोई प्रतिवाद नहीं किया । उन्होंने कहा कि आश्चर्य जनक है कि माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा ही रोहित बेमुला की मां और पायल तडवी के परिजनो की याचिका पर पारित आदेश के क्रम में बने इस रेगुलेशन को और सुदृढ़ करने का आदेश देने के बजाय उच्चतम न्यायालय द्वारा यह फैसला लैंगिक और जातिगत भेदभाव के बढ़ते मामलों के तथ्यों को अनदेखी करते हुए लिया गया। आइलॉज जिलाअध्यक्ष सुरेश शर्मा एडवोकेट ने कहा कि इस फैसले में दुरुपयोग होने को आधार बना करके समानता की ओर बढ़े कदम पर रोक लगा दी गई है। जबकि यह एक स्थापित तथ्य है कि दुरुपयोग होने की संभावना सभी कानूनो में होती है।



## खुद को मिस्टर इंडिया समझते हैं तलविंदर

# दिशा पाटनी

## से इश्क लड़ाने पर कह दी ऐसी बात

नपिछले कुछ समय से पंजाबी गायक और गीतकार तलविंदर सिंह सिद्धू चर्चा में हैं. वैसे तो वो इसलिए सुर्खियों में रहते आए हैं क्योंकि वो हमेशा ही मास्क में नज़र आते हैं. इसके अलावा बीते कुछ वक्त से तलविंदर एक्ट्रेस दिशा पाटनी से नजदीकियों की वजह से भी सुर्खियां बटोर रहे हैं. तलविंदर के गाने और स्टेज परफॉर्मेंस पर लोग मिर मिटते हैं. पंजाबी सिंगर होने के बावजूद पूरे देश में उनकी फैन फोलोइंग है. अब तलविंदर ने एक इंटरव्यू दिया है, जिसमें उन्होंने कई सवालों के जवाब दिए हैं. उन्होंने इस दौरान दिशा पाटनी से अपने रिश्ते पर भी बात की है.

तलविंदर ने हॉलीवुड रिपोर्टर को इंटरव्यू दिया है. इस दौरान उन्होंने अपना चेहरा छुपाने पर भी बात की. उन्होंने बताया कि वो खुद को मिस्टर इंडिया जैसा महसूस करते हैं. तलविंदर कहते हैं, जब लोग नहीं जानते हैं कि वो किससे बात कर रहे हैं, तो आप उनके असली रंग देख सकते हैं. मैं कोविड के दूसरे वेव के दौरान भारत आया था. क्योंकि मैं चाहता था कि मैं पूरी तरह से संगीत में घुल जाऊं. मैं अपने घर पर बैठकर लोगों को




ईमेल नहीं भेजना चाहता था, मैं चाहता था कि खुद उनसे मिलूं. इसलिए मैं भारत आया. तलविंदर बताते हैं, म्यूजिक इंडस्ट्री में मैं कई लोगों से मिला. मिलता रहा. ज्यादातर बार मैंने उन्हें बताया ही नहीं कि मैं कौन हूं. मैं बस बातें करता रहा. इसी तरह आपको बता चलता है कि लोग कैसे हैं. पर जैसे ही कोई और या मैं अपना नाम बताता हूं तो सामने वाला तुरंत बदल जाता है. टोन बदल जाती है.

**मिस्टर इंडिया जैसा महसूस होता है...**

तलविंदर कहते हैं, इससे मुझे मिस्टर इंडिया जैसा महसूस होता है. आपने अनिल कपूर की वो फिल्म देखी होगी? इस तरह से है कि मैं बटन ऑन करता हूं और गायब हो जाता हूं. ये इस तरह से ही रहा है. मैं हमेशा उड़ते रहने का स्ट्रेस नहीं लेना चाहता, ये नहीं चाहता कि जिस काम में मैं हूं, उसमें हमेशा टॉप पर ही रहूं. कई बार आपका बुरा दिन होता है. कभी कभी आपका मन नहीं करता कि आप तैयार हों, कभी कभी आप लोगों का सामना नहीं करना चाहते या उनसे बातें नहीं करना चाहते हैं. मुझे लगता है कि ये एक सुविधा है और आशीर्वाद जैसा है कि मैं दोनों (लुक) में से कोई एक चुन सकता हूं.

**दिशा पाटनी से रिश्ते पर क्या बोले ?**

क्या तलविंदर दिशा पाटनी को डेट कर रहे हैं? इस सवाल पर वो कहते हैं, शादी के तुरंत बाद हम एक दूसरे से मिले थे. फिर ये सब अटेंशन (मिलने लगी). हमें एक साथ देख लिया गया. फिर हमने सोचा कि हम इन प्रेशर और रूमर्स में नहीं फंसेगे, और जो जैसा है वैसा ही रहेगा.



# मीनाक्षी चौधरी

## का कटा पत्ता! अब जॉन अब्राहम के साथ 'फोर्स 3' में होगी ये एक्ट्रेस

2026 में बड़े पर्दे पर खूब सारा एक्शन होने वाला है, जिसकी शुरुआत पहले ही महीने से हो भी चुकी है. इन एक्शन फिल्मों में जॉन अब्राहम की पिक्चर भी शामिल है. पहले वो रोहित शेट्टी की बायोपिक में दिखेंगे, जिसका लगभग काम कंप्लीट हो चुका है. हालांकि, कुछ वक्त पहले ही उनकी 'फोर्स' फ्रेंचाइजी की तीसरी किस्त का अनाउंसमेंट हुआ था, जिसकी शूटिंग इसी साल से होगी. इस बार फिल्म में काफी सारे बदलाव हो गए हैं. लेकिन जॉन अब्राहम के साथ हर्षवर्धन राणे भी होंगे. जिनकी एंट्री खुद जॉन ने करवाई है और इस बात को हर्षवर्धन ने इंस्टाग्राम स्टोरी से कंफर्म किया. उनकी 'एक दीवाने की दीवानियत' के बाद एक्टर को बड़ा मौका मिला. हालांकि, कुछ समय पहले पता लगा था कि जॉन अब्राहम के अपोजिट मीनाक्षी चौधरी फिल्म का हिस्सा होंगी. लेकिन उन्हें इस एक्ट्रेस ने रिप्लेस कर दिया.




जॉन अब्राहम एक बार फिर से टफ पुलिस ऑफिसर-एक यशवर्धन का रोल निभाने को तैयार हैं. यूं तो इस 'फोर्स' सीरीज को हाई ऑक्टेन एक्शन और देशभक्ति के अंदाज के लिए जाना जाता है. जिसकी शुरुआत साल 2011 में हुई थी, जब पहला पार्ट रिलीज हुआ था. साथ ही 2016 में रिलीज हुए सीक्वल में फिल्म का स्केल और एक्शन अपील पहले से ज्यादा था. अब यह कॉप एक्शन प्रॉपर्टीज में से एक बन गई. फिल्म के तीसरे पार्ट को भव धूलिया डायरेक्ट करेंगे, जिसका अभी डेवलपमेंट हो रहा है. लेकिन शूटिंग कुछ वक्त बाद ही शुरू की जाएगी.

**जॉन की 'फोर्स 3' में किसकी एंट्री हो गई ?**

हाल ही में एक न्यूज वेबसाइट पर रिपोर्ट छपी. जिससे पता लगा कि जॉन अब्राहम के अपोजिट स्नशह्ष्द्ध 3 में तानिया मानिकतला को साइन किया गया है. जो फिल्म में बतौर फीमेल लीड नजर आएंगी. हालांकि, उनसे पहले पिक्चर में मीनाक्षी चौधरी की एंट्री की खबरें थी. पर अब उनका पत्ता कट गया है. दरअसल तान्या ने अपने हाल ही के परफॉर्मेंस से सबका ध्यान खींचा था. वो लक्ष्य के साथ फिल्म 'किल' में भी थीं, जो उनकी लव इंटरेस्ट का किरदार कर रही थीं. साथ ही मीरा नायर की 'ए सूटेबल बॉय' जैसे क्रिटिकली एक्लेम्ड डिजिटल प्रोजेक्ट्स के लिए काफी तारीफ बटोर चुकी हैं. हालांकि, उनकी एंट्री से फिल्म में एक फ्रेश और दमदार जोड़ी देखने को मिलेगी. दरअसल उनकी 'किल' ने 100 करोड़ का बिजनेस किया था और सबका ध्यान खींचा था.

## एक्ट्रेस ही नहीं, बेहतरीन सिंगर भी हैं ऐश्वर्या राय, इस एक्टर के सामने गाया था गाना




ऐश्वर्या राय एक बेहीतरीन अदाकारा हैं, इस बात में कोई दो राय नहीं है. बतौर मॉडल ग्लैमर वर्ल्ड में एंट्री लेने वाली ऐश्वर्या ने साल 1994 में मिस वर्ल्ड का खिताब अपने नाम किया था. इसके बाद 1997 में उनका एक्टिंग सफर शुरू हुआ था. बॉलीवुड में बड़ी और खास पहचना रखने वाली ऐश्वर्या ने हॉलीवुड में भी काम किया. देश-दुनिया ने उनकी एक्टिंग के हुनर को सलाम किया है, लेकिन एक बेहतरीन एक्ट्रेस होने के साथ-साथ ऐश्वर्या एक शानदार सिंगर भी हैं. उनका एक पुराना वीडियो देखने के बाद आप भी उनकी तारीफ में इन्हीं शब्दों का इस्तेमाल करेंगे.सोशल मीडिया पर आए दिन सेलेब्स के पुराने वीडियो सुर्खियों में रहते हैं. फिलहाल हम आपके लिए ऐश्वर्या राय का एक कई साल पुराना वीडियो लेकर आए हैं. इसमें एक्ट्रेस के हिडन टैलेंट को आप देख सकते हैं. ऐश्वर्या इसमें एक गाना गाती हुई नजर आ रही हैं. उनकी आवाज को सुनने के बाद आपको लगेगा कि ये ऐश्वर्या नहीं, बल्कि कोई प्लेबैक सिंगर गा रही हैं. चलिए एक नजर डालते हैं ऐश्वर्या की सिंगिंग के टैलेंट पर.

**ऐश्वर्या ने गाया था ये गाना**

एक बार ऐश्वर्या राय अभिनेता चंद्रचूड़ सिंह के साथ दिवंगत अभिनेता फारूक शेख के शो 'जीना इसी का नाम है' पर पहुंची थीं. तब एक्ट्रेस ने दर्शकों को अपनी सिंगिंग से दीवाना बना लिया था. उन्होंने शो पर 'मेरी सांसों में बसा है तेरा ही एक नामज्' गाना गाया था.

इसके बाद एक्ट्रेस ने मुस्कुराते हुए कहा था कि वो काफी नर्वस हो रही हैं. बता दें कि ये गाना ऐश्वर्या की बॉलीवुड डेब्यू फिल्म 'और प्यार हो गया है' का है. ये पिक्चर साल 1997 में रिलीज हुई थी. जबकि इससे पहले उनका एक्टिंग डेब्यू इसी साल आई तमिल फिल्म 'इरुवर' से हुआ था.

**इस फिल्म में ऐश्वर्या-चंद्रचूड़ ने किया था साथ काम**

ऐश्वर्या राय और चंद्रचूड़ सिंह ने साथ में साल 2000 में आई फिल्म 'जोश' में काम किया था. इस पिक्चर का हिस्सा शाहरुख खान भी थे.

26 साल पुरानी इस फिल्म का डायरेक्शन मंसूर खान ने किया था. हालांकि ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाल नहीं कर पाई थी. इसने सिर्फ 17 करोड़ रुपये कमाए थे. जबकि इसका बजट ही 16 करोड़ रुपये था.

## आलिया भट्ट के पति बनेंगे राजकुमार राव? 'दृश्यम 2' का डायरेक्टर बना रहा ये तगड़ी फिल्म




बॉलीवुड पर राज कर रहीं आलिया भट्ट के पास इस वक्त कई बड़ी फिल्में हैं. इस साल वो लव एंड वॉर और अल्फा जैसी बिग बजट फिल्मों में नज़र आएंगी. अब खबर है कि आलिया ने एक और बड़ी फिल्म साइन कर ली है. इस फिल्म को अभिषेक पाठक बना रहे हैं, जिन्होंने अजय देवगन की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'दृश्यम 2' बनाई थी. खास बात ये है कि इस पिक्चर में आलिया भट्ट की जोड़ी राजकुमार राव के साथ बनने वाली है.वैरायटी इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक आलिया भट्ट की इस फिल्म का नाम 'हाउसवाइफ' होगा और ये एक लव स्टोरी ड्रामा होगी. फिल्म में आलिया एक हाउसवाइफ का रोल निभाएंगी और इसकी कहानी जिंदगी में आने वाली दिक्कतों के इर्द गिर्द घूमेगी. इस रिपोर्ट में बताया गया है कि फिल्म के मेल लीड के तौर पर मेकर्स ने राजकुमार राव को अप्रोच किया है. हालांकि अब तक उन्होंने फिल्म के लिए हां नहीं किया है.

**आलिया-राजकुमार की साथ में पहली फिल्म**

आलिया भट्ट और राजकुमार राव को इंडस्टी में आए हुए कई साल हो गए हैं, लेकिन दोनों ने किसी भी फिल्म में साथ में काम नहीं किया है. ऐसे में अगर इस फिल्म के लिए राजकुमार हां करते हैं और अन्य कोई समस्या पैदा नहीं होती है तो फैंस को पहली बार पर्दे पर दोनों की जोड़ी साथ दिखाई देगी.

**आलिया होंगी को-प्रोड्यूसर**

रिपोर्ट में कहा गया है कि आलिया सिर्फ फिल्म में लीड एक्ट्रेस ही नहीं होंगी, बल्कि वो इस फिल्म की को-प्रोड्यूसर भी होंगी. आलिया इटरनल सनशाइन प्रोडक्शन्स और अभिषेक पाठक के पैनोरमा स्टूडियोज़ के साथ इसे को-प्रोड्यूस करेंगी. फिल्म की शूटिंग इसी साल अगस्त-सितंबर में शुरू होने की उम्मीद है. तब तक अभिषेक पाठक अजय देवगन की दृश्यम 3 की शूटिंग पूरी कर लेंगे. ये दृश्यम का आखिरी पार्ट होगा.

**आलिया क्या कर रहीं ?**

आलिया भट्ट इन दिनों संजय लीला भंसाली की 'लव एंड वॉर' और वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की पहली फीमेल फिल्म 'अल्फा' में बिज़ी हैं. 'लव एंड वॉर' में आलिया के साथ रणबीर कपूर और विकी कौशल नज़र आएंगे. वहीं 'अल्फा' का हिस्सा शरवरी वाघ, अनिल कपूर और बॉबी देओल जैसे कलाकार हैं. आलिया की पिछली रिलीज़ 'जिगरा' थी. हालांकि फिल्म कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी थी.

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# आखिर घाटे वाले विदेश व्यापार को मुनाफे वाले कारोबार में कब और कैसे बदलेगा भारत?

**दरअसल, यह घाटा ऊर्जा आयात, इलेक्ट्रॉनिक्स और कच्चे माल की उच्च निर्भरता के कारण बढ़ रहा है। बताया जाता है कि उपर्युक्त देशों से घाटे के कारण रणनीतिक तैयारियों में कमियां और भीतरघात की सियासत व कूटनीति है। इन देशों से व्यापार घाटा का मतलब है कि भारत में इन देशों से आयात ज्यादा है, जबकि इन देशों को भारत से निर्यात कम होने से है, खासकर ऊर्जा (तेल 80% आयातित) और मैन्युफैक्चरिंग इनपुट्स क्षेत्र में। जहां चीन के साथ संकीर्ण निर्यात (कच्चा माल), बाजार बाधाएं, और सस्ते आयात की समस्या है।**

*भारत की सियासत 'वैचारिक अकाल' से पीड़ित है, जिसका असर हमारे घरेलू कारोबार के अलावा विदेश व्यापार पर भी स्पष्ट दिखाई देता है। सच कहूं तो राष्ट्र की 'आर्थिक स्वायत्तता' ही चीन और रूस जैसे देशों के समक्ष गिरवी प्रतीत हो रही है। यह ठीक है कि रूस हमारा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मददगार मित्र है, जिसके द्वारा शोषण किया जाना स्वाभाविक है। लेकिन चीन जैसे मजबूत और पड़ोसी शत्रु देश को इतना भारी कारोबारी लाभ देने के बावजूद यदि हम उसे अपना मित्र नहीं बना पाए तो यह बात सिर्फ यही चुगली करती है कि हमारी आंतरिक दलित और पिछड़ी नीतियों की वजह से भारत रणनीतिक रूप से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी पिछड़ता प्रतीत होता हैं। यही वजह है कि आर्थिक विशेषज्ञ यह सवाल दाग रहे हैं कि आखिर घाटे वाले विदेश व्यापार को मुनाफे वाले अंतरराष्ट्रीय कारोबार में कब और कैसे बदलेगा भारत? देखा जाए तो भारत का विदेश व्यापार वर्तमान में भारी घाटे में है, जो दिसंबर 2025 में 25 अरब डॉलर तक पहुंच गया। विपरीत स्थिति यानी कारोबारी घाटा चीन, रूस, यूएई और इराक जैसे 75 देशों के साथ है जहां व्यापार घाटा हमेशा बना रहता है, क्योंकि यहां से आयात निर्यात से बहुत ज्यादा होता है। इसलिए हमारा सरकारी प्रयास निर्यात बढ़ाने पर केंद्रित हैं, लेकिन अधिशेष (सर्विस ट्रेड को छोड़कर गुड्स ट्रेड में) प्राप्त करने का कोई निश्चित समयसीमा नहीं है। वर्तमान स्थिति में भारत का व्यापार घाटा एफवाई 2026 के पहले क्वार्टर में एफटीए देशों के साथ 59% बढ़कर चिंताजनक स्तर पर पहुंच गया, जहां निर्यात 9% गिरा और आयात 10% बढ़ा। आंकड़े बताते हैं कि दिसंबर 2025 में यह 25.04 अरब डॉलर रहा, जबकि अनुमान 2027 तक -32 अरब डॉलर का है। यानी वर्तमान के साथ साथ निकट भविष्य भी अंधकारमय है। खासकर रूस, चीन और आसियान जैसे साझेदारों के साथ ही घाटा प्रमुख समस्या बनी हुई है। रूस तो भारत का भरोसेमंद मित्र है, हथियार व तकनीकी आपूर्तिकर्ता है। लेकिन चीन के खिलाफ आसियान देश समूह को संतुलित करने/रखने की नीति हम पर अब भारी महसूस हो रही है। लुक ईस्ट की नीति भी सफेद हाथी साबित हुई। हां, लाभ देने वाले पश्चिमी देशों को यदि विकल्प दिखाकर काबू में रखना है तो फिर कुछ नहीं कहना। क्योंकि यूरोपीय संघ से मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) होते ही अमेरिकी अकड़ ढीली पड़ गई और उसके साथ भी एफटीए हो गया। हालांकि भारत की कारोबारी चुनौतियाँ यह हैं कि चीन, रूस और कोरिया के अलावा स्विट्जरलैंड, यूएई, इराक जैसे देशों से आयात अधिक है, जबकि अमेरिकी कूटनीतिक व रणनीतिक टैरिफ ने निर्यात प्रभावित किया, जबकि अब इसका खतरा टल गया है क्योंकि अमेरिका ने टैरिफ घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया है। वहीं, एफटीए के बावजूद आसियान निर्यात गिरा, और सोना-तेल आयात घाटा बढ़ा रहा। मसलन, लॉजिस्टिक्स, अनुपालन लागत और वैश्विक टैरिफ हमारे विदेश व्यापार की प्रमुख बाधाएँ हैं। फिर भी भविष्य की संभावनाएँ बरकरार हैं। खासकर घाटा कम करने के लिए निर्यात विविधीकरण, जीवीसी एकीकरण और अवसंरचना सुधार आवश्यक हैं, लेकिन पूर्वानुमान 2027 तक भी घाटा दिखाते हैं। कहना न होगा कि भारत का विदेश व्यापार घाटा मुख्य रूप से चीन, रूस, स्विट्जरलैंड, यूएई और सऊदी अरब जैसे देशों के साथ है।*

### एक्सप्रेस आलेख

**पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के पास फुर्सत नहीं है कि वह महाराष्ट्र या किसी अन्य राज्य की राजनीति के बारे में स्थानीय जरूरतों के लिहाज से सोचे और स्थानीय समुदायों के लिए उन्हीं के बीच से प्रभावी नेतृत्व उभारे। रणनीतिक लिहाज से देखें तो महाराष्ट्र में बीजेपी सभी दलों पर एक बार फिर बीस पड़ती नजर आ रही है। उसने सुनेत्रा को अपने खेमे में लाकर एक तीर से दो निशाने साध लिए हैं। उसने एनसीपी की ओर निश्चिंतता हासिल कर ली है, शरद पवार को एक बार फिर किनारे रखने में सफल हुई है और अपने लिए खतरा बनने की शरद की संभावनाओं को एक तरह से नेस्तनाबूद कर दिया है। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई देश की आर्थिक राजधानी भी है।**

# सत्ता की निष्कंटक राह बरास्ते सुनेत्रा की ताजपोशी



**उमेश चतुर्वेदी**

**सुनेत्रा को अपने खेमें में लाकर बीजेपी ने शरद की इस बची-खुची चुनौती भी खत्म करने में कामयाब रही है। सुनेत्रा के साथ से एकनाथ शिंदे के लिए महायुति से बाहर निकलने की सोचना या बीजेपी पर दबाव बढ़ाने का मौका खत्म हो जाता है। कुछ ऐसी ही स्थिति शिंदे के साथ के चलते सुनेत्रा की भी रहेगी। बीजेपी सुनेत्रा के जरिए शिंदे को संतुलित करेगी तो शिंदे के जरिए सुनेत्रा को काबू में रखेगी।**

राजनीति जज्बात से नहीं, हालात के हिसाब से चलती है। महाराष्ट्र में सुनेत्रा पवार का शपथ ग्रहण इसका उदाहरण है। सुनेत्रा के आंसू अभी सूखे भी नहीं, पति अजित पवार के निधन के शोक से उबरना तो दूर की बात है। फिर भी उन्होंने सियासी तकाजे को ही प्राथमिकता दी और महाराष्ट्र की पहली महिला उपमुख्यमंत्री बनकर इतिहास रच दिया। पारिवारिक वज्रपात के बीच सिंहासन पर बैठने को लेकर उनकी आलोचना स्वाभाविक है, क्योंकि समाज के सोचने का अपना ढंग है। सियासी हस्तियों से भी उसे सामाजिक परंपराओं और पारिवारिक संस्कारों को अपनाने की उम्मीद रहती है। सुनेत्रा सामाजिक सवालों से बच नहीं सकतीं। लेकिन सवाल यह है कि सुनेत्रा की ताजपोशी से महाराष्ट्र की राजनीति पर क्या प्रभाव पड़ने जा रहा है? प्रश्न यह भी उठता है कि आखिर क्या वजह रही कि सुनेत्रा ने आनन-फानन में शपथ ले ली। महाराष्ट्र के राजभवन में जनवरी महीने के आखिरी दिन जो राजनीतिक इतिहास रचा गया, उसकी कहानी किसने लिखी थी। महाराष्ट्र में भले ही शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को पिछले विधानसभा चुनाव में सफलता नहीं मिली हो, लेकिन राज्य की राजनीति के सबसे मंजे हुए खिलाड़ी शरद पवार हैं। यह बात छुपी हुई नहीं है कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के दोनों धड़ों के बीच सुलह और एकीकरण की बात चल रही थी। शरद पवार तो खुलकर स्वीकार भी कर चुके हैं कि उनकी ओर से जयंत पाटिल, अजित पवार से बात कर रहे थे। कहा तो यहां तक जा रहा है कि 12 फरवरी को दोनो पार्टियों के विलय पर अजित और शरद में सहमति हो चुकी थी। लेकिन अजित के न रहने के बाद समीकरण बदल गए। अजित के साथ गए अहम नेताओं प्रफुल्ल पटेल, आर आर पाटिल और सुनील तटकरे जैसे नेताओं की आशंकाएं बढ़ गईं। उन्हें डर था कि अगर विलय हुआ तो शरद पवार की पार्टी पर नियंत्रण बढ़ जाएगा। इसके चलते सुप्रिया सुले की पार्टी पर पकड़ बढ़ जाएगी। सुप्रिया के नियंत्रण में इन नेताओं का काम करना असहज होता। प्रफुल्ल कभी शरद पवार के बेहद नजदीकी होते थे। अजित के साथ जाकर एक तरह से उन्होंने शरद पवार के साथ दगाबाजी ही की है। उन्हें ज्यादा आशंका थी कि विलय के बाद पार्टी पर पकड़ होने के चलते शरद के बहाने सुप्रिया का चाबुक उन पर चल सकता है। लेकिन अगर पार्टी अलग रहती है और सुनेत्रा के हाथ कमान रहती है तो इन नेताओं की सियासी सेहत बनी और बची रह सकती है। यही वजह है कि अजित के निधन के चलते हुए आधिकारिक शोक की मियाद खत्म होते ही प्रफुल्ल पटेल, सुनील तटकरे जैसे नेता सक्रिय हो गए। विधायक दल की बैठक बुलाई गई और सुनेत्रा को तत्काल उसका नेता चुनकर उप मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के लिए तैयार कर लिया गया। शरद पवार भले ही इस सियासी पटकथा का लेखक सुनील तटकरे और



**महाराष्ट्र में भले ही शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को पिछले विधानसभा चुनाव में सफलता नहीं मिली हो, लेकिन राज्य की राजनीति के सबसे मंजे हुए खिलाड़ी शरद पवार हैं। यह बात छुपी हुई नहीं है कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के दोनों धड़ों के बीच सुलह और एकीकरण की बात चल रही थी।**

प्रफुल्ल पटेल को मानते हों, लेकिन महाराष्ट्र के सियासी हलकों में कहा जा रहा है कि असल में यह पटकथा राज्य की बीजेपी ने लिखा है। पटेल और तटकरे जैसे नेताओं ने सिर्फ इसे अमल में लाने में भूमिका निभाई है। सवाल उठ सकता है कि अगर सुनेत्रा शपथ नहीं लेतीं तो क्या बीजेपी की सियासी सेहत गड़बड़ा सकती थी, क्योंकि राज्य में बीजेपी के 132 और एकनाथ शिंदे की अगुआई वाली शिवसेना के 57 विधायक हैं। राज्य में बहुमत के लिए महज 145 सीटें चाहिए होती हैं। इस लिहाज से देखें तो बीजेपी की अगुआई वाली सरकार को कोई खतरा नहीं होने जा रहा था। अजित समेत एनसीपी के 41 विधायक पिछले चुनाव में चुने गए हैं। अजित के न रहने पर यह संख्या 40 रह गई है। लेकिन बीजेपी की चिंता दूसरी है। शरद पवार की राजनीतिक स्थिति भले ही ठीक ना हो, लेकिन जैसे ही दोनों एनसीपी का विलय होता, शरद ताकतवर होकर उभरते। महाराष्ट्र का यह चाणक्य एक बार फिर स्थापित होता और बीजेपी के लिए नई सिरदर्दी खड़ी हो जाती। शरद पवार इतने प्रभावी और सियासी रूप से तिकड़मी हैं कि बीजेपी के लिए संकट बनकर उभर जाते। उनकी प्रभावी सक्रियता के चलते शिवसेना के गुटों को भी एक करने की वे कोशिश कर सकते थे। भले ही यह सोच कल्पना लग रही हो, लेकिन एकबारगी स्वीकार कर लें कि ऐसा होता तो महाराष्ट्र की राजनीति कैसी होती। महाराष्ट्र में जिला परिषदों के चुनाव हो रहे हैं। पहले विधानसभा और बाद में स्थानीय निकाय चुनावों में कांग्रेस की अगुआई वाली महाविकास अघाड़ी को सफलता नहीं मिली। अजित पवार के न रहने के चलते कांग्रेस को सक्रिय होना चाहिए था। अजित की अगुआई वाले जिला परिषद उम्मीदवार उनके न रहने की वजह से थोड़े आशंकित और निराश भी हैं। इस निराशा को कांग्रेस भुना सकती थी। वह एनसीपी के उम्मीदवारों पर डोरे डाल सकती थी और अपने उम्मीदवारों को नए जोश से भर सकती थी। अजित बेशक सत्ता में थे, लेकिन उन्हें विपक्षी खेमे के लिए अब भी हसरतभरी निगाह से ताकतवर नेता के रूप में देखा जा रहा था। अजित के न रहने के बाद विपक्षी नेतृत्व के लिए आसमान खुल गया है। शरद पवार की उम्र हो गई है। शरद के बाहर जाने के बाद से ही कांग्रेस राज्य में कमजोर हुई है। सुप्रिया सुले का नेतृत्व ऐसा नहीं है कि वह राज्यव्यापी प्रभाव हासिल कर पाए। यह माहौल कांग्रेस के लिए ज्यादा उपयुक्त हो सकता है। ऐसे माहौल में कांग्रेस को अपने ताकतवर नेतृत्व को स्थानीय स्तर पर आगे लाना चाहिए था। लेकिन वह ऐसा करती नहीं दिख रही। 2014 के बाद से उसने जिस नैरेटिव युद्ध की शैली को अपनाया है, राष्ट्रीय स्तर पर उसी युद्ध प्रक्रिया को जारी रखे हुए है। पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के पास फुर्सत नहीं है कि वह महाराष्ट्र या किसी अन्य राज्य की राजनीति के बारे में स्थानीय जरूरतों के लिहाज से सोचे और स्थानीय समुदायों के लिए उन्हीं के बीच से प्रभावी नेतृत्व उभारे। रणनीतिक लिहाज से देखें तो महाराष्ट्र में बीजेपी सभी दलों पर एक बार फिर बीस पड़ती नजर आ रही है। उसने सुनेत्रा को अपने खेमे में लाकर एक तीर से दो निशाने साध लिए हैं। उसने एनसीपी की ओर निश्चिंतता हासिल कर ली है, शरद पवार को एक बार फिर किनारे रखने में सफल हुई है और अपने लिए खतरा बनने की शरद की संभावनाओं को एक तरह से नेस्तनाबूद कर दिया है। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई देश की आर्थिक राजधानी भी है। इसी वजह से केंद्रीय सत्ता के बाद सबसे ज्यादा प्रभावशाली महाराष्ट्र की सत्ता मानी जाती है। माना जाता है कि कारपोरेट और औद्योगिक जगत पर सबसे ज्यादा पकड़ महाराष्ट्र के सिंहासन की होती है। मौजूदा राजनीति में आर्थिकी सबसे ज्यादा प्रभावी है। महाराष्ट्र की सत्ता पर पकड़ देश की आर्थिक ताकतों की नब्ज पर पकड़ बनाती है। यह बताने की जरूरत नहीं है कि बीजेपी अपनी इस पकड़ को कमजोर होते नहीं देखना चाहती। इसलिए उसने सुनेत्रा को साधने में देर नहीं लगाई। इसके लिए एनसीपी के ही नेताओं को अपना औजार बनाया और सफल रही। वैसे भी शरद पवार उम्र के उस पड़ाव पर हैं, जहां से उनके लिए गुंजाइश कम है। उनके पास सक्रिय रहने के लिए ज्यादा वक्त नहीं है। बेशक वे अब भी कमजोर हों, लेकिन बीजेपी के लिए सबसे बड़ी चुनौती उद्धव ठाकरे नहीं, शरद पवार ही हैं।

### आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | षष्ठी 14:54 तक |
| नक्षत्रः | चित्रा 14:28 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | शनिवार |
| योगः | शूल, 11:40 |
| सूर्योदयः | 07:08 |
| सूर्यास्तः | 18:13 |
| चंद्रमाः | कन्या राशि में |
| राहुकालः | 09:54-11:17 |
| विक्रमी संवत्ः | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | फाल्गुन |
| शुभ मुहूर्तः | 12:18-01:03 |

## जन एक्सप्रेस

### इनके कुछ बयान !

*नरक मचा कर रख दिया।*
*इनके कुछ बयान ।।*
*हो जाती है पीड़ा।*
*कैसा स्वाभिमान ?*
*थक गये समझा कर।*
*जो समझाने वाले ।।*
*खेल अभी है जारी।*
*इनके रंग निराले ।।*
*आखिरकार एड़ी चोटी।*
*जोर है लगाया ।।*
*मनमुताबिक उनके।*
*फल नहीं पर आया ।।*
*है प्रयास असफल।*
*काम नहीं बन पाया।*
*जितना जोर लगाया।*
*उतना ही सफाया ।।*



**- कृष्णेन्द्र राय**

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# बार-बार लगती है भूख तो पिएं सौंफ और दालचीनी का पानी

**अक्सर** कई लोगों को बार-बार भूख लगने या क्रेविंग होने की समस्या होती है। ऐसे में अक्सर लोग अनहेल्दी खाने का चुनाव करने लगते हैं और बारा-बार खाने और अनहेल्दी खाने और साथ ही कई बार फिजिकल एक्टिविटीज न करने के कारण लोगों को मेटाबॉलिज्म के स्लो होने, बैली फैट बढ़ने, वजन बढ़ने और पाचन प्रक्रिया से जुड़ी समस्या हो सकती हैं। ऐसे में पाचन से जुड़ी राहत के लिए अक्सर लोगों को हेल्दी डाइट लेने की सलाह दी जाती है। वहीं, भूख को कंट्रोल करने के लिए सौंफ और दालचीनी के पानी का सेवन करने की सलाह दी जाती है, औषधीय गुणों से भरपूर दालचीनी और सौंफ में बहुत से पोषक तत्व और गुण होते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होते हैं, लेकिन ये स्वास्थ्य के लिए कैसे फायदेमंद है? ये सवाल अक्सर लोगों के मन में उठता है। डाइटिशियन एवं न्यूट्रिशनिस्ट अर्चना जैन के अनुसार, सौंफ और दालचीनी में औषधीय गुण होते हैं, साथ ही, इनमें अच्छी मात्रा में एंटी-ऑक्सीडेंट्स, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-बैक्टीरियल के गुण होते हैं। इनके पानी का सेवन करने से पाचन प्रक्रिया में सुधार करने, क्रेविंग्स को कम करने, भूख को नियंत्रित करने और वजन कम



करने में मदद मिलती है।

**भूख को कंट्रोल करेः** सौंफ और दालचीनी में बहुत से औषधीय गुण और डायटरी फाइबर होते हैं। ऐसे में इनके पानी का सेवन करने से मेटाबॉलिक रेट को बढ़ाने, कैलोरीज को बर्न करने, ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करने, शुगर के स्तर को बढ़ने से रोकने और क्रेविंग्स को रोकने में मदद मिलती है।

**शरीर को डिटॉक्स करेः** सौंफ और दालचीनी के पानी में भरपूर मात्रा में एंटी-ऑक्सीडेंट्स के गुण होते हैं। ऐसे में इसका सेवन करने से शरीर को नेचुरल रूप से डिटॉक्स करने, स्किन को हेल्दी रखने, ब्लोटिंग को कम करने, पाचन प्रक्रिया में सुधार करने और स्वास्थ्य को दुरुस्त रखने में मदद मिलती है।

**हार्मोन्स को बैलेंस करेः** अक्सर शरीर में हार्मोन्स के असंतुलित होने के कारण लोगों को अधिक भूख लगने या क्रेविंग्स होने की समस्या हो सकती है। ऐसे में सौंफ और दालचीनी के पानी का सेवन करने से शरीर में हार्मोन्स को बैलेंस करने, स्किन को हेल्दी रखने और स्वास्थ्य में सुधार करने में मदद मिलती है।

**कैसे तैयार करें सौंफ और दालचीनी का पानी?:** भूख को कंट्रोल करने और पाचन प्रक्रिया को दुरुस्त करने के लिए 1 कप पानी में 1 छोटी चम्मच सौंफ और 1 छोटा दालचीनी के टुकड़े या इसके पाउडर को डालकर धीमी आंच पर 5-10 मिनट के लिए उबालें। अब सुबह खाली पेट या खाने से पहले इसका सेवन करें। इसके अलावा, दालचीनी और सौंफ को रातभर के लिए पानी में भिगोकर भी रखा जा सकता है।

**निष्कर्षः** औषधीय गुणों से भरपूर सौंफ और दालचीनी के पानी में बहुत से पोषक तत्व होते हैं। इसका सेवन करने से भूख को कंट्रोल करने, कैलोरीज को बर्न करने, पाचन प्रक्रिया में सुधार करने, शरीर को डिटॉक्स करने क्रेविंग्स को कम करने, हार्मोन्स को बैलेंस करे, वजन कम करने, स्किन को हेल्दी रखने और ब्लोटिंग को कम करने में मदद मिलती है।

### एक्सप्रेस विशेष

# मलेशिया दौरा 2026 : क्या बदलेगा एशिया का शक्ति-संतुलन?



**प्रो. आरके जैन**

**सॉफ्ट पावर के क्षेत्र में भी यह दौरा गहरा और दूरगामी प्रभाव डालेगा। स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन, संस्कृति और हेल्थ टेक में बढ़ता सहयोग द्विपक्षीय संबंधों को मानवीय और संवेदनशील आधार प्रदान करेगा।**

**सीईओ फोरम में होने वाले समझौते रोजगार सृजन, नवाचार और तकनीकी हस्तांतरण को नई गति प्रदान करेंगे। भारतीय प्रवासी समुदाय निवेशकों और सरकारों के बीच एक मजबूत सेतु की भूमिका निभाएगा। मोदी की उद्योगपतियों से मुलाकात एफडीआई को विशेष रूप से ग्रीन एनर्जी, सेमीकंडक्टर, मैन्युफैक्चरिंग और डिजिटल टेक्नोलॉजी क्षेत्रों में प्रोत्साहित करेगी।**

**जब** एशिया की जियोपॉलिटिक्स अनिश्चितता और प्रतिस्पर्धा की तेज लहरों से घिरी हुई है, ऐसे समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 7-8 फरवरी 2026 का मलेशिया दौरा एक साहसी, निर्णायक और दूरदर्शी कदम के रूप में उभरता है। यह यात्रा मात्र औपचारिक कूटनीति नहीं, बल्कि भविष्य की वैश्विक रणनीति को दिशा देने वाला ऐतिहासिक प्रयास है। अगस्त 2024 में संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी में उन्नत करने के बाद यह पहला बड़ा अवसर है, जब दोनों देश अपने संबंधों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की तैयारी में हैं। अनवर इब्राहिम के आमंत्रण पर हुआ यह दौरा भारत की एक्ट ईस्ट नीति को नई ऊर्जा देगा और चीन की बढ़ती सक्रियता के बीच संतुलन का स्पष्ट, सशक्त और आत्मविश्वासी संदेश भी प्रस्तुत करेगा। भारत और मलेशिया के द्विपक्षीय संबंध अब औपचारिकताओं की सीमाओं से निकलकर आपसी विश्वास, सहयोग और साझेदारी की गहराई तक पहुंच चुके हैं। लगभग 2.9 मिलियन भारतीय मूल के नागरिक मलेशिया में दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक सेतु की भूमिका निभा रहे हैं। यही सशक्त डायस्पोरा भारत की सॉफ्ट पावर को वैश्विक मंच पर मजबूती प्रदान करता है। मोदी और अनवर की मुलाकात में व्यापार, निवेश, डिफेंस, सुरक्षा, डिजिटल और फाइनेंशियल टेक्नोलॉजी जैसे अहम विषयों पर ठोस और दूरगामी निर्णय होने की पूरी संभावना है। दसवां इंडिया-मलेशिया सीईओ फोरम इस यात्रा का प्रमुख आकर्षण होगा, जहां भविष्य की आर्थिक साझेदारियों की मजबूत नींव रखी जाएगी। व्यापार के क्षेत्र में यह यात्रा एक निर्णायक और परिवर्तनकारी मोड़ साबित हो सकती है। मलेशिया का पाम ऑयल, इलेक्ट्रॉनिक्स और तेल-गैस संसाधन भारत की बढ़ती आवश्यकताओं को मजबूती देंगे, जबकि भारतीय आईटी, फार्मा और स्टार्टअप सेक्टर मलेशियाई बाजार में नए अवसरों की खोज करेंगे। दोनों देश व्यापारिक बाधाओं को कम करने, लॉजिस्टिक्स व्यवस्था सुधारने और सप्लाई चेन को सशक्त बनाने पर ठोस सहमति बना सकते हैं। इंडो-पैसिफिक व्यापार गलियारों को गति देकर चीन पर निर्भरता घटाने का प्रयास भी इस एजेंडे का महत्वपूर्ण हिस्सा होगा। मोदी का दृष्टिकोण बिल्कुल स्पष्ट है—व्यापार को केवल आर्थिक गतिविधि नहीं, बल्कि रणनीतिक शक्ति के रूप में विकसित करना। ऊर्जा क्षेत्र में यह दौरा भविष्य की हरित क्रांति की मजबूत आधारशिला रखने की पूरी क्षमता रखता है। रिन्यूएबल एनर्जी, ग्रीन हाइड्रोजन, क्लीन टेक्नोलॉजी और ऊर्जा संक्रमण पर सहयोग के नए द्वार खुलने की प्रबल संभावना है। मलेशिया के तेल और गैस संसाधन भारत की ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ बनाएंगे, जबकि भारत की उन्नत सोलर और विंड तकनीक मलेशिया को नेट-जीरो लक्ष्य के और अधिक निकट पहुंचाएगी। ऊर्जा संक्रमण से जुड़े संभावित समझौते दोनों देशों को जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध एक साझा और प्रभावी मोर्चे पर खड़ा करेंगे। यह साझेदारी आर्थिक विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन का प्रेरणादायक उदाहरण बनेगी। मैरिटाइम सिक्योरिटी इस यात्रा का सबसे संवेदनशील, रणनीतिक और महत्वपूर्ण पक्ष है। दक्षिण चीन सागर में बढ़ते तनाव के बीच भारत और मलेशिया का नौसैनिक सहयोग क्षेत्रीय स्थिरता के लिए अनिवार्य बन चुका है। संयुक्त सैन्य अभ्यास, इंटेलिजेंस शेयरिंग और मैरिटाइम डोमेन अवेयरनेस को मजबूत करना प्रमुख प्राथमिकता होगी। मलक्का जलडमरूमध्य की सुरक्षा वैश्विक व्यापार की जीवनरेखा है, जिसकी स्थिरता दोनों देशों के साझा हितों से जुड़ी है। यह सहयोग समुद्री सुरक्षा को नई दिशा देगा, जहां साझेदारी टकराव पर भारी पड़ेगी। इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में भारत की नेतृत्व भूमिका इस दौरे के माध्यम से और अधिक सुदृढ़ तथा प्रभावशाली होगी। एक्ट ईस्ट नीति और मलेशिया की लुक ईस्ट रणनीति का संगम एक मजबूत और संतुलित क्षेत्रीय ढांचा तैयार करेगा। इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क पर होने वाली चर्चा सुरक्षित, पारदर्शी और स्थिर व्यापार मार्गों के विकास में सहायक होगी।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# फर्जी फार्म-7 के खिलाफ सड़क पर उतरीं दिव्या गंगवार

## सैकड़ों वोट कटने से रोके, एसडीएम की गाड़ी का घेराव कर किया जोरदार प्रदर्शन





**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

विधानसभा क्षेत्र 130 बीसलपुर में मतदाता सूची से सैकड़ों वोट काटे जाने के आरोप को लेकर शुक्रवार को तहसील परिसर में जबरदस्त हंगामा देखने को मिला।

समाजवादी पार्टी महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव एवं विधानसभा 130 की पूर्व प्रत्याशी दिव्या गंगवार के नेतृत्व में मुस्लिम समाज के लोगों और सपा कार्यकर्ताओं ने फर्जी फार्म-7 भरकर वोट कटवाने की साजिश का आरोप लगाते हुए एसडीएम नागेंद्र पांडेय की गाड़ी का घेराव कर प्रदर्शन किया।

दिव्या गंगवार को विशेष सूत्रों से जानकारी मिली थी कि भाजपा से जुड़े कुछ लोग चुनाव को प्रभावित करने के उद्देश्य से बड़ी संख्या में फर्जी फार्म-7 भरवाकर मतदाता सूची से नाम कटवाने का प्रयास कर रहे हैं। सूचना मिलते ही उन्होंने पीड़ित मतदाताओं और सैकड़ों समर्थकों को साथ लेकर तहसील मुख्यालय का रुख किया।

### एसडीएम से वार्ता न होने पर भड़का आक्रोश

प्रदर्शनकारी पहले परिषदीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय पहुंचे, जहां एसडीएम से मिलने का प्रयास किया गया, लेकिन वहां मौजूद न मिलने पर सभी तहसील कार्यालय पहुंच गए। इसी दौरान एसडीएम नागेंद्र पांडेय पीलीभीत कलेक्ट्रेट में बैठक में शामिल होने के लिए रवाना हो रहे थे। प्रदर्शनकारियों ने उनसे अपनी समस्या बताने का प्रयास किया, लेकिन संतोषजनक जवाब न मिलने और एसडीएम के वाहन से नीचे न उतरने पर आक्रोश भड़क उठा।गुस्साए लोगों ने तहसील गेट पर एसडीएम की गाड़ी का चारों ओर से घेराव कर दिया। इस दौरान नारेबाजी हुई और फर्जी फार्म-7 को फाड़कर जला दिया गया। करीब एक घंटे तक तहसील परिसर में अफरातफरी का माहौल बना रहा।

### बीएलओ ने लगाए गंभीर आरोप

प्रदर्शन के दौरान बूथ संख्या 24, 394, 392, 414, 380, 389, 390, 406 व 486 के बीएलओ ने भी गंभीर आरोप लगाए। बीएलओ का कहना था कि उनके पास बड़ी संख्या में फर्जी तरीके से फार्म जमा कराए गए और भाजपा से जुड़े पदाधिकारियों द्वारा दबाव बनाया गया कि यदि नौकरी करनी है तो वोट काटने होंगे। बीएलओ ने जीवित मतदाताओं के वोट काटने से साफ इनकार कर दिया और एसडीएम के सामने फार्म फाड़ दिए। उनका कहना था कि वे मानसिक दबाव में हैं और उनकी नौकरी खतरे में दिखाई दे रही है।

### आश्वासन के बाद शांत हुआ मामला

स्थिति बिगड़ती देख एसडीएम नागेंद्र पांडेय को वाहन से उतरकर प्रदर्शनकारियों से वार्ता करनी पड़ी। उन्होंने आश्वासन दिया कि यदि किसी मतदाता का नाम गलत तरीके से काटा गया है तो उसे पुनः जोड़ा जाएगा। साथ ही फर्जी फार्म जमा करने और गलत तरीके से वोट काटने के दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई व प्राथमिकी दर्ज कराने की बात कही। इसके बाद प्रदर्शनकारी शांत हुए और घेराव समाप्त किया गया।

### मतदाता सूची में पारदर्शिता की मांग

दिव्या गंगवार ने कहा कि किसी भी कीमत पर मुस्लिम समाज या किसी भी वर्ग के मतदाताओं के वोट कटने नहीं दिए जाएंगे। उन्होंने प्रशासन से मतदाता सूची की निष्पक्ष जांच, दोषियों पर कार्रवाई और पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की। घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची, हालांकि तब तक प्रदर्शन समाप्त हो चुका था। यह मामला पूरे दिन तहसील परिसर और नगर में चर्चा का विषय बना रहा।

# गोस्वामीज मॉम्स प्राइड स्कूल में वैश्विक शिखर सम्मेलन सप्ताह का भव्य आयोजन




**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

गोस्वामीज मॉम्स प्राइड स्कूल में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और वैश्विक दृष्टिकोण को मजबूत करने के उद्देश्य से वैश्विक शिखर सम्मेलन सप्ताह (ग्लोबल समिट) का भव्य आयोजन किया गया। इस शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यक्रम में कक्षा तीन से कक्षा ग्यारह तक के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए जी-20 देशों सहित अन्य प्रमुख राष्ट्रों की संस्कृति, अर्थव्यवस्था और वैश्विक समस्याओं की गहन जानकारी प्राप्त की।

### प्रतियोगितात्मक व संवादात्मक गतिविधियों से बढ़ा ज्ञान

कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगितात्मक एवं संवादात्मक गतिविधियों के माध्यम से अप्रवासन (इमिग्रेशन), वीज़ा प्रक्रिया तथा दूतावास की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों को व्यवहारिक रूप से समझा। विद्यालय के चारों क्लब–लेजेंड्स, विक्टर, सुप्रीम और एलीट्स–के विद्यार्थियों ने मिस्र, नाइजीरिया, इटली, फ्रांस, चिली, ब्राज़ील, भारत और जापान जैसे देशों के प्रतिनिधि बनकर उनकी संस्कृति, परंपराएं, अर्थव्यवस्था और विशिष्टताओं को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। इस वैश्विक सम्मेलन का मेजबान देश भारत रहा।

### सप्ताह भर चला ज्ञान और विचारों का मंथन

सप्ताह के प्रथम दिन विभिन्न देशों की संस्कृति, सभ्यता, रहन-सहन और वेशभूषा का आकर्षक प्रदर्शन किया गया। दूसरे दिन पर्यावरण और भौगोलिक परिस्थितियों से जुड़े प्रश्नोत्तर कार्यक्रम आयोजित हुए।

तीसरे दिन अर्थव्यवस्था, प्राकृतिक संसाधन, सामाजिक असमानता और जनसंख्या वृद्धि जैसे समसामयिक विषयों पर वाद-विवाद प्रतियोगिताएं हुईं, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी तार्किक क्षमता का परिचय दिया।

चौथे दिन विभिन्न देशों के खान-पान, आर्ट एंड क्राफ्ट, संस्कृति और लोक संगीत की रंगारंग प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। पांचवें दिन विद्यार्थियों ने वैश्विक समस्याओं पर सामूहिक चर्चा कर उनके व्यवहारिक समाधान प्रस्तुत किए।

### नेतृत्व और संवाद क्षमता के विकास पर जोर

यह आयोजन न केवल ज्ञानवर्धक रहा, बल्कि विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, संवाद कौशल, टीमवर्क और समाधान-केंद्रित सोच के विकास में भी सहायक सिद्ध हुआ। मार्गदर्शन में सफल रहा आयोजन कार्यक्रम का मार्गदर्शन विद्यालय के प्रबंधक निशांत गोस्वामी, संरक्षिका डॉ. सोनिया गोस्वामी, प्रधानाचार्या जया घोष सहित विष्णु प्रिया और सुखयन्त ने किया। वहीं ऋतिक सिंह, अपाला शर्मा, उला कुरैशी, काव्यांजलि त्रिवेदी, नीता भटनागर, इशिता गोयल, आयुष और शिशात मिश्रा सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों को निरंतर सहयोग और मार्गदर्शन प्रदान किया।

### वैश्विक सोच आज की आवश्यकता- डॉ. सोनिया गोस्वामी

विद्यालय की संरक्षिका डॉ. सोनिया गोस्वामी ने कहा कि आधुनिक युग में बच्चों को केवल अपने देश ही नहीं, बल्कि अन्य देशों की संस्कृति, अर्थव्यवस्था और वैश्विक चुनौतियों की भी जानकारी होना आवश्यक है। बच्चों का ज्ञान पुस्तकों तक सीमित न रहकर वैश्विक समस्याओं और उनके समाधान तक विस्तृत होना चाहिए, ताकि वे भविष्य में देश और समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभा सकें।

# मानव-हाथी संघर्ष प्रबंधन पर मरौरी ब्लॉक में कार्यशाला

## विभिन्न विभागों के समन्वय से संघर्ष कम करने पर जोर



**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

जनपद में बढ़ते मानव-हाथी संघर्ष की समस्या को लेकर वन एवं वन्यजीव प्रभाग द्वारा विश्व प्रकृति निधि-भारत (ड्ढड्ढस्न-ढ्ठस्रद्बड्ड) के सहयोग से मरौरी ब्लॉक परिसर में एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में वन विभाग के साथ कृषि, राजस्व, पुलिस, पंचायत एवं विकास, सिंचाई, विद्युत विभाग, ग्राम प्रधान, बाघ मित्र तथा अन्य संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रभागीय वनाधिकारी, पीलीभीत टाइगर रिज़र्व मनीष सिंह ने कहा कि हाथियों से प्रभावित क्षेत्रों की पहचान कर ग्रामीणों को जागरूक किया जाएगा। बाघ मित्रों, ग्राम प्रधानों और ईको-विकास समितियों के प्रतिनिधियों को सशक्त बनाकर मानव-हाथी संघर्ष प्रबंधन में उनकी भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए सभी विभागों का आपसी समन्वय बेहद जरूरी है।

प्रभागीय निदेशक, वन एवं वन्यजीव प्रभाग ने कहा कि पीलीभीत जनपद में मानव-हाथी संघर्ष लगातार बढ़ रहा है। इस तरह की कार्यशालाएं बाघ मित्रों और विभागीय कर्मचारियों को प्रशिक्षित कर संघर्ष की घटनाओं को कम करने में अहम भूमिका निभाएंगी। कृषि वैज्ञानिक एस.एस. ढाका ने बताया कि जंगल से सटे क्षेत्रों में औषधीय फसलों की खेती कर हाथियों के फसलों में प्रवेश की प्रवृत्ति को कम किया जा सकता है। इससे किसानों की आय भी बढ़ेगी और नुकसान भी घटेगा।

### स्वास्थ्य और पुलिस विभाग का रहेगा सहयोग

मुख्य चिकित्सा अधिकारी आलोक कुमार ने कहा कि हाथी प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराएगा। वहीं सीओ ट्रैफिक विधि मौर्य ने कहा कि मानव-हाथी संघर्ष की स्थिति में पुलिस विभाग पूरी तत्परता से सहयोग करेगा। हाथियों के पारंपरिक मार्गों की सुरक्षा जरूरी डा. अमिताभ अग्निहोत्री ने कहा कि हाथियों का एक पुराना इतिहास रहा है। वे अपने अनुवांशिक गुणों के कारण अपने पूर्वजों के क्षेत्रों में भ्रमण करते हैं, इसलिए उनके पारंपरिक मार्गों और आवासों को सुरक्षित रखना बेहद जरूरी है।

डीएफओ, उत्तर खीरी वन प्रभाग कीर्ति चौधरी ने पीलीभीत टाइगर रिज़र्व और दुधवा टाइगर रिज़र्व के बीच हाथियों के कॉरिडोर को सुदृढ़ करने के लिए आपसी समन्वय पर जोर दिया। स्ह्क्क और मुआवजा प्रक्रिया की जानकारी वरिष्ठ परियोजना अधिकारी दबीर हसन ने तराई एलिफेंट रिज़र्व, हाथियों के व्यवहार, प्राकृतिक आवास, कॉरिडोर, दीर्घकालिक और अल्पकालिक उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने अग्रिम पंक्ति के कर्मचारियों और बाघ मित्रों को मुआवजा प्रक्रिया, मानक संचालन प्रक्रिया (स्ह्क्क), समुदाय आधारित संस्थाओं और त्वरित प्रतिक्रिया दलों के गठन के बारे में भी बताया। ड्ढड्ढस्न-ढ्ठस्रद्बड्ड के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी नरेश कुमार ने वन्यजीवों से होने वाली जन-धन क्षति की मुआवजा प्रक्रिया की जानकारी दी और कार्यशाला का संचालन किया। कार्यशाला में एसडीओ रमेश चौहान, जेई दीपक शुक्ल (शारदा सागर), वीडीओ मरौरी लियाकत अली, वीडीओ अमरिया दिनेश सिंह, वीडीओ ललौरीखेड़ा लक्ष्मण प्रसाद, उप निरीक्षक शेर सिंह सहित कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अस्वीकृत गन्ना किस्म लाने पर सख्ती, नियमों के पालन की अपील



- अगेती पर्चियों पर गलत किस्म लाने से बिगड़ रहा मिल संचालन, कर्मचारियों से अभद्रता पर जताई नाराजगी

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

किसान सहकारी चीनी मिल क्षेत्र में गन्ना आपूर्ति को लेकर गंभीर अनियमितताएं सामने आ रही हैं। संज्ञान में आया है कि कुछ किसान अगेती गन्ना किस्म की जारी पर्चियों पर अस्वीकृत (रिजेक्ट) गन्ना किस्म लेकर चीनी मिल परिसर में पहुंच रहे हैं।

जब मिल कर्मचारियों द्वारा उन्हें नियमानुसार रोका जाता है, तो कुछ मामलों में कर्मचारियों और अधिकारियों के साथ अभद्र व्यवहार की घटनाएं भी सामने आ रही हैं, जिसे प्रशासन ने अत्यंत खेदजनक और अनुचित बताया है।

### जैसी पर्ची, वैसी ही आपूर्ति अनिवार्य

इस संबंध में जिला गन्ना अधिकारी पीलीभीत खुशी राम भार्गव ने समस्त किसान भाइयों से स्पष्ट अपील करते हुए कहा है कि जिस गन्ना किस्म की पर्ची जारी की गई हो, उसी के अनुरूप गन्ने की आपूर्ति करें। अस्वीकृत गन्ना किस्म को अगेती या किसी अन्य पर्ची पर लाना नियम विरुद्ध है।

उन्होंने कहा कि गन्ना किस्मों का निर्धारण किसी एक किसान के नहीं, बल्कि मिल संचालन, चीनी रिकवरी और सभी किसानों के सामूहिक हित को ध्यान में रखकर किया जाता है।

### नियम उल्लंघन से किसानों को ही नुकसान

जिला गन्ना अधिकारी ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि नियमों की अनदेखी की जाती है, तो इससे चीनी मिल के सुचारू संचालन में बाधा उत्पन्न होती है। इसका प्रतिकूल प्रभाव अंततः पूरे क्षेत्र के किसानों पर ही पड़ता है, जिससे भुगतान, पेराई और आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। उन्होंने सभी किसान भाइयों से संयम, अनुशासन और सहयोग बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या या भ्रम की स्थिति में गन्ना समिति या संबंधित कार्यालय से संपर्क कर समाधान प्राप्त करें, न कि अनुचित व्यवहार का सहारा लें। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी किसानों के सहयोग से ही चीनी मिल का सफल संचालन संभव है और यही किसानों के हितों की सबसे मजबूत गारंटी है।

# रिश्तों की मर्यादा तार-तार, घटित घटना ने झकझोर कर दिया पूरा समाज

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

जनपद के दियोरिया क्षेत्र में सामने आई अमानवीय और शर्मनाक घटना ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया है। रिश्तों की पवित्रता को कलंकित करने वाली इस जघन्य वारदात के बाद गांव में मातम और आक्रोश का माहौल है। एक ओर ढाई वर्षीय मासूम बच्ची गंभीर हालत में अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ रही है, तो दूसरी ओर घटना की चर्चा फैलते ही सामाजिक बदनामी और भय के साये में आरोपी चचेरे चाचा ने आत्महत्या कर ली पुलिस के अनुसार, दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बृहस्पतिवार शाम करीब सात से साढ़े सात बजे के बीच मासूम बच्ची अपने घर के आंगन में खेल रही थी। आरोप है कि इसी दौरान उसका चचेरा चाचा उसे बहाने से आवाज देकर अपने घर की छत पर बने टिनशेड के पास ले गया। वहां उसने ढाई वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म की घिनौनी वारदात को अंजाम दिया। बच्ची के चीखने-चिल्लाने पर आरोपी उसे घायल अवस्था में छोड़कर मौके से फरार हो गया।

बच्ची के रोने की आवाज सुनकर परिजन छत पर पहुंचे, जहां मासूम ने रोते हुए अपने चाचा की करतूत की जानकारी दी। यह सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया और घटना की खबर गांव में आग की तरह फैल गई। रिश्तों की आड़ में की गई इस दरिंदगी से हर कोई सन्न रह गया। सामाजिक बदनामी का भय बना मौत की वजह

### ढाई वर्षीय मासूम से दुष्कर्म, सामाजिक भय में आरोपी चचेरे चाचा ने की आत्महत्या

बताया जाता है कि दुष्कर्म की घटना के लगभग एक घंटे बाद, जब मामला लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया और आरोपी को सामाजिक अपमान व बदनामी का भय सताने लगा, तो उसने अपने घर के कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। कमरे में शव मिलने की सूचना से गांव में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

इधर, घटना के बाद मासूम बच्ची की हालत गंभीर बनी हुई है। पहले उसे दियोरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से हालत नाजुक होने पर जिला महिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। फिलहाल विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में बच्ची का इलाज जारी है।

परिजन गहरे सदमे और आक्रोश में हैं, उनका रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना पर सीओ प्रगति सिंह गांव पहुंचीं, जबकि अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया ने जिला अस्पताल जाकर बच्ची का हाल जाना।

थाना प्रभारी गौतम सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति को संभाला। बताया जा रहा है कि मृतक आरोपी और पीड़ित बच्ची के घर आसपास ही स्थित हैं।

## विराट हिन्दु सम्मेलन में उमडी लोगों की भारी भीड

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** नगर के स्वर्गीय श्री हरी बाबू खंडेलवाल जी के मैदान में शुक्रवार को हिंदू जागरण की दिशा को नई ऊर्जा एवं चेतना प्रदान करने हेतु सर्व हिन्दू समाज द्वारा सनातन संस्कृति, सनातन धर्म एवं सामाजिक एकता के प्रतीक विराट हिन्दू सम्मलेन का आयोजन किया गया ।जिसमे मुख्य अतिथि पूज्यनीय साध्वी सरस्वती जी धर्मप्रचारिका सनातन धर्म प्रवक्ता छिंदवाड़ा (मध्य प्रदेश) व मुख्य वक्ता के रूप में पदम सिंह जी क्षेत्र प्रचार प्रमुख ज़ी पहुंचे। पहले उनका फूल मालाओ से भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि विराट हिंदू सम्मेलन हिंदू समाज को संगठित करने, सनातन संस्कृति के संरक्षण और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने का एक प्रमुख मंच है। यह आयोजन देश भर में हिंदुत्व की एकता, संस्कारों की बहाली और साझा सांस्कृतिक विरासत के प्रति जागरूकता जगाने पर केंद्रित है। उन्होंने हिन्दुओं को एक जुट होकर रहने की वात कही। कार्यक्रम में भारी भीड़ उमडी। इस अवसर पर भाजपा विधायक वावूराम पासवान, विभाग संचालक श्री ओमप्रकाश, सह विभाग प्रचारक अमित ज़ी, सह प्रान्त प्रचारक विनोद ज़ी, जिला संचालक शिव कुमार ज़ी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक जिला प्रचारक दुष्यंत सिंह जी, तहशील प्रचारक देवेश जी, राघव दास महाराज ज़ी, बाबा शेर सिंह ज़ी, नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता जी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह जी, हर्ष गुप्ता जी, रितुराज पासबान सहित पूरनपुर नगर व क्षेत्र की हजारों की संख्या में देवतुल्य जनता उपस्थित रही। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस तैनात रही।

# किसान नैनो यूरिया का करे उपयोग: दीपक चौधरी

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

औद्यानिक उत्पादन एवं विपणन सहकारी समिति इंद्रानगर पर आगामी बसंतकालीन गन्ना बुआई के अंतर्गत एक नैनो उर्वरको के प्रयोग एवं जागरूकता हेतु किसान सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में इफको क्षेत्र अधिकारी दीपक चौधरी ने बताया कि नैनो डीएपी से गन्ना के बीज पर स्प्रे करके करके 30- 40 मिनट तक छायादार स्थान पर सुखाकर बुवाई करने एवं एनपीके या डीएपी की मात्रा आधी करके बुवाई करे जिससे कि किसानों की लागत कम होगी और अधिक जमाव एवं फुटाव होगा। उन्होंने आगे कहा कि किसानों को कभी भी खड़ी फसल पर दानेदार फास्फेटिक उर्वरकों का प्रयोग नहीं करना चाहिए,उनकी जगह पर आज के स्मार्ट उर्वरक, नैनो उर्वरकों का प्रयोग किया जाए। किसानों को अपनी मृदा का परीक्षण अवश्य ही कराना चाहिए जिससे की पता चल सके की हमारी फसल को किस पोषक तत्व की आवश्यकता है। उसी आधार पर पोषक तत्व फसल को आपूर्ति किया जाए। नैनों ज़िंक, कॉपर,



एनपीके कंसोर्टिया के इस्तेमाल की सही विधि और होने वाले लाभ की जानकारी किसानों भाइयों को दी। इस कार्यक्रम में एसएफए अंकुर कुमार के द्वारा न्यूट्रैक्स जल विलय उर्वरकों के बारे में किसानों को बताया गया द्य कार्यक्रम के अंत में किसानों को निःशुल्क बायो डीकंपोजर का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में लगभग 50 किसान उपस्थित रहे।

# वार्ड 23 में सीसी मार्ग व नाली निर्माण का पालिका अध्यक्ष ने किया लोकार्पण, मोहल्लेवासियों में खुशी की लहर

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

नगर पालिका परिषद पीलीभीत के वार्ड नंबर 23 में शुक्रवार को विकास कार्यों की कड़ी में सीसी मार्ग एवं नाली निर्माण का विधिवत लोकार्पण किया गया। बाबूराम के मकान से सरोज के मकान तक बने सीसी मार्ग और नाली का शुभारंभ नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने फीता काटकर किया। इस दौरान शिलापट का अनावरण कर निर्माण कार्य को जनता को समर्पित किया गया।आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने की प्रतिबद्धता लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने कहा कि नगर पालिका परिषद शहर के सभी वार्डों में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सड़क, नाली, जल निकासी और स्वच्छता जैसी मूलभूत सुविधाएं नगर



पालिका की प्राथमिकताओं में शामिल हैं। इसी क्रम में वार्ड 23 में सीसी मार्ग एवं नाली का निर्माण कराया गया है।

### जलभराव से मिलेगी राहत, आवागमन होगा सुगम

पालिकाध्यक्ष ने कहा कि इस निर्माण कार्य से मोहल्लेवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या से भी राहत मिलेगी। नगर के प्रत्येक मोहल्ले तक विकास की रोशनी पहुंचाना नगर पालिका का लक्ष्य है, जिसे चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जा रहा है। डॉ. आस्था अग्रवाल ने वार्डवासियों से अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखने और नगर पालिका के विकास कार्यों में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनसहयोग से ही शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सकता है।

कार्यक्रम के अंत में मोहल्लेवासियों ने सीसी मार्ग एवं नाली निर्माण को क्षेत्र के लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए नगर पालिका परिषद और पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मोहल्लेवासी सरोज, पप्पू, राम सिंह, विपिन मिश्रा, तारीक हुसैन, किरन, विधि, करन प्रजापति, सभासद वतनदीप मिश्रा, साकेत सक्सेना, विकास बाबू, इकबाल हजरत, मोहन स्वरूप, शरीफ अंसारी, अवतार सिंह, मोनू, निर्मल सिंह टीटू, राजू फौजी, रोहित कुमार, दीप अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# एक ही व्यक्ति के नाम पाईं गईं कई आपत्तियां सपा नेता ने बूथो पर पहुंच कर परखी एसआईआर

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सपा नेता राजकुमार ÷राजू÷ ने 129 विधानसभा क्षेत्र पूरनपुर के विभिन्न बूथों का दौरा कर मतदाताओं की वास्तविक स्थिति का जायज़ा लिया एवं इसके बाद अपने आवास पर प्रेस कांफ्रेस आयोजित की। इस दौरान पत्रकारों से वार्ता करतें हुए उन्होंने कहा की निरीक्षण के दौरान लगभग प्रत्येक बूथ पर संबंधित बीएलओ के पास 250 से 450 तक भरे हुए फ़ॉर्म-7 पाए गए। प्रारंभिक तौर पर इन फ़ॉर्मों में दर्ज अधिकांश आपत्तियाँ संदिग्ध एवं फर्जी प्रतीत होती हैं, जिससे मतदाता सूची में छेड़छाड़ की गंभीर आशंका उत्पन्न होती है। सबसे चौंकाने वाला तथ्य यह सामने आया कि बड़ी संख्या में आपत्तियाँ एक ही व्यक्ति के नाम से दर्ज कराई गई हैं। जबकि दूरभाष पर बातचीत के दौरान संबंधित व्यक्ति ने स्वयं ऐसी किसी भी आपत्ति को करने से स्पष्ट इनकार किया। इससे यह संदेह और गहरा हो जाता है कि यह पूरा मामला सुनियोजित तरीके से मतदाताओं के अधिकारों को प्रभावित करने की नीयत से किया गया प्रयास है।ज्ञातव्य है कि एक फ़ॉर्म-7 को सही तरीके से भरने में पर्याप्त समय और प्रक्रिया लगती है। इसके बावजूद सैकड़ों की संख्या में प्रिंटेड फ़ॉर्मों का एक साथ मिलना स्वाभाविक नहीं माना जा सकता। यह स्थिति लोकतांत्रिक व्यवस्था, निष्पक्ष निर्वाचन प्रक्रिया तथा मतदाता अधिकारों के विरुद्ध रची गई एक गंभीर साज़िश की ओर संकेत करती है।इसी गंभीर विषय को लेकर आज आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कड़ी आपत्ति दर्ज कराते हुए निम्न प्रमुख मांगें रखी गई। सभी संदिग्ध एवं सामूहिक रूप से भरे गए फ़ॉर्म-7 को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए।पूरे प्रकरण की निष्पक्ष, पारदर्शी एवं उच्चस्तरीय जाँच कराई जाए। इस साज़िश में शामिल व्यक्तियों एवं जिम्मेदार अधिकारियों की पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए निर्वाचन प्रक्रिया की निगरानी और पारदर्शिता को और मजबूत किया जाए। स्पष्ट रूप से कहा गया कि मतदाता अधिकारों के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ लोकतंत्र की मूल भावना के विरुद्ध है और इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आम जनता के मतदान अधिकारों की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से संघर्ष जारी रहेगा इस दौरान उन्होंने कई तथ्यों को प्रस्तुत कर पीड़ितों को भी पत्रकारों के सामने पेश किया।

# बर्बरता : मामूली शिकायत पर बेनीगंज पुलिस ने की युवक की बेरहमी से पिटाई

जन एक्सप्रेस | हरदोई




फोन पर बातचीत के दौरान गाली गलौज के मामले में बेनीगंज पुलिस पर आरोप लगा है कि आरोपी को गुनाह कबूल कराने के लिए थर्ड डिग्री टॉर्चर किया गया। इस घटना ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। कथित रूप से पुलिस ने आरोपी को मानसिक और शारीरिक दबाव में रखा ताकि वह अपनी गलती स्वीकार कर ले। यह घटना स्थानीय लोगों के बीच चिंता का विषय बनी हुई है और पुलिस के नक्शेकदम पर सोशल मीडिया में गंभीर बहस हो रही है। बताते चलें कि कोतवाली बेनीगंज क्षेत्र के शुक्लापुर निवासी 20 वर्षीय हरिओम शुक्ला पुत्र मदन गोपाल शुक्ला के बताए मुताबिक उनकी दो माह पूर्व कछौना थाना अंतर्गत एक गांव निवासी महिला से फोन पर बातचीत के कॉल रिकॉर्डिंग अटवा भदसेन गांव निवासी उसके रिश्ते में देवर अनीत वर्मा पुत्र अज्ञात के हांथ लगने पर कथित कोथावां निवासी पत्रकार लालजीत वर्मा ने हरिओम से धन की मांग करते हुए एससीएसटी एक्ट में न फंसाने की बात कही पर पैसा न देने की बात पर अनीत वर्मा ने कोतवाली बेनीगंज में हरिओम के खिलाफ गाली गलौज के मामले को लेकर लिखित तहरीर दिला दी।तहरीर के बाद हरिओम के घर पहुंची बेनीगंज पुलिस ने उसे कोतवाली आने को कहा, जहां गुरुवार की सुबह कोतवाली पहुंचे हरिओम पर वहां पूर्व से मौजूद लालजीत वर्मा, अनीत वर्मा व उनके कई साथियों ने दबाव बनाने का प्रयास किया। मामला बढ़ता देख इंस्पेक्टर ओम प्रकाश सरोज ने हरिओम पर उपरोक्त मामले के बाबत कार्रवाई की बात कही और कहीं निकल गए तत्पश्चात कोतवाली में मौजूद मुंशी तेजवीर सहित अन्य सिपाहियों ने मुकदमा न लिखने और मामले को रफा दफा करने के एवज में मोटी रकम देने की बात कही। जिसे हरिओम द्वारा मना करने पर उपरोक्त सिपाहियों द्वारा उसे थर्ड डिग्री टॉर्चर कर संडीला उप मजिस्ट्रेट के समक्ष भेज दिया गया। वहीं हरिओम के बताए अनुसार कोतवाली में मार पिटाई के दौरान तथा कथित पत्रकार एवं उसके साथियों द्वारा उसका वीडियो भी बनाया गया।जबकि महिला द्वारा स्पष्ट तौर से किसी अन्य व्यक्ति से काल रिकॉर्डिंग बातचीत आदि से साफ इनकार कर दिया गया। उसके द्वारा यह भी कहा गया कि हमारा किसी से कोई बातचीत जैसा मामला ही नहीं है उसे बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है। जिसके बयान वीडियो सुरक्षित है। वहीं इस घटना ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल जरूर खड़े कर दिए हैं।सीओ हरियावां अजीत सिंह ने कहा मामले की जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने फार्म-7 की प्रक्रिया पर दी विस्तृत जानकारी

जन एक्सप्रेस | उरई




विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर)- 2026 के संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाए जाने के लिए चल रहे एसआईआर अभियान की जानकारी साझा करना एवं समन्वय स्थापित करना रहा। बैठक के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने फार्म-06, 07, 08, 09, 10 एवं 11 के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सभी पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए फार्म-06 अवश्य भरना चाहिए, ताकि कोई भी पात्र मतदाता अपने संवैधानिक मताधिकार से वंचित न रहे। उन्होंने फार्म-7 की प्रक्रिया को स्पष्ट करते हुए बताया कि यह फार्म केवल आपत्ति दर्ज करने के लिए निर्धारित है। यदि मतदाता सूची में किसी अपात्र व्यक्ति का नाम दर्ज है अथवा किसी नए मतदाता द्वारा फार्म-06 के माध्यम से नाम जोड़ने पर किसी को आपत्ति हो, तो ऐसी स्थिति में फार्म-7 प्रस्तुत किया जा सकता है। फार्म-7 भरने का अधिकार केवल उसी विधानसभा क्षेत्र के उस मतदाता को है, जिसका नाम पहले से निर्वाचक नामावली में दर्ज हो। यह संपूर्ण प्रक्रिया निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम-2023 के अंतर्गत संपादित की जाती है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि फार्म-7 में आपत्ति करने वाले व्यक्ति को अपना नाम, मतदाता पहचान पत्र विवरण, जिस व्यक्ति के नाम पर आपत्ति की जा रही है उसका विवरण तथा आपत्ति का स्पष्ट कारण अंकित करना अनिवार्य होता है, जैसे संबंधित व्यक्ति की मृत्यु, भारत का नागरिक न होना अथवा अन्य स्थान पर नाम दर्ज होना। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि फार्म-7 प्राप्त होने के पश्चात जांच की जाती है और प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर ही निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा अंतिम निर्णय लिया जाता है। उन्होंने कहा कि केवल फार्म-7 भर देने मात्र से किसी मतदाता का नाम नहीं कटता है! मतदाता सूची में संशोधन की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी एवं नियमों के अनुरूप है, जिसमें पर्याप्त जांच एवं सुरक्षा प्रावधान निहित हैं। इस अवसर पर बीजेपी से शांतिस्वरूप महेश्वरी, सपा से राजीव शर्मा, बीएसपी से भगवती शरण पांचाल, कांग्रेस से कमल, सीपीआइएम से विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### लापरवाह वस चालक ने बकरियों को रौंदा, चार की मौत

जन एक्सप्रेस। उरई। बिलरांयां पनवाड़ी राजमार्ग के इटाहा कालपी गांव के पास सड़क पर जा रही बकरियों को लापरवाह बस चला रहे चालक ने रौंद दिया। जिसमें चार बकरियों की मौके पर मौत हो गई, जबकि चार बकरियां जीवन और मौत के बीच संघर्ष कर रही है। बताया गया इटहा कालपी गांव निवासी तुलाराम पत्र रामशंकर केवट अपनी बकरियों को सड़क किनारे चरा रहा था कि तभी पीछे की ओर से आ रही एक प्राइवेट बस के चालक ने तेजी व लापरवाही से बस चलाकर टक्कर मारकर घायल कर दिया। मौके पर किसी के न होने के कारण बस का चालक टक्कर मार कर बस चालक बस लेकर फरार हो गया। घटना की सूचना पाकर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पशु चिकित्सा अधिकारी को मामले की सूचना दी। बताया गया कि गरीब व्यक्ति के पास बकरियां ही भरण पोषण का सहारा थी और उसकी पत्नी कैंसर के रोग से पीड़ित है। ऐसे में उसका करीब एक लाख रुपए के आसपास नुकसान होना बताया जा रहा है। फिलहाल थाना पुलिस बस व चालक की तलाश में जुट गई है।

### महिला नसबंदी कैंप का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस। जालौन। शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला नसबंदी कैंप का आयोजन किया गया। चिकित्सालय की टीम ने 16 महिलाओं का सफल आप्रेशन किया । परिवार नियोजन के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को महिला नसबंदी शिविर का आयोजन किया गया। आप्रेशन से पूर्व महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया है। ब्लडप्रेशर, मधुमेह जैसे आवश्यक परीक्षण के बाद चिकित्सालय की टीम डां प्रियम यादव, डां विनोद राजपूत, छवि, रेनू चौहान की टीम ने 16 महिलाओं की नसबंदी ऑपरेशन किए गए ।आप्रेशन के बाद महिलाओं को आवश्यक सलाह दी गयी ।इसके साथ ही एक महिला राधिका बंगरा सफल आप्रेशन कर बच्चे को जन्म दिया गया।

### घर में घुसकर महिला पर गड़ासे से हमला किया, रिपोर्ट दर्ज

जन एक्सप्रेस/शाहाबाद। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के घुरहा गांव में कुछ दबंगों ने घर में घुसकर एक महिला को गड़ासे से हमला करके लहू-लुहान कर दिया। घटना के नाम जद रिपोर्ट दर्ज कराई गई। घायल महिला का डाक्टरी परीक्षण कराया गया। ग्राम घुरहा निवासी सरोज कुमारी पत्नी राममिलन के अनुसार 5 जनवरी की दोपहर वह घर में बिल्कुल अकेली थी। उसी समय गांव के पूरनमल उर्फ वर्मा पुत्र पारसनाथ, चमन, रमन, अमन पुत्रगण पूरनमल घर में घुस आए और गाली गलौज करते हुए पीटने लगे। बकौल पीड़िता चमन और पूरनमल के हाथ में गड़ासा था जिससे उन्होंने उसके ऊपर हमला कर दिया और वह लहू लुहान हो गई। 108 एंबुलेंस के माध्यम से उसे सीएचसी भिजवाया गया। घटना की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

### 'शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्ता पूर्ण हो'



जन एक्सप्रेस। हरदोई। कलेक्ट्रेट में जन सुनवाई के दौरान डीएम अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई मे आज कुल 63 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए।डीएम ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हो। जन सुनवाई में एक राशन कार्ड, एक दिव्यांग पेंशन, दो बाल सेवा योजना तथा एक निराश्रित महिला पेंशन के संबंध में तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिये तथा प्राप्त कुछ शिकायतों का डीएम ने मौके पर ही समाधान किया। इस अवसर पर एडीएम वि0रा0 प्रियंका सिंह व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

### युवक का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला

जन एक्सप्रेस। सांडी। साण्डी कस्बे में झाड़ियों के बीच एक युवक का शव फांसी के फंदे पर लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई, वहीं परिजनों में कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक युवक साण्डी कस्बे के मोहल्ला औलादगंज निवासी विनोद कुमार पुत्र हरिचंद्र था। बताया जा रहा है कि विनोद कुमार लंबे समय से बीमारी से पीड़ित था, जिसके चलते वह मानसिक तनाव में रहता था। इसी तनाव के कारण उसने ज़िदपीर मार्ग पर झाड़ियों के पास फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद से मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं पूरे इलाके में शोक का माहौल बना हुआ है।




### मरम्मत एवं नये कनेक्शन पर विशेष ध्यान दें : डीएम

जन एक्सप्रेस। हरदोई। जनपद में जल जीवन मिशन के तहत हुये कार्यो की समीक्षा बैठक अध्यक्ष जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन/डीएम अनुनय झा की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानन्द सभागार में आहूत की गयी। बैठक में डीएम ने कार्यदायी संस्था के पदाधिकारी को निर्देश दिये कि निर्माणाधीन टंकियों का कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण कराने पर कार्य का भुगतान किया जायेगा इसलिए सभी टंकियों का निर्माण शीघ्रता से पूरा कराये। उन्होने उपस्थित जल निगम विभाग के जेई को निर्देश दिये कि नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में डाली गयी पाइप लाइन की लीकेज एवं मरम्मत कार्य प्राथमिकता पर करायें और ग्राम प्रधानों से समन्वय बनाकर गांवों में अधिक से अधिक नये कनेक्शन करायें और जिन सड़कों व गलियों में पाइप लाइन डाली जाये उसकी मरम्मत भी कराते जाये। बैठक में पीडी ए0के0 मौर्या, प्रभारी अधिशासी अभियंता जल निगम नवीन कुमार, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम, कार्यदायी संस्था के पदाधिकारी एवं जेई आदि उपस्थित रहे।

# कलश यात्रा के साथ गायत्री माता यज्ञ का शुरू

जन एक्सप्रेस | महाराजगंज



ठूठीबारी। ठूठीबारी के टोला धरमौली गांव में शुक्रवार को चार दिवसीय गायत्री माता यज्ञ का शुभारंभ श्रद्धा और उल्लास के साथ हुआ। आयोजन की शुरुआत भव्य कलश यात्रा से की गई, जिसमें पीतांबरी वस्त्रधारण किए करीब 500 महिलाएं और कुंवारी कन्याएं सिर पर कलश लेकर शामिल हुईं। गायत्री माता की जय के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। कलश यात्रा यज्ञ स्थल से प्रारंभ होकर धरमौली से सड़कहवा होते हुए ठूठीबारी-रामनगर रोड तक पहुंची और पुनः यज्ञ स्थल पर जाकर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया। यह आयोजन पं. शर्मा आचार्य की साधना परंपरा, वंदनीय माता भगवती के जन्मोत्सव तथा अखंड दीपक प्रज्वलन के साथ शताब्दी वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। कथा वाचक के रूप में शांतिकुंज, हरिद्वार से पधारे सुरेंद्र शास्त्री ने कहा कि यह आयोजन विश्व शांति, समरसता और सशक्त समाज के निर्माण हेतु सात सूत्रीय आंदोलन को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम है। उन्होंने बताया कि साधना, सद्भाव, स्वास्थ्य, जनजागरण, कुरीतियों का उन्मूलन, व्यसन मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण और स्वावलंबन के जरिए विचार क्रांति का संदेश दिया जा रहा है। यज्ञ के आयोजक ब्लॉक समन्वयक सुग्रीम गुप्त ने बताया कि चार दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में यज्ञ, प्रवचन, सामूहिक साधना तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयोजन को सफल बनाने में श्याम बिहारी प्रजापति, हीरालाल गुप्त, बद्रीलाल गुप्त और रामानंद नायक की विशेष भूमिका रही। इस अवसर पर गायत्री समूह एवं ग्रामीणों में रिखई धवल, नारद साहनी, अजीत यादव, शंकर मद्धेशिया, प्रतीक जोशी, मोहन यादव, अमित खरवार, गुदून यादव सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना हुआ है।

# डिग्री कॉलेज की महिला लिपिक ने फांसी लगाकर दी जान

जन एक्सप्रेस | उरई

रामपुरा थाना क्षेत्र के पंडित परशुराम द्विवेदी महाविद्यालय की महिला क्लर्क ने गुरुवार को देर शाम फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। उरई निवासी रेनू पत्नी प्रवीण कुमार वर्मा 27 वर्ष जगम्मनपुर स्थित पंडित परशुराम द्विवेदी महाविद्यालय में क्लर्क पद पर कार्यरत है। बताया गया कि उनके पति प्रवीण कुमार भी एसकेडी पब्लिक स्कूल जगम्मनपुर में शिक्षक पद कर तैनात है। गुरुवार को अज्ञात कारणों के चलते रेनू ने डिग्री कॉलेज के हॉस्टल के रूम नंबर 20 में पंखे के सहारे फांसी के फंदे पर झूलकर आत्महत्या कर ली है। जिस समय महिला ने फांसी लगाई, उस समय महिला का पति प्रवीण अपने भांजे की शादी समारोह में शामिल होने जगम्मनपुर से बाहर गया था। गुरुवार को देर शाम तक रेनू का फोन नहीं उठा तो पति शिक्षक प्रवीण कुमार ने हॉस्टल में रहने वाले आकाश नामक छात्र से रेनू मैडम से बात कराने को कहा गया। छात्र द्वारा शाम करीब 7 बजे रेनू के कमरे पर गया तो उसने उसे फांसी पर लटके देखा, और इसकी सूचना छात्र ने डिग्री कॉलेज के स्टाफ को दी।मृतका रेनू का अपने पति प्रवीण से आपस में प्रेम विवाह हुआ था। मृतका रेनू के पति लगभग डेढ़ माह से विद्यालय जगम्मनपुर नहीं आए थे जो अपने घर उरई में बच्चे के साथ रह रहा था। रेनू डिग्री कॉलेज हॉस्टल में अकेली रह रही थी।मृतका के 4 वर्षीय एक पुत्र भी है जो अपने पिता प्रवीण के साथ उरई में रह रहा था। घटना की सूचना पाकर क्षेत्राधिकारी माधौगढ़ अंबुज यादव, रामपुरा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रजत कुमार सिंह मौके पर पहुंच गए। फॉरेंसिक टीम ने घटना के संबंध में साक्ष्य संकल्प किए, फिलहाल आत्महत्या के कारण का पता नहीं चल सका है। मामले में थाना प्रभारी रजत कुमार सिंह ने कहा कि महिला के खुदकुशी करने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया हैं। पूरे प्रकरण की जांच की जा रही हैं।

# बंधक बने दूल्हे को पुलिस ने कराया मुक्त

जन एक्सप्रेस | महाराजगंज

■ पहले से शादीशुदा और एक बच्चे का पिता निकला दूल्हा, बारात में मचा हड़कंप

ठूठीबारी। नेपाल के नवलपरासी जिले के सेमरी गांव से ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र के पिपरा गांव आई एक बारात उस समय विवाद में घिर गई, जब दूल्हे की सच्चाई सामने आ गई। दूल्हा पहले से शादीशुदा और एक बच्चे का पिता निकला, जिससे नाराज़ होकर लड़की पक्ष ने शादी से इनकार करते हुए दूल्हे को बंधक बना लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सेमरी गांव निवासी पन्नालाल चौहान अपने पुत्र नीरज चौहान की शादी ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में तय किए थे। चार फरवरी की रात दूल्हा बारातियों के साथ धूमधाम से पिपरा गांव पहुंचा। लड़की पक्ष की ओर से बारातियों का जलपान व भोजन कराया जा रहा था, इसी दौरान किसी माध्यम से यह जानकारी मिली कि दूल्हा पहले से विवाहित है और उसका एक बच्चा भी है। यह सुनते ही लड़की पक्ष के लोगों में हड़कंप मच गया और घर में कोहराम की स्थिति बन गई। लड़की पक्ष ने तुरंत शादी से इनकार कर दिया और शादी की तैयारी में हुए खर्च की भरपाई की मांग करते हुए दूल्हे को अपने यहां रोक लिया। घटना की सूचना मिलते ही ठूठीबारी पुलिस वृहस्पतिवार देर रात मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर स्थिति को शांत कराया। आपसी सुलह के बाद पुलिस ने दूल्हे को सुरक्षित मुक्त कराया। इस संबंध में ठूठीबारी कोतवाली प्रभारी नवनीत नागर ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति बन गई है और किसी प्रकार की विधिक कार्रवाई नहीं की गई।

# मामा के घर रह रहे भांजे ने अज्ञात कारणों में फांसी लगाकर दी जान

जन एक्सप्रेस | उरई

कुठौंद थाना क्षेत्र के कस्बे में मामा के घर रह रहे भांजे ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। चुर्खी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अटराकला निवासी शिवा 20 वर्ष पुत्र सुरेश कुमार शाक्यवार तीन दिन पहले अपने मामा के यहां कस्बा कुठौद आया हुआ था। जो जेसीबी चलाकर अपना जीवन-यापन करता था। बताया गया कि मामा सोनेलाल पुत्र रामचरन शाक्यवार, निवासी कुठौंद गांव में ही दुकान चलाकर जीविकोपार्जन करते हैं। घटना के समय युवक कमरे में था और दरवाजा अंदर से बंद था। काफी देर तक दरवाजा न खुलने पर मामी अनामिका को अनहोनी की आशंका हुई, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया, जहां युवक का शव रस्सी के सहारे छत के कुंडे से लटका हुआ मिला। पुलिस ने शव को नीचे उतारकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की। मामले में थानाध्यक्ष अजय कुमार पाठक ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक का मोबाइल फोन भी बरामद नहीं हुआ है मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट व अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। बताया गया कि मृतक तीन भाइयों में दूसरे स्थान पर था। अभी उसकी शादी नहीं हुई थी। वहीं घटना के बाद से मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# डीएम के निरीक्षण से तेज हुई बहुउद्देशीय हॉल की रफ्तार



जन एक्सप्रेस | महाराजगंज

जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर में निर्माणाधीन बहुउद्देशीय हॉल का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने परियोजना की गुणवत्ता एवं समयबद्ध पूर्णता पर विशेष जोर देते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित परियोजना प्रबंधक से प्रस्तावित कार्यो की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। परियोजना प्रबंधक द्वारा अवगत कराया गया कि लगभग 721 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में बहुउद्देशीय हॉल का निर्माण कराया जा रहा है, जिसमें हॉल के साथ शौचालय, सड़क एवं अन्य सहायक निर्माण कार्य भी सम्मिलित हैं। जिलाधिकारी ने निर्माण संसाधनों की संख्या बढ़ाकर कार्य की गति तेज करने के निर्देश दिए, ताकि परियोजना को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण किया जा सके। उन्होंने निर्माण में प्रयुक्त सरियों का रासायनिक उपचार सुनिश्चित कराने पर भी बल दिया, जिससे भवन की मजबूती और दीर्घकालिक गुणवत्ता बनी रहे। जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि निर्माण कार्य में किसी भी स्तर पर गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाएगा तथा सभी निर्धारित मानकों का पूर्ण रूप से पालन सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने परियोजना स्थल से होकर गुजर रहे विद्युत तार को शीघ्र स्थानांतरित कराने के निर्देश दिए, ताकि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। जिलाधिकारी ने कहा कि यह बहुउद्देशीय हॉल भविष्य में विभिन्न शासकीय कार्यक्रमों, बैठकों एवं आयोजनों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होगा, इसलिए इसे प्राथमिकता के आधार पर समय से पूर्ण किया जाना आवश्यक है। परियोजना प्रबंधक यूपीपीसीएल द्वारा जानकारी दी गई कि इस परियोजना की कुल लागत लगभग 15 करोड़ 16 लाख रुपये है। निर्माण कार्य दिसंबर माह से प्रारंभ किया गया है तथा इसकी प्रस्तावित समाप्ति तिथि अप्रैल 2027 निर्धारित की गई है। निरीक्षण के दौरान परियोजना प्रबंधक यूपीपीसीएल चौथीराम, जिला सूचना अधिकारी प्रभाकर मणि त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महिला आयोग की सदस्य ने पीड़ित महिलाओं की सुनी समस्याएं



जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़

राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा ने शुक्रवार को जिले में महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर अंकुश लगाने, पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विकास भवन के सभागार में जनसुनवाई एवं समीक्षा बैठक की। महिला जनसुनवाई के दौरान राज्य महिला आयोग की सदस्य के समक्ष कुल 12 शिकायतें प्राप्त हुई। जनसुनवाई के दौरान रीता देवी, निवासी जहनईपुर ने शिकायत की कि उनके पति अशोक सरोज का एक दुर्घटना में गंभीर एक्सीडेंट हो गया था, जिसमें उनके हाथ और पैर में गंभीर चोटें आई थीं। इलाज के दौरान एक पैर काटना पड़ा, लेकिन इसके बावजूद जख्म अभी तक ठीक नहीं हो पाया है। आर्थिक तंगी के कारण इलाज संभव नहीं हो पा रहा है और घाव अब तक ठीक नहीं हुआ है। इस पर महिला आयोग की सदस्य ने मौके पर मौजूद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी पर नाराजगी जताते हुए तत्काल इलाज सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इसी प्रकार जनसुनवाई के दौरान अन्य शिकायतों को भी महिला आयोग की सदस्य ने गम्भीरतापूर्वक सुना। आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा ने प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिए और कहा कि महिला उत्पीड़न के मामलों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जो भी महिला उत्पीड़न सम्बन्धी शिकायतें है उसका निस्तारण गम्भीरता पूर्वक समय से अधिकारी करें और इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही न बरती जाये। उन्होने यह भी निर्देश दिया है कि शासन की योजनाओं का लाभ महिलाओं को दिया जाये। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बेटियों और महिलाओं के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को उनके अधिकार दिलाने और उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में महिला आयोग पूरी तरह समर्पित। जनसुनवाई के उपरान्त विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गयी और अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि महिला उत्पीड़न से सम्बन्धित जो भी शिकायते प्राप्त होती है उसे प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाये। बैठक में श्रम प्रवर्तन अधिकारी को निर्देशित किया गया कि ईट-भट्ठे पर अधिक संख्या में महिलायें कार्य कर रही है, भट्ठो पर शौचालय न होने के कारण उन्हें कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है जिसके लिये सभी भट्ठा स्वामियों की बैठक करते हुये निर्देशित किया कि जाये कि अपने-अपने भट्ठों पर महिलाओं की सुविधा हेतु शौचालय अवश्य बनवाये। उन्होंने अधिकारियों से जरूरतमंद महिलाओं को सरकार की योजनाओं की जानकारी देने और उन्हें लाभान्वित करने के लिए प्रभावी प्रयास करने को कहा। इस दौरान महिला आयोग की सदस्य ने बाल विवाह मुक्त की शपथ भी दिलायी। बैठक के उपरान्त महिला आयोग की सदस्य ने विकास भवन परिसर से बाल विवाह मुक्त भारत 100 दिवसीय अभियान के रथ का हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। बैठक में उपजिलाधिकारी सीमा भारती, जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र कुमार मौर्य, जिला प्रोबेशन अधिकारी राम बाबू विश्वकर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्योति शाक्य व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिला कारागार के बंदी की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत

जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़

जिले के कारागार में बन्द विचारधीन बंदी की तबियत खराब होने पर शुक्रवार को उसे जिला अस्पताल भेजा गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जेल अधीक्षक ऋषभ द्विवेदी ने बताया कि अंतू थाना इलाके के शुकुलपुर गांव निवासी विचाराधीन बंदी विनोद कुमार शुक्ला पुत्र जगदम्बा शुक्ला जिला न्यायालय के आदेश से 23 सितम्बर 2023 से जिला कारागार में निरूद्ध था। बंदी विनोद कुमार शुक्ला के सीने में दर्द की शिकायत पर कारागार चिकित्सक द्वारा उपचार दिया गया। कारागार चिकित्सक द्वारा बंदी के बेहतर इलाज हेतु परामर्शित करने बंदी को जेल सुरक्षाकर्मियों की अभिरक्षा में जेल एम्बुलेंस से शुक्रवार को सुबह साढ़े आठ बजे जिला चिकित्सालय प्रतापगढ़ भेजा गया। बंदी के साथ उपस्थित जेल वार्डर विकास यादव द्वारा नौ बजे कारागार के मुख्य गेट के दूरभाष पर बंदी की मृत्यु होने की सूचना दी गयी। बंदी के परिजनों को सूचित कर दिया गया है एवं अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

## बॉक्सम एलिट के दूसरे दिन भी भारतीय मुक्केबाजों का जलवा, लवलीना की दमदार शुरुआत

एजेंसी

**मैड्रिड।** बॉक्सम एलीट इंटरनेशनल में भारतीय मुक्केबाजों का शानदार प्रदर्शन जारी है। खेले गए दूसरे दिन ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) और वर्ल्ड बॉक्सिंग कप फाइनल्स चैंपियन हितेश गुलिया (70 किग्रा) की अगुवाई में भारत ने कई भार वर्गों में प्रभावशाली जीत दर्ज की। बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया ने बताया कि लवलीना ने अपने अभियान की सशक्त शुरुआत करते हुए यूक्रेन की ओल्हा पिलिपचुक को सर्वसम्मत 5:0 के फैसले से हराया। पूरे मुकाबले में लवलीना का नियंत्रण साफ नजर आया–तेज पंच, सटीक कॉम्बिनेशन और शानदार फुटवर्क के दम पर उन्होंने आसानी से अगले दौर में प्रवेश किया। पुरुष वर्ग में हितेश गुलिया ने भी अपनी लय बरकरार रखते हुए कनाडा के विन्सेंट सैंटोरिएलो को 5:0 से शिकस्त दी और 70 किग्रा वर्ग में अपनी मजबूत दावेदारी फिर साबित की।

## एफआईएच पुरुष प्रो लीग 2025-26 राउरकेला चरण के लिए 24 सदस्यीय भारतीय हॉकी टीम घोषित

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने एफआईएच पुरुष प्रो लीग 2025-26 के राउरकेला चरण के लिए 24 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम की घोषणा कर दी है। टूर्नामेंट का यह चरण 10 से 15 फरवरी 2026 तक ओडिशा के राउरकेला स्थित बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में खेला जाएगा। राउरकेला चरण में मेजबान भारत के साथ अर्जेंटीना और बेल्जियम जैसी मजबूत टीमें हिस्सा लेंगी, जिससे घरेलू दर्शकों के सामने बेहद रोमांचक और उच्च स्तरीय मुकाबलों की उम्मीद की जा रही है। भारतीय टीम में अनुभव और युवा प्रतिभा का संतुलित मिश्रण देखने को मिलता है। टीम प्रबंधन ने सभी विभागों–गोलकीपिंग, डिफेंस, मिडफील्ड और फॉरवर्ड लाइन–में गहराई और संतुलन बनाए रखने पर खास ध्यान दिया है, ताकि प्रो लीग अभियान की घरेलू शुरुआत मजबूती से की जा सके। गोलकीपिंग की जिम्मेदारी सूरज कारकेरा और पवन संभालेंगे। डिफेंस की कमान कप्तान हरमनप्रीत सिंह के हाथों में होगी। उनके साथ अमित रोहिदास, जरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, सुमित, संजय और नीलम संजीप ज़ेस शामिल हैं, जो टीम को रक्षात्मक मजबूती और नेतृत्व प्रदान करेंगे। डिफेंस सूची में अमनदीप लकड़ा का नाम भी शामिल है, जिन्होंने हाल ही में संपन्न पुरुष हीरो हॉकी इंडिया लीग 2025-26 में शानदार प्रदर्शन किया था और 'हीरो प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' चुने गए थे।

## ज़ाग्रेब रैंकिंग सीरीज़ कुश्तीः अमन सहरावत को रजत, सुजीत कलकल ने जीता स्वर्ण

**नई दिल्ली।** ज़ाग्रेब में जारी रैंकिंग सीरीज़ कुश्ती टूर्नामेंट में भारत ने शानदार शुरुआत की है। पुरुष फ्रीस्टाइल स्पर्धाओं के पहले दिन बुधवार को भारत ने एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक अपने नाम करते हुए अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग सर्किट में मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत ने 61 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीतकर भारत को दिन का पहला बड़ा परिणाम दिलाया। अमन ने शुरुआती दोनों मुकाबलों में दमदार तकनीकी जीत दर्ज की। उन्होंने पहले मुकाबले में जॉर्जिया के जियोर्गी गोनियाशविली को 10-0 से और दूसरे मुकाबले में ईरान के रज़ा मोमेनिज़ूजादेह को 12-2 से मात दी। हालांकि तीसरे दौर में अमन को अमेरिका के ऑस्टिन डी-सैंटो के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा, जहां अमेरिकी पहलवान ने उन्हें 0-8 से फॉल के जरिए पराजित किया।भारत के लिए दिन का एकमात्र स्वर्ण पदक सुजीत कलकल ने दिलाया। सुजीत ने पुरुषों के 65 किग्रा भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। उनकी इस जीत से भारतीय दल को टूर्नामेंट के शुरुआती दिन ही बड़ा मनोबल मिला और अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग अंक भी हासिल हुए। 70 किग्रा भार वर्ग में अभिमन्यु मंडवाल ने कांस्य पदक जीतकर भारत की पदक तालिका को और मजबूत किया। अभिमन्यु ने क्वार्टरफाइनल में अमेरिका के टायलर कासक को 10-0 से हराते हुए जबरदस्त प्रदर्शन किया।

## एमसीजी करेगा ऐतिहासिक 150वां एनिवर्सरी टेस्ट की मेजबानी, टिकटों की रिकॉर्ड मांग

**नई दिल्ली।** मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में मार्च 2027 में खेले जाने वाले ऐतिहासिक 150वें एनिवर्सरी टेस्ट को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच होने वाले इस खास मुकाबले के लिए टिकटों की मांग उम्मीद से कहीं ज्यादा रही है। सार्वजनिक टिकट बैलेट इस सप्ताह बंद होने जा रहा है और उससे पहले ही भारी संख्या में आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। यह ऐतिहासिक टेस्ट मैच 11 मार्च 2027 से एमसीजी में खेला जाएगा और खास बात यह है कि यह पिंक बॉल से डे-नाइट टेस्ट होगा। यह मुकाबला क्रिकेट के 150 साल के गौरवशाली इतिहास का जश्न होगा, जिसमें खेल की दुनिया के कई बड़े और प्रतिष्ठित नामों की मौजूदगी तय मानी जा रही है। टिकटों की अत्यधिक मांग को देखते हुए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने अपने इतिहास में पहली बार सार्वजनिक बैलेट सिस्टम अपनाया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अनुसार, इस बैलेट के लिए आवेदन की अंतिम तिथि शुक्रवार, 6 फरवरी को शाम 5 बजे (ऑस्ट्रेलिया समय के अनुसार) तय की गई है। बैलेट बंद होने के बाद सभी आवेदनों को रैंडमाइज किया जाएगा।

# कोपा डेल रेः लुकमैन ने डेब्यू पर किया गोल, एटलेटिको मैड्रिड सेमीफाइनल में

एजेंसी

**मैड्रिड।** नाइजीरिया के फॉरवर्ड अडेमोला लुकमैन ने एटलेटिको मैड्रिड के लिए डेब्यू मैच में ही गोल दागते हुए टीम को बड़ी जीत दिलाई। एटलेटिको ने खेले गए कोपा डेल रे क्वार्टरफाइनल में रियल बेटिस को 5-0 से रौंदकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। डिएगो सिमियोने की टीम के लिए डेविड हान्को, जुलियानो सिमियोने, अडेमोला लुकमैन, एंटोनी ग्रिज़मैन और थियागो अल्मादा ने एक-एक गोल किया। एटलेटिको लगातार तीसरे सीजन कोपा डेल रे के अंतिम चार में पहुंची है। एटलेटिको 2012-13 के बाद पहली बार कोपा डेल रे का खिताब जीतने की कोशिश करेगा। सेमीफाइनल का ड्रॉ शुक्रवार को होगा, जिसमें बार्सिलोना, एथलेटिक बिलबाओ और रियल सोसिएदाद भी शामिल हैं। मैच में एटलेटिको की शानदार शुरुआत



रही। 12वें मिनट में हान्को ने स्कोरिंग का आगाज़ किया। इसके बाद 30वें मिनट में जुलियानो सिमियोने ने बढ़त दोगुनी कर दी। 37वें मिनट में तेज काउंटर अटैक पर लुकमैन ने डेब्यू पर अपना पहला गोल दागा। लुकमैन ने मैच के बाद कहा, 'मैं बहुत खुश और गर्व महसूस कर रहा हूं। टीम का प्रदर्शन शानदार रहा। मुझे यहां सभी ने बहुत अच्छे से अपनाया, जिससे मुझे जल्दी सेट होने में मदद मिली।' दूसरे हाफ में 62वें मिनट में ग्रिज़मैन ने लुकमैन के असिस्ट पर चौथा गोल किया, जबकि 83वें मिनट में अल्मादा ने पांचवां गोल कर जीत पर मुहर लगा दी। कोच डिएगो सिमियोने ने कहा, 'लुकमैन हमें मजबूत बनाने आए हैं। उनमें अलग तरह की खूबियां हैं, जो टीम को और बेहतर बनाएंगी।' लुकमैन ने विंटर ट्रांसफर विंडो के अंत में अटलांटा से एटलेटिको जॉइन किया था। 28 वर्षीय फॉरवर्ड ने अटलांटा में खराब व्यवहार और अधूरे वादों का हवाला देते हुए क्लब छोड़ने की इच्छा जताई थी। इस मुकाबले में मैक्सिको के मिडफील्डर ओबेद वर्गास ने भी एटलेटिको के लिए डेब्यू किया। वे 79वें मिनट में लुकमैन की जगह मैदान पर आए। एक अन्य नए खिलाड़ी रोड्री मेंडोज़ा को 66वें मिनट में मौका मिला। एटलेटिको और बेटिस अब रविवार को ला लीगा में फिर आमने-सामने होंगे।

## टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर ने सिद्धिविनायक मंदिर में किया विघ्नहर्ता का दर्शन

एजेंसी

**मुंबई।** टी20 वर्ल्ड कप शुरू होने से दो दिन पहले भारतीय क्रिकेट टीम के हेड कोच गौतम गंभीर ने मुंबई स्थित सिद्धिविनायक मंदिर में भगवान गणेश का दर्शन किया। यह जानकारी सिद्धिविनायक मंदिर के सूत्रों ने दी। भारतीय क्रिकेट टीम के हेड कोच गौतम गंभीर आज सुबह मुंबई में दादर में स्थित सिद्धिविनायक मंदिर में पहुंचे और आरती में हिस्सा लिया। इसके बाद गंभीर ने भगवान का गणेश का दर्शन किया और टीम के लिए आशीर्वाद मांगा। सात फरवरी से टी 20 वर्ल्ड कप शुरु होने जा रहा है। उल्लेखनीय है कि गौतम गंभीर 2024 में भारतीय क्रिकेट टीम के हेड कोच नियुक्त हुए थे, जिसके बाद उनकी कोचिंग में भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी (2025) खिताब जीता। पिछले साल हुए एशिया कप में भी भारत चैंपियन बना, इसके अलावा टी20 में भारत ने शानदार प्रदर्शन किया। गंभीर ने आज सिद्धिविनायक मंदिर में भगवान गणेश से टीम इंडिया के सफल होने की कामना की है।



## रायगढ़ में शतरंज को बढ़ावा देने पहल, छात्राओं को निःशुल्क इंटरनेशनल चेस सेट वितरित

एजेंसी

**रायगढ।** वश्व स्तर पर शतरंज को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'द गिफ्ट ऑफ चेस ऑर्गेनाइजेशन (यूएसए )' द्वारा अंतरराष्ट्रीय मानकों वाले चेस सेट वितरित किए जा रहे हैं। ये वही इंटरनेशनल चेस बोर्ड हैं, जिनका उपयोग राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में किया जाता है।

इसी कड़ी में आज रायगढ़ शतरंज संघ द्वारा जिले के छात्र-छात्राओं से जुड़े प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों में निःशुल्क इंटरनेशनल चेस सेट वितरित किए गए। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में बौद्धिक विकास, एकाग्रता और खेल भावना को बढ़ावा देना है।कार्यक्रम के तहत पोस्ट मैट्रिक पिछड़ा वर्ग बालिका छात्रावास में अधीक्षिका नेहा दीक्षित की उपस्थिति में छात्राओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर के शतरंज बोर्ड प्रदान किए गए। छात्राओं में इस पहल को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर रायगढ़ शतरंज संघ के कई वरिष्ठ



पदाधिकारी और राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी उपस्थित रहे, जिनमें–अशोक पटेल (अध्यक्ष एवं अंतरराष्ट्रीय रेटेड खिलाड़ी),राजेंद्र पांडेय (पूर्व अध्यक्ष),शिवशंकर अग्रवाल (पूर्व अध्यक्ष एवं नेशनल खिलाड़ी),अबरार हुसैन (संरक्षक, जिला शतरंज संघ एवं नेशनल खिलाड़ी),कार्तिकेश्वर मैत्री (सचिव, कोच एवं नेशनल खिलाड़ी),रमेश पाणि (चेस निर्णायक),ईश्वर नेताम (खिलाड़ी एवं पदाधिकारी)तथा मुकेश दुबे (पूर्व सचिव)शामिल रहे। संघ पदाधिकारियों ने बताया कि शतरंज न केवल एक खेल है, बल्कि यह मानसिक विकास, निर्णय क्षमता और अनुशासन को मजबूत करता है। इस तरह की पहल से ग्रामीण और पिछड़े वर्ग की छात्राओं को भी राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।

## वाईएफसी खड्डु ने 4-0 से हराया पंडोगा स्कूल, सिद्ध बाबा ग्वालबड़ टूर्नामेंट का दूसरा दिन

एजेंसी

**ऊना।** पंडोगा में करवाए जा रहे 18वे सिद्ध बाबा ग्वालवाड़ फुटबाल टूर्नामेंट में कई रोमांचकारी मुकाबले खेले गए। प्रतियोगिता के दूसरे दिन सीनियर व जूनियर कैटेगरी में खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। जूनियर वर्ग के पहले मुकाबले में बीबीएनबी क्लब सलोह ने एसबीएस क्लब पंडोगा को तीन-शून्य से मात दी। मुबारकपुर की टीम ने सागर खड्ड की टीम को 3-0 से हराया।

हिमालयन फुटबाल क्लब ने जेएस फुटबॉल क्लब को दो-एक के गोल से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। वहीं सीनियर विंग के एकतरफा मुकाबले में वाईएफसी खड्डु-बी की टीम ने रावमपा पंडोगा की टीम को 4-0 से हराया। रेड पंजवार की टीम ने लायंस पंडोगा की टीम को मात दी।

बीबीएनबी सलोह की टीम ने पीडीएफ टीम को 2-1 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। जानकारी देते हुए आयोजनकर्ता कमेटी के सदस्य विकास राणा ने बताया कि इस वर्ष प्रतियोगिता जूनियर वर्ग में 16 ओर सीनियर वर्ग में 18 टीमें हिस्सा ले रहीं हैं। सम्मानित करेंगे। टूर्नामेंट में विजेता टीम को 61 हजार और जबकि उपविजेता टीम को 41 हजार रुपये की राशि प्रदान की जाएगी। इसके अलावा तीसरे और




आठ फ़रवरी को प्रतियोगिता के समापन अवसर पर समाजसेवी एवं भाजपा नेता अजय जोशी मुख्यातिथि होंगे और खिलाड़ियों को चौथे स्थान पर रहने वाली टीमों को पांच-पांच हजार रुपये का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

# सऊदी प्रो लीग का बहिष्कार खत्म करने को तैयार रोनाल्डो, अल-इत्तिहाद के खिलाफ उतरने की संभावना

एजेंसी

**रियाद।** पुर्तगाल के दिग्गज फुटबॉलर और अल-नस्र के कप्तान क्रिस्टियानो रोनाल्डो के सऊदी प्रो लीग में अपने कथित बहिष्कार को खत्म कर अल-इत्तिहाद के खिलाफ हाई-वोल्टेज मुकाबले में खेलने की संभावना है।

गोल.कॉम की एक रिपोर्ट में यह खबर ऐसे समय आई है, जब पांच बार के बैलन डी'ओर विजेता रोनाल्डो ने हाल ही में अल-रियाद के खिलाफ डर्बी मुकाबले में हिस्सा नहीं लिया था। माना जा रहा है कि वह सऊदी अरब में क्लबों के बीच ट्रांसफर फंड के असमान वितरण से नाराज थे। इससे पहले यह खबरें थीं कि रोनाल्डो सऊदी पब्लिक इन्वेस्टमेंट फंड (पीआईएफ) की क्लब प्रबंधन और निवेश नीति से असंतुष्ट होकर लगातार दूसरे सऊदी प्रो लीग मैच का बहिष्कार कर सकते हैं। अल-नस्र ने सोमवार को अल-रियाद के खिलाफ 1-0 से जीत दर्ज की थी, लेकिन उस मैच में रोनाल्डो मैदान पर नजर नहीं आए थे। रिपोर्ट के मुताबिक



रोनाल्डो को यह भी नाराजगी थी कि पीआईएफ कथित तौर पर अल-नस्र में पर्याप्त निवेश नहीं कर रहा, जबकि उसके चिर-प्रतिद्वंद्वी अल-हिलाल को ज्यादा समर्थन दिया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, रोनाल्डो ने फ्रांसीसी फुटबॉल स्टार करीम बेंजेमा के अल-इत्तिहाद से अल-हिलाल जाने के प्रस्ताव का भी विरोध किया था, क्योंकि उन्हें यह कदम अनुचित लगा और इससे अल-हिलाल के खिताब जीतने की राह आसान होती दिख रही थी। हालांकि, इस सप्ताह रोनाल्डो ने टीम के साथ ट्रेनिंग की और बुधवार को सोशल मीडिया पर अल-नस्र की जर्सी में अपनी तस्वीरें भी साझा कीं। इसके बावजूद क्लब के आधिकारिक एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट पर कोच जॉर्ज जीसस और अन्य खिलाड़ियों की ट्रेनिंग तस्वीरें तो दिखीं, लेकिन रोनाल्डो की कोई फोटो साझा नहीं की गई। लीग तालिका की बात करें, तो अल-नस्र 46 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है और वह शीर्ष पर मौजूद अल-हिलाल से सिर्फ एक अंक पीछे है। वहीं, अल-इत्तिहाद फिलहाल छठे स्थान पर है। दोनों टीमों के बीच मुकाबला शुक्रवार को खेला जाएगा। हाल के महीनों में अल-नस्र के स्पोर्टिंग डायरेक्टर सिमाओ कूटिन्हो और सीईओ जोसे सेमेडो को पीआईएफ ने निलंबित कर दिया था। इस फैसले के बाद क्लब के खर्चों में कटौती हुई और शीर्ष खिलाड़ियों के आने की संभावनाएं भी प्रभावित हुईं, जिससे रोनाल्डो की नाराजगी और बढ़ गई।

## संतोष ट्रॉफी में केरल ने पंजाब को 4-0 से रौंदा, फाइनल में सर्विसेज से होगी भिड़ंत

एजेंसी

**असम।** संतोष ट्रॉफी 2025-26 के सेमीफाइनल में केरल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पंजाब को 4-0 से करारी शिकस्त दी और फाइनल में जगह पक्की कर ली। यह मुकाबला असम के धकुआखाना फुटबॉल स्टेडियम में खेला गया। अब संतोष ट्रॉफी 2025-26 का फाइनल मुकाबला केरल और सर्विसेज के बीच खेला जाएगा, जिसमें दोनों टीमें खिताब के लिए पूरी ताकत झोंकेंगी। केरल की जीत के नायक मुहम्मद रियास पीटी रहे, जिन्होंने मुकाबले के दोनों हाफ में एक-एक गोल दागा। उनके अलावा मुहम्मद अजसल और विकनेश एम ने भी एक-एक गोल कर टीम की बड़ी जीत सुनिश्चित की। पूरे मैच में केरल का दबदबा साफ नजर आया और पंजाब की टीम को वापसी का कोई मौका नहीं मिला। इस जीत के साथ केरल ने लगभग दो दशक बाद लगातार दूसरी बार संतोष ट्रॉफी के फाइनल में प्रवेश किया है। अब खिताबी मुकाबले में केरल का सामना सर्विसेज से होगा। इससे पहले दिन के पहले सेमीफाइनल में सर्विसेज ने सिलापाथार फुटबॉल स्टेडियम में रेलवे को 2-0 से हराकर



फाइनल में जगह बनाई। सर्विसेज की ओर से अभिषेक पवार ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने मैच के दोनों हाफ में एक-एक गोल दागकर अपनी टीम को दो साल बाद फाइनल में पहुंचाया। पवार ने 30वें मिनट के तुरंत बाद शानदार हाफ-वॉली से पहला गोल किया, जबकि दूसरे हाफ में पेनल्टी पर गोलकीपर को छकाते हुए गेंद को जाल में पहुंचाया।

# पद्मश्री श्याम लाल मेमोरियल हॉकी टूर्नामेंट के सेमी फाइनल में पहुंचा श्याम लाल कॉलेज

एजेंसी

**नई दिल्ली।** मेजबान श्याम लाल कॉलेज (प्रातः) ने 12वें पद्मश्री श्याम लाल मेमोरियल हॉकी टूर्नामेंट के पुरुष वर्ग में जीत का चौका मार पूल ए से सेमी फाइनल में प्रवेश किया। महिला वर्ग में विवेकानंद कॉलेज ने भारती कॉलेज को 6-2 से मात दी।

श्याम लाल कॉलेज (प्रातः) ने श्याम लाल कॉलेज (सांध्य) को 5-1 से हरा कर लीग दौर का अंत अपने चारों मैच जीत कर किया। विजेता टीम के पंकज को प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला। उभरते फॉरवर्ड प्रत्यूष सिंह जग्गी ने तीन शानदार गोल किए। श्लोक और हर्ष ने एक-एक गोल किया। पराजित टीम के लिए



एकमात्र गोल लक्ष्मण ने किया। अन्य मैचों में श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज ने एमिटी यूनिवर्सिटी को 8-2 से शिकस्त दी। उसकी टीम के मनीष को प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला। खालसा कॉलेज के लिए विपिन ने तीन, मनीष और रिशुल ने दो-दो और मनीष कुमार ने एक गोल किया। पराजित टीम के लिए मोहित राणा और अग्रिम रैना ने एक-एक गोल किया। इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ़ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंस ने एसएलसी एलुमनी को 6-2 से मात दी। विजेता टीम के शेखर को प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला। इंदिरा गाँधी इंस्टीट्यूट के लिए पुलकित, शेखर, गुरमुख, ध्रुव, अर्श और चंद्रभूषण ने एक-एक गोल किया। एसएलसी एलुमनी की तरफ से डी एस जग्गी और पंकज ने एक-एक गोल किया।

# अंतर्राष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव खेल प्रतियोगिता हाकी और फटबॉल में सुंदरनगर विजेता

एजेंसी

**मंडी।** अंतर्राष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव के उपलक्ष्य में मंडी जिला पुलिस द्वारा आयोजित करवाई जा रही खेलकूद प्रतियोगिताओं में मंगलवार को हॉकी तथा फुटबॉल के फाइनल मुकाबले खेले गए। ये विजेता। जिसमें पुरुष वर्ग हाकी फाइनल मुकाबला स्पोर्ट्स हॉस्टल सुंदरनगर और हमीरपुर के बीच खेला गया। जिसमें सुंदरनगर स्पोर्ट्स हॉस्टल 3-0 से विजयी रहा। उसी प्रकार हाकी महिला वर्ग फाइनल मुकाबला मंडी और हमीरपुर के बीच खेला गया। जिसमें हमीरपुर की टीम 9-1 से विजय रही। उसी प्रकार फटबॉल का फाइनल मुकाबला सुंदरनगर एफसी और राइजिंग स्टार एफसी मंडी के



बीच खेला गया। जिसमें सुंदरनगर एफसी ने राइजिंग स्टार एफसी मंडी को 3-2 के अंतर से हराया । इस मौके पर विजेता व उपविजेता टीमों को एडीसी मंडी द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## एशियाई शूटिंग : सुरुचि सिंह, सम्राट राणा को 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम स्पर्धा में रजत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप में भारत की सुरुचि सिंह और सम्राट राणा की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम स्पर्धा में रजत पदक अपने नाम किया। भारतीय जोड़ी ने फाइनल में 479.6 अंक हासिल किए। फाइनल मुकाबले में भारत को उज्बेकिस्तान की निगिना सईदकुलोवा और मुखम्मद कमालोव की जोड़ी से कड़ी चुनौती मिली। उज्बेकिस्तान की टीम ने दूसरे हिस्से में जोरदार वापसी करते हुए 481.3 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीत लिया। वहीं, चीनी ताइपे की चेंग येन-चिंग और ह्सीह ह्सियांग-चेन की जोड़ी ने 412.2 अंक जुटाकर कांस्य पदक हासिल किया। भारत ने मुकाबले की शानदार शुरुआत की और पहली दो सीरीज़ के बाद बढ़त बनाए रखी, जिससे उज्बेकिस्तान की टीम पर दबाव बना। हालांकि, तीसरी सीरीज़ से उज्बेक जोड़ी ने मुकाबले का रुख पलट दिया और लगातार बढ़त बनाते हुए अंत तक उसे बरकरार रखा। अंततः उज्बेकिस्तान ने 1.7 अंकों के अंतर से स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

# आरसीबी ने तोड़ा दिल्ली का दिल, जीता डब्ल्यूपीएल 2026 का खिताब

एजेंसी

**वडोदरा।** कहानी बदलनी थी, लेकिन अंजाम वही रहा। महिला प्रीमियर लीग यानी डब्ल्यूपीएल 2026 के फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने 203 रन का विशाल स्कोर खड़ा करने के बावजूद एक बार फिर खिताब गंवा दिया। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने ऐतिहासिक रन चेज़ करते हुए 19.4 ओवर में 204/4 रन बनाकर खिताब अपने नाम किया। यह डीसी की लगातार चौथी फाइनल हार है, जबकि आरसीबी ने दूसरी बार डब्ल्यूपीएल ट्रॉफी जीती।

फाइनल मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए डीसी की शुरुआत बेहद धीमी रही। पावरप्ले के पहले तीन ओवरों में टीम सिर्फ 9 रन ही जोड़ सकी। लिज़ेल ली को लॉरेन बेल के खिलाफ रन बनाने में खासी दिक्कत हुई। इसके बाद सायली सतघरे के ओवर में ली ने लगातार दो छक्के जड़कर पारी को रफ्तार दी। शेफाली वर्मा ने सीमित गेंदों में दो चौके लगाए लेकिन उसी ओवर में आउट हो गईं। इसके बावजूद लिज़ेल ली ने श्रीयंका पाटिल के ओवर में 19 रन बटोरकर डीसी को मजबूती दी। ली 37 रन बनाकर आउट हुईं, लेकिन तब तक लय डीसी के पक्ष में आ चुकी थी। इसके बाद जेमिमा रोड्रिग्स ने आक्रामक तेवर दिखाते हुए सिर्फ 32 गेंदों में अर्धशतक जड़ा और टीम को 94/2 तक पहुंचाया। उनके आउट होने के बावजूद डीसी की रफ्तार नहीं थमी। अंतिम ओवरों में चिनेल हेनरी ने विस्फोटक बल्लेबाजी की। एक ओवर में



4,4,4,4,6 लगाकर उन्होंने मैच का रुख ही बदल दिया। लॉरा वोलवार्ट की अहम बाउंड्री के साथ डीसी ने स्कोर 203/4 तक पहुंचाया। इस मैदान पर डब्ल्यूपीएल 2026 में इससे पहले 160 से ज्यादा का स्कोर कभी चेज़ नहीं हुआ था और टूर्नामेंट के इतिहास में भी सिर्फ एक बार 200+ लक्ष्य हासिल किया गया था। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी की शुरुआत भी सहज नहीं रही। ग्रेस हैरिस ने दो चौके जरूर लगाए, लेकिन चिनेल हेनरी ने उन्हें जल्दी आउट कर दबाव बना दिया। कप्तान स्मृति मंधाना शुरुआती ओवरों में ज्यादा स्ट्राइक पर नहीं रहीं, लेकिन जॉर्जिया वोल ने लगातार बाउंड्री लगाकर रनरेट को गिरने नहीं दिया। पावरप्ले के आखिरी ओवर में मंधाना ने चौका और छक्का लगाकर आरसीबी को मजबूत शुरुआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों ने स्कोरबोर्ड को तेजी से चलाया और 10 ओवर में टीम का स्कोर 100/1 तक पहुंच गया। इसके बाद मंधाना ने लगातार बड़े शॉट लगाए और दोनों खिलाड़ियों ने अपने-अपने अर्धशतक पूरे किए। 165 रन की यह साझेदारी डब्ल्यूपीएल इतिहास की सबसे बड़ी साझेदारी साबित हुई।

# एस.एन.एस.बी इंटर कॉलेज दुहवा में गरिमामय फेयरवेल, अतिथियों ने दिया सफलता का मंत्र

जन एक्सप्रेस। बस्ती





**हरैया।** दुहवा स्थित श्री निवास श्री भगवान दास (एस.एन.एस.बी) इंटर कॉलेज में शुक्रवार को विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य फेयरवेल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, प्रशासन, न्याय, मीडिया और कॉर्पोरेट जगत से जुड़े विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति ने आयोजन को खास बना दिया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सी.ओ हरैया स्वर्णिमा सिंह रहीं। उनके साथ थानाध्यक्ष तहसीलदार सिंह, एडीजे संदीप सिंह, नायब तहसीलदार ऋषभ सिंह, फ्यूचर ग्रुप के रिटायर्ड फाइनेंशियल हेड सुभाष चंद्र मिश्र, वरिष्ठ पत्रकार अनिल ओझा तथा पत्रकार व एंटरप्रेन्योर अविनाश ओझा विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन रहे।

मुख्य अतिथि सी.ओ. हरैया ने छात्रों को परीक्षा के समय आत्मविश्वास, अनुशासन और सकारात्मक सोच को सफलता की कुंजी बताया। थानाध्यक्ष तहसीलदार सिंह ने कानून, नैतिकता और जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश देते हुए कहा कि सफलता के साथ चरित्र का निर्माण भी उतना ही जरूरी है।

एडीजे संदीप सिंह ने न्यायिक अनुभव साझा करते हुए छात्रों को लक्ष्य के प्रति ईमानदारी और निरंतर मेहनत का महत्व समझाया।

कॉर्पोरेट जगत में वर्षों का अनुभव रखने वाले सुभाष चंद्र मिश्र ने वित्तीय अनुशासन, समय प्रबंधन और करियर प्लानिंग पर उपयोगी टिप्स देकर छात्रों को व्यावहारिक दृष्टि दी।

वरिष्ठ पत्रकार अनिल ओझा ने कहा कि शिक्षा सोचने की क्षमता विकसित करती है और जागरूक समाज की नींव मजबूत करती है। वहीं पत्रकार व एंटरप्रेन्योर अविनाश ओझा ने छात्रों को सीखते रहने, जोखिम लेने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर खूब वाहवाही लूटी। विद्यालय के संरक्षक दिवाकर मिश्र ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

प्रधानाध्यापक करुणाकर मिश्र ने अतिथियों को स्मृति-चित्र भेंट कर विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बच्चों के प्रिय शिक्षक दीप नारायण मिश्र ने सदैव मार्गदर्शक बने रहने का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम का सशक्त संचालन विद्यालय की शिक्षिका व कवयित्री कात्यानी उपाध्याय ने किया, जिन्होंने 'दोस्ती' विषय पर अपनी भावपूर्ण रचनाएं प्रस्तुत कर समां बांध दिया। इस अवसर पर विद्यार्थी, शिक्षकगण एवं अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# क्विज और विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने दिखाया वैज्ञानिक हुनर

## राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत आयोजित प्रतियोगिता में जिलाधिकारी ने विजेताओं को किया सम्मानित



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर बेसिक शिक्षा विभाग जौनपुर द्वारा राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) सभागार में जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता एवं विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल एवं उप शिक्षा निदेशक डॉ. विनोद कुमार शर्मा ने जिलाधिकारी का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत केजीबीवी करंजाकला की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत से हुई, जिसने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया।

प्रतियोगिता में जनपद के प्रत्येक विकासखंड से चयनित छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। क्विज प्रतियोगिता एवं विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने विज्ञान, नवाचार और तार्किक सोच का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। क्विज प्रतियोगिता में शीर्ष पांच तथा विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में शीर्ष पांच विद्यार्थियों को विजेता घोषित किया गया।

विजेता विद्यार्थियों को जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र द्वारा टैबलेट, बैग, विज्ञान पुस्तकें, प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, जबकि क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं को 2000 नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि विज्ञान जिज्ञासा, नवाचार और भविष्य निर्माण का आधार है। उन्होंने विद्यालयों में निपुण भारत मिशन, स्वच्छता अभियान एवं शैक्षिक नवाचारों की सराहना करते हुए प्रारंभिक शिक्षा को और अधिक सशक्त बनाने पर जोर दिया। साथ ही मध्यान्ह भोजन में स्थानीय एवं पौष्टिक सब्जियों को शामिल करने की अपील भी की।

उप शिक्षा निदेशक डॉ. विनोद कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत विज्ञान मॉडलों की प्रशंसा करते हुए उन्हें निरंतर सीखने और प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। वहीं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल ने सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जिला समन्वयक प्रशिक्षण विशाल कुमार, सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी आलोक कुमार गुप्ता, एसआरजी टीम के सदस्य, डायट प्रवक्ता तथा विभिन्न विकासखंडों से आए शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नूपुर श्रीवास्तव ने किया।

# शहरी क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय में टाट पर बैठने को मजबूर बच्चे

## सरकारी दावों की पोल खोलती हकीकत, सवालों के घेरे में शिक्षा विभाग

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

### कागज़ों में सुविधाएं, ज़मीन पर बदहाली

**सरकार द्वारा कंपोजिट विद्यालयों को निम्न सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने का प्रावधान है**

- सभी कक्षाओं में डेस्क-बेंच की व्यवस्था
- स्मार्ट क्लास, एलईडी व डिजिटल सामग्री
- स्वच्छ पेयजल एवं शौचालय
- बच्चों के लिए मिड-डे मील
- खेल सामग्री एवं पुस्तकालय

जौनपुर प्रदेश सरकार जहां एक ओर गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक शिक्षा को लेकर बड़े-बड़े दावे कर रही है, वहीं जौनपुर नगर क्षेत्र स्थित कंपोजिट विद्यालय ईशापुर में पढ़ने वाले बच्चे आज भी टाट पर बैठकर शिक्षा ग्रहण करने को मजबूर हैं। यह हाल तब है जब यह विद्यालय शहरी क्षेत्र में स्थित है। ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि ग्रामीण अंचलों के विद्यालयों की स्थिति कितनी बदहाल होगी।

विद्यालय में न तो पर्याप्त डेस्क-बेंच उपलब्ध हैं और न ही बुनियादी बैठने की समुचित व्यवस्था। बच्चे जमीन पर बिछी टाट पर बैठकर पढ़ाई करने को विवश हैं, जो न केवल उनके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है बल्कि सरकार के आधुनिक शिक्षा के संकल्प पर भी सवाल खड़े करता है।

### पर्याप्त संख्या में शिक्षक व सहायक स्टाफ

लेकिन हकीकत यह है कि इन सुविधाओं का लाभ बच्चों तक नहीं पहुंच पा रहा है। सवाल यह उठता है कि जब बजट और योजनाएं मौजूद हैं, तो फिर संसाधन कहां गायब हो रहे हैं?

### जिम्मेदार कौन? मीटिंग में व्यस्त अफसर या सिस्टम की लापरवाही

स्थानीय अभिभावकों का आरोप है कि शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारी केवल मीटिंग, निरीक्षण की खानापूर्ति और कार्यालयों में बैठकर औपचारिकता निभाने तक सीमित रह गए हैं। जमीनी स्तर पर न तो विद्यालयों की वास्तविक स्थिति देखी जा रही है और न ही समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। यह स्थिति बेसिक शिक्षा विभाग विद्यालय प्रशासन और संबंधित अधिकारियों की लापरवाही और उदासीनता को उजागर करती है।

### बच्चों के भविष्य से खिलवाड़

टाट पर बैठकर पढ़ने को मजबूर बच्चे न केवल शारीरिक असुविधा झेल रहे हैं, बल्कि यह उनके आत्मसम्मान और सीखने की गुणवत्ता पर भी असर डाल रहा है। यदि शहरी क्षेत्र के विद्यालयों की यह स्थिति है, तो ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की दशा पर सवाल उठना लाज़मी है।

### अब ज़रूरत जवाबदेही की

प्रदेश सरकार को चाहिए कि ऐसे विद्यालयों की तत्काल जांच कराई जाए, दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई हो और बच्चों को वह सुविधाएं मिलें जिनका वादा कागज़ों में नहीं, ज़मीन पर दिखे।

# साइड न देने पर चलती बस पर फायरिंग, दो आरोपी गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस। बस्ती

छावनी थाना क्षेत्र में साइड न देने के विवाद में चलती बस पर फायरिंग करने वाले मुख्य अभियुक्त और उसके सहअभियुक्त को पुलिस ने अवैध असलहे के साथ गिरफ्तार कर लिया है। घटना 4 फरवरी की है, जब मझौवा गांव के पास सफेद बुलेट सवार युवक ने बस चालक से कहासुनी के बाद तमंचे से फायर कर दिया था। मामले में थाना छावनी में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान सामने आए अभियुक्त शिवम सिंह उर्फ प्रियांशु सिंह निवासी पड़री बाबू, थाना परसरामपुर को 5 फरवरी की शाम परसरामपुर थाने से हिरासत में लिया गया। पूछताछ में उसने अपने साथी हिमांशु शर्मा निवासी धरमपुर मुगलिया की संलिप्तता स्वीकार की। इसके बाद पुलिस ने 6 फरवरी की सुबह मुखबिर की सूचना पर अमौली-हनुमानगंज मार्ग स्थित नहर पुलिया के पास से सहअभियुक्त हिमांशु शर्मा को दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि बस चालक द्वारा साइड न देने पर विवाद हुआ और गुस्से में आकर उसने फायर कर दिया। घटना के बाद दोनों फरार हो गए थे। बाद में अपराधबोध के चलते शिवम ने आत्मसमर्पण किया, जबकि हिमांशु भागने की कोशिश में पकड़ा गया। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने एक 9 एमएम देशी तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। अभियुक्तों की स्वीकारोक्ति और बरामदगी के आधार पर मुकदमे में आर्म्स एक्ट की धाराएं भी बढ़ाई गई हैं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार मुख्य अभियुक्त पर पहले से कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। पूरी कार्रवाई थानाध्यक्ष छावनी के नेतृत्व में की गई। पुलिस का कहना है कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और ऐसे मामलों में किसी को बख्शा नहीं जाएगा।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली और इनोवा की आमने-सामने टक्कर, किशोर की मौत, नौ घायल

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर बदलापुर कोतवाली क्षेत्र के पूरामुकुंद गांव स्थित वाराणसी-लखनऊ फोरलेन हाईवे-731 पर गुरुवार तड़के करीब तीन बजे तेज रफ्तार और गलत दिशा में वाहन चलाने का खामियाजा एक किशोर को अपनी जान देकर चुकाना पड़ा। गलत दिशा से आ रही इनोवा कार और ट्रैक्टर-ट्रॉली की आमने-सामने भिड़ंत में 15 वर्षीय किशोर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार, फत्तूपुर गांव निवासी मधुबन गौतम बैंड पार्टी का कार्य करते हैं। गुरुवार रात वह सुजानगंज क्षेत्र में एक शादी समारोह में बैंड बजाने के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली से अपने साथियों के साथ घर लौट रहे थे। घर से लगभग 800 मीटर पहले पूरामुकुंद गांव के पास सुल्तानपुर की ओर से गलत दिशा में आ रही तेज रफ्तार इनोवा कार ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि ट्रैक्टर-ट्रॉली पर सवार 15 वर्षीय सक्षम गौतम की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं ट्रैक्टर पर सवार अमरजीत (39), मधुबन (60), नन्हे (32), मनीष (28), इरफान (14) और प्रदीप गौतम (30) निवासी फत्तूपुर, बदलापुर गंभीर रूप से घायल हो गए। दूसरी ओर इनोवा कार में सवार मनीष यादव (18), आशुतोष तिवारी (22) और रहमत (25) को भी गंभीर चोटें आई हैं।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मृतक किशोर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

प्रभारी निरीक्षक शेष कुमार शुक्ल ने बताया कि प्रारंभिक जांच में इनोवा कार का गलत दिशा से आना हादसे का मुख्य कारण प्रतीत हो रहा है। मामले की जांच की जा रही है और आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## महिला ने बरगद का पेड़ काटने का लगाया आरोप, कप्तान से शिकायत

**जन एक्सप्रेस। बस्ती।** कोतवाली थाना क्षेत्र के चननी सियारोवास निवासी महिला विजयलक्ष्मी ने गांव में स्थित लगभग 150 वर्ष पुराने बरगद के पेड़ को काटने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है। प्रार्थिनी विजय लक्ष्मी पत्नी दिलीप कुमार निवासी चननी सियारोवास ने दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 5 फरवरी 2026 को दोपहर करीब 1:30 बजे वह अपने मायके जा रही थीं। इसी दौरान मौजा बरसांव में उनकी सास चन्द्रावती देवी के नाम दर्ज गाटा संख्या 256 रकबा 0.2430 हेक्टेयर भूमि पर खड़े पुराने बरगद के पेड़ को रामू प्रसाद पुत्र छट्ठीराम व दो-तीन अज्ञात लोगों द्वारा काटा जा रहा था। विरोध करने पर आरोप है कि उक्त लोगों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की तथा जमीन में तेजाब डालने की धमकी दी। पीड़िता का कहना है कि घटना की सूचना स्थानीय थाने को दी गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से मामले में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई कराने की मांग की है।


# गौ आधारित प्राकृतिक खेती से होगा कृषि का सतत विकास

### बीजामृत तैयार करने की विधि

पांच किलो ताजा गाय का गोबर लेकर एक कपड़े की थैली में रखकर एक पात्र में रख दें और पात्र को पानी से भर दे इससे गोबर में विद्यमान सारे तत्व छनकर पानी में आ जाएंगे। दूसरे पात्र में 50 ग्राम चूना लेकर एक लीटर पानी में मिलाएं। 12 से 16 घंटे बाद कपड़े की थैली को दबाकर निचोड़ लें और गोबर अंक के साथ पांच लीटर गोमूत्र मिला दे, 50 ग्राम जंगल की शुद्ध मिट्टी, चूने का पानी और 20 लीटर सादा पानी भी मिला दे। 8 से 12 घंटों तक इस मिश्रण को छोड़ दीजिए इसके पश्चात पूरा मिश्रण छान लें। छना हुआ मिश्रण बीज उपचार के लिए उपयोग करें।

### जीवामृत तैयार करने की विधि

दश किग्रा गाय का गोबर +10 लीटर गोमूत्र + 2 किग्रा.गुण तथा एक किग्रा किसी दाल का आटा+ एक किग्रा जीवंत मृदा को 200 लीटर जल में मिलाकर पांच से सात दिनों हेतु सड़ने दे। नियमित रूप से दिन में तीन बार मिश्रण को हिलाते रहे। एक एकड़ क्षेत्र में सिंचाई जल के साथ प्रयोग करें तो हानिकारक रासायनिक उर्वरकों के बगैर बेहतर उपज ली जा सकती है।



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

**खुटहन।** कृषि विभाग द्वारा शुक्रवार को ब्लाक सभागार में कृषि सूचना तन्त्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत रबी उत्पादकता गोष्ठी/कृषि निवेश मेला का आयोजन किया गया कृषि विशेषज्ञों द्वारा किसानों को गौ आधारित शून्य बजट की प्राकृतिक खेती, रबी फसलों की उन्नति तकनीक, फार्मर रजिस्ट्री, फसल बीमा योजना की जानकारी दी गई।

मुख्य अतिथि प्रमुख बृजेश यादव ने कहा कि सरकार किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए तमाम योजनाएं चला रही है उसका लाभ किसान लेकर समृद्धि कर सकते हैं। उप कृषि निदेशक डा. वीबी द्विवेदी ने किसानों को बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सहित अन्य योजनाओं का लाभ अब उन्ही किसानों को मिलेगा जिनकी फार्मर रजिस्ट्री बन गई है, उन्होंने किसानों से 31 मार्च के पहले फार्मर रजिस्ट्री कराने का सुझाव दिया। उप परियोजना निदेशक आत्मा डा. रमेश चंद्र यादव ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पूरी तरह से प्राकृतिक संसाधनों के इस्तेमाल से की जाने वाली खेती को प्राकृतिक/जैविक खेती कहा जाता है। जैविक खेती केवल फसल उत्पादन तक सीमित नहीं है वरन पशुपालन में भी यदि पशुओं को भोजन और दवाइयां इत्यादि प्राकृतिक रूप से उपलब्ध संसाधनों से प्रदान की जाएं तो ऐसे पशुओं के उत्पाद भी जैविक पशु उत्पाद कहलाते हैं। जब जैविक कृषि उत्पादन की बात करते हैं तो इसका अर्थ यह होता है कि कृषि उत्पादन के लिए जिन संसाधनों यथा (खाद, कीटनाशक इत्यादि) का उपयोग हो वे सभी प्राकृतिक रूप से ही बने होनी चाहिए इसके लिए गर्मी में गहरी जुताई, बीज शोधन, खरपतवार नियंत्रण, मल्चिंग, पौधों को पोषण गोबर की खाद, हरी खाद, वर्मी कंपोस्ट, पीएसबी कल्चर, माइकोराइजा, राइजोबियम, फसल चक्र का पालन, कीट एवं रोग नियंत्रण हेतु जैविक रोगनाशक/कीटनाशक ट्राइकोडर्मा, ब्यूवेरिया बेसियाना का प्रयोग करें। उन्होंने प्राकृतिक खेती के मूल सिद्धांतों यथा बीजा मृत, जीवा मृत, मल्चिंग एवं वाफसा की विस्तार से जानकारी दिया। अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष भाजपा वसन्त मौर्य एवं संचालन एसएमएस नन्द किशोर ने किया। इस मौके पर पूर्व मण्डल अध्यक्ष वंश बहादुर पाल, प्रभारी बीज गोदाम लालबहादुर, प्राविधिक सहायक उमेश चन्द्र, बीटीएम राजेन्द्र पाल, सुभाष द्विवेदी, हीरालाल, रामधनी, अखिलेश पाठक आदि किसान मौजूद रहे।

## जौनपुर सुनीता राय को राज्यपाल महोदया द्वारा किया गया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** जिला उद्यान अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जनभवन, लखनऊ में आयोजित प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी-2026 का शुभारंभ मा0 राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल तथा मा0 राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात, उत्तर प्रदेश दिनेश प्रताप सिंह के कर-कमलों द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में जनपद जौनपुर के विकासखण्ड मुफ्तीगंज, ग्राम मेहौडा निवासी सुनीता राय को मशरूम की खेती में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मा0 राज्यपाल महोदया द्वारा सम्मानित किया गया। सुनीता राय की यह उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत परिश्रम और उद्यमशीलता का परिणाम है, बल्कि यह जनपद एवं प्रदेश में मशरूम उत्पादन के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक उदाहरण भी प्रस्तुत करती है। उन्होंने 30 अप्रैल 2024 को मशरूम उत्पादन यूनिट की शुरुआत की थी, जिसने अत्यंत कम समय में 3.98 करोड़ रुपये का टर्नओवर प्राप्त कर एक नई मिसाल कायम की है। गत वर्ष 204 मीट्रिक टन उत्पादन के सापेक्ष, चालू वित्तीय वर्ष में 450 मीट्रिक टन से अधिक उत्पादन का लक्ष्य उनकी व्यावसायिक दूरदर्शिता और प्रबंधन क्षमता को दर्शाता है। तकनीकी नवाचार के अंतर्गत उन्होंने कैनिंग यूनिट की स्थापना कर मशरूम की शेल्फ लाइफ को 3 दिन से बढ़ाकर 18 माह तक कर दिया है, जो इस क्षेत्र में एक गेम-चेंजर कदम माना जा रहा है।

# बजट समाज के हर वर्ग के कल्याण के साथ विकसित भारत के संकल्प को साकार करने वाला- ए.के.शर्मा

## भाजपा प्रभारी मंत्री ने बजट पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में गिनाईं उपलब्धियां




जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर भारतीय जनता पार्टी जौनपुर के प्रभारी मंत्री ए.के. शर्मा ने बजट को समाज के हर वर्ग के हित में और विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने वाला बताते हुए कहा कि यह बजट कर्तव्यनिष्ठ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कर्तव्य पथ पर चलने का स्पष्ट उदाहरण है। वह बजट पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे।

ए.के. शर्मा ने कहा कि कर्तव्य भवन से प्रस्तुत यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास के मूल मंत्र को पूरी तरह प्रतिबिंबित करता है। उन्होंने लगातार नौवीं बार बजट प्रस्तुत करने के लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बधाई देते हुए कहा कि यह भारत सरकार की पॉलिसी सस्टेनेबिलिटी और सुशासन का स्पष्ट प्रमाण है। जनता का प्रधानमंत्री पर जो अटूट विश्वास है, वह इस बजट में झलकता है।

उन्होंने कहा कि वैश्विक अस्थिरता के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था लगभग सात प्रतिशत की दर से आगे बढ़ रही है, जो इस बात का प्रमाण है कि सरकार ने जीडीपी को मजबूत किया है और महंगाई को नियंत्रण में रखा है। इस बजट में शिक्षा और इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े प्रोजेक्ट्स को विशेष प्राथमिकता दी गई है।

प्रभारी मंत्री ने बजट को युवा शक्ति से प्रेरित बताते हुए कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर ग्रोथ के माध्यम से मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स को बढ़ावा देने और नए रोजगार सृजित करने पर विशेष जोर दिया गया है। सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स, स्पोर्ट्स और बायोफार्मा जैसे क्षेत्रों को सरकार की ओर से प्रोत्साहन मिलना सराहनीय है। उन्होंने बताया कि सेमीकंडक्टर क्षेत्र में लगभग 40 हजार करोड़ रुपये और बायोफार्मा क्षेत्र में 10 हजार करोड़ रुपये के प्रावधान से भारत को मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने की दिशा में मजबूत आधार तैयार किया गया है।

ए.के. शर्मा ने कहा कि इस बजट में महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज की भावना भी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है, जिससे बुनकरों, कुटीर एवं लघु उद्योगों को लाभ मिलेगा और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार को मजबूती मिलेगी। टूरिज्म और सांस्कृतिक केंद्रों के विकास की दिशा में भी यह बजट सरकार की दूरदर्शिता को दर्शाता है। उन्होंने 20 नए वॉटरवेज के निर्माण को परिवहन क्षेत्र में नए आयाम खोलने वाला कदम बताया। पटना और बनारस को शिप रिपेयरिंग सेंटर के रूप में विकसित करने की योजना से इन क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि नारियल उद्योग और मत्स्य पालन को प्राथमिकता देना सरकार की इस मंशा को दर्शाता है कि हर वर्ग को साथ लेकर आगे बढ़ा जाए। साथ ही परिवहन क्षेत्र के लिए बजट बढ़ाया जाना और रक्षा क्षेत्र के लिए 7.8 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान यह स्पष्ट करता है कि देश की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। प्रेस कांफ्रेंस में जिला अध्यक्ष मछलीशहर अजय सिंह, जिला महामंत्री जौनपुर अमित श्रीवास्तव, जिला मीडिया प्रभारी आमोद सिंह एवं स्कंद पटेल उपस्थित रहे।

# शिक्षा में निवेश ही सबसे श्रेष्ठ- आईएएस अभिषेक सिंह

## पाठशाला लाइब्रेरी का फीता काटकर किया उद्घाटन, छात्रों को मिलेगा अनुकूल अध्ययन वातावरण

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

शहर के ईसापुर मोहल्ले में स्थित पाठशाला लाइब्रेरी का शुभारंभ शुक्रवार को आईएएस अधिकारी अभिषेक सिंह ने फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, शिक्षाविदों और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आईएएस अभिषेक सिंह ने कहा कि शिक्षा और करियर के क्षेत्र में किया गया निवेश सबसे श्रेष्ठ होता है। उन्होंने कहा कि आज पैसे कमाने के कई साधन उपलब्ध हैं, लेकिन यदि कोई व्यक्ति ऐसा कार्य करता है जिससे समाज का भविष्य संवरता हो और युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिले, तो वह अत्यंत सराहनीय है। ऐसे प्रयास करने वालों को मैं हाथ जोड़कर नमन करता हूं।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित ऋतुराज सिंह छोटू ने कहा कि वर्तमान समय में लाइब्रेरी का शुभारंभ होना एक सराहनीय और समय की मांग के अनुरूप पहल है। इससे आसपास के विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा और उन्हें अपने क्षेत्र में ही एक सकारात्मक, शांत और अनुकूल अध्ययन वातावरण उपलब्ध होगा। उन्होंने पाठशाला लाइब्रेरी के संचालक सौरभ चक्रवर्ती को इस पहल के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक, शिक्षाविद् एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## तीन मामलों में चार दोषियों पर लगाया अर्थदंड

**जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर।** शहर, कटरा व और विंध्याचल थानों में दर्ज तीन मामलों की सुनवाई करते हुए न्यायालय ने चार दोषियों पर अर्थदंड लगाया है। शहर कोतवाली में 2003 में कॉपी राइट एक्ट, कटरा कोतवाली में वर्ष 2000 में चोरी और विंध्याचल थाना में मारपीट की प्राथमिकी दर्ज हुई थी। न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राहुल कुमार सिंह ने कॉपी राइट मामले में दोषी शशि कुमार गुप्ता निवासी धुंधी कटरा पर 25 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर दोषी को 15 दिन की कारावास की सजा भुगतनी होगी। कटरा कोतवाली में दर्ज मामले में दोषी कन्हैया उपाध्याय निवासी पैरिया टोला कोतवाली कटरा पर दो हजार का अर्थदंड लगाया। विंध्याचल थाना में दर्ज मामले में दोषी राम सहाय उर्फ कैलाश व रामआसरे निवासी दुगरहां थाना विंध्याचल पर चार-चार हजार का अर्थदंड लगाया।

# नेपाल पोखरा से भारत पहुंची सर्वोदय शांति पदयात्रा

## पदयात्रा में तिकुनिया से भी जैन समाज के लोग जुड़े





जन एक्सप्रेस। निघासन खीरी

### राष्ट्रसंत नेपाल केसरी डाक्टर मणिभद्र मुनिजी की सर्वोदय शांति पदयात्रा का भारत में हुआ भव्य स्वागत

मानवता, सद्भाव और वैश्विक शांति के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय मानव मिलन संस्था के संस्थापक नेपाल केसरी राष्ट्रसंत डाक्टर मणिभद्र मुनिजी महाराज सहित छह गुरुदेवों की %सर्वोदय शांति पदयात्रा छह फरवरी को भारत पहुंची तो जोरदार स्वागत हुआ। पदयात्रा में तिकुनिया से भी जैन समाज के लोग शामिल होने पहुंचे।सर्वोदय शांति पदयात्रा का शुभारंभ सात जनवरी को नेपाल के पोखरा से हुआ था। अंतर्राष्ट्रीय मानव मिलन संस्थापक नेपाल केसरी राष्ट्र संत जैन मुनि डाक्टर मणिभद्र मुनि जी महाराज की सर्वोदय शांति पथयात्रा 6 फरवरी को भारत पहुंची तो जोरदार स्वागत हुआ। पदयात्रा में भारत व नेपाल के कोने-कोने से भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल होने पहुंचे। भारत में यह पदयात्रा गोरखपुर, वाराणसी (बनारस) समेत उत्तर प्रदेश के कई जनपदों से होते हुए छत्तीसगढ़ के दुर्ग में संपन्न होगी। राष्ट्रसंत नेपाल केसरी डाक्टर मणिभद्र मुनिजी महाराज अभी तक 90000 किलोमीटर से अधिक की पदयात्रा कर चुके हैं। उन्होंने भारत व नेपाल के साथ भूटान में भी पदयात्रा कर शांति का संदेश दिया है। उन्होंने शांति का संदेश देते हुए कहा कि यह पदयात्रा न केवल दो देशों की सीमाओं को जोड़ेगी, बल्कि मैत्री, करुणा और सर्वोदय के सिद्धांतों को भी पुख्ता करेगी। नेपाल से तमाम संस्थाओं के संत महात्माओं बुद्ध परंपरा के संत भंते सुमंगलों, नाथ संप्रदाय के डाक्टर चूड़ामणि, धार्मिक अभियंता श्री पुष्पराजने इस पदयात्रा में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर नेपाल के मनमोहन चौधरी पूर्व मेयर लुंबिनी, पूर्व मंत्री भरत कुमार शाह, पूर्व मंत्री ओमप्रकाश यादव, आसामी बाबा, शीतल प्रसाद जैन, मुकेश कुमार जैन, दिनेश कुमार जैन, सिद्धम जैन, धनंजय जैन, विनोद जैन, जितेंद्र जैन सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## पूर्व जिलाध्यक्ष सुशील कटियार के आवास पहुंचे कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने गुरुवार को क्षेत्रीय दौरे के दौरान भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुशील कटियार तथा विश्व हिंदू परिषद के पूर्व जिला अध्यक्ष अनुभव कटियार उर्फ शंकर के आवास पहुंचकर उनके परिजनों से मुलाकात की। मंत्री के आगमन पर कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और फूलमालाओं से अभिनंदन किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुभव कटियार की बहन का विवाह शुक्रवार को प्रस्तावित है। व्यस्त कार्यक्रमों के कारण मंत्री विवाह समारोह में शामिल नहीं हो सके, इसलिए उन्होंने एक दिन पहले ही आवास पहुंचकर परिवार से भेंट की और होने वाले विवाह के लिए शुभकामनाएं दीं। इससे पहले पी.एस. कोल्ड स्टोर में कार्यकर्ताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया, जिसके बाद वे सीधे अनुभव कटियार के आवास पहुंचे। यहां उन्होंने परिजनों से आत्मीय मुलाकात करते हुए परिवार के साथ कुछ समय बिताया और मंगलकामनाएं दीं। मुलाकात के दौरान अनुभव कटियार ने क्षेत्र की कुछ जनसमस्याएं भी कैबिनेट मंत्री के समक्ष रखीं। मंत्री ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

# डेयरी कर्मचारी की हत्या का हुआ खुलासा

## एक गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

गाजियाबाद के थाना टीला मोड़ क्षेत्र के ग्राम रिस्तल में डेयरी कर्मचारी की कुल्हाड़ी से की गई हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। यह हत्या श्रीजी कामधेनु डेयरी में काम करने वाले सुनील की हुई थी, जो पिछले छह महीने से वहीं काम कर रहा था।

4 फरवरी 2026 को सुनील के भाई वीरबल ने पुलिस को सूचना दी थी कि सुनील की सिर पर कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी गई है। इसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की और डेयरी संचालक तथा गांव के लोगों से पूछताछ की। जांच में सामने आया कि इसी डेयरी में काम करने वाला दूसरा कर्मचारी दुखराज उर्फ हीरा उर्फ अर्जुन इस घटना में शामिल हो सकता है।

5 फरवरी को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर श्रीजी कामधेनु डेयरी स्थित आरोपी के कमरे से दुखराज को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल की गई खून से सनी कुल्हाड़ी और वारदात के समय पहनी गई खून लगी ऊनी टी-शर्ट भी बरामद की गई।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह वर्ष 2017 से डेयरी में काम कर रहा था। कुछ महीने पहले उसका मोबाइल फोन खो गया था, जिसे लेकर उसका सुनील से विवाद हुआ था। इसके बाद दोनों के बीच काम को लेकर अक्सर झगड़े होने लगे थे। घटना वाले दिन भी दोनों में कहासुनी हुई थी।

रात में जब सुनील अपने कमरे में सो रहा था, तब आरोपी ने मौके का फायदा उठाया। कमरे में रखी कुल्हाड़ी उठाकर उसने सोते हुए सुनील के सिर पर वार कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के बाद आरोपी अपने कमरे में चला गया और खून से सनी टी-शर्ट छिपाकर सो गया।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की जांच जारी है।

# एस.आई.आर.अभियान के अंतिम दिन मौजमपुर बूथ पर पहुँचे सपा विधानसभा अध्यक्ष, उत्कृष्ट कार्य पर बीएलए सम्मानित

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



समाजवादी पार्टी के बिल्हौर विधानसभा अध्यक्ष विनय यादव ने शुक्रवार को विकास खण्ड ककवन के ग्राम मौजमपुर स्थित बूथ पर पहुंचकर मतदाता विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान की प्रगति का निरीक्षण कर गहन समीक्षा की। अभियान के अंतिम दिन की संवेदनशीलता को देखते हुए उन्होंने मौके पर मौजूद बीएलओ, बीएलए व संबंधित कर्मचारियों से संवाद कर मतदाता सूची के अद्यतन कार्य की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान मौजमपुर के बूथ स्तरीय अभिकर्ता (बीएलए) द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट व जिम्मेदाराना कार्य की सराहना करते हुए विनय यादव ने उन्हें अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर पर कार्य करने वाले बीएलओ और बीएलए लोकतंत्र की सबसे मजबूत कड़ी हैं, जिनकी मेहनत और निष्ठा से ही निष्पक्ष, पारदर्शी और त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार हो पाती है।उन्होंने निर्देश दिए कि ग्राम पंचायत के सभी मतदाता ड्राफ्ट मतदाता सूची में अपने नाम की अनिवार्य रूप से जांच कर लें। जिनका नाम सूची में शामिल नहीं है या जिनके नाम, पते अथवा आयु में किसी प्रकार की त्रुटि है, उनके नाम जोड़ने और संशोधन की प्रक्रिया को प्राथमिकता के साथ पूरा कराया जाए। साथ ही उन्होंने विशेष रूप से 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके पात्र युवाओं को मतदाता सूची में शामिल करने पर जोर दिया, ताकि कोई भी नया मतदाता अपने अधिकार से वंचित न रहे।ग्रामवासियों से अपील करते हुए विनय यादव ने कहा कि मतदाता सूची में नाम दर्ज होना मात्र एक औपचारिकता नहीं, बल्कि लोकतंत्र में भागीदारी का सबसे प्रभावी माध्यम है। मतदान का अधिकार हमें अपनी बात रखने और जनतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने का अवसर देता है, इसलिए इस प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही भविष्य में हमारे अधिकार को कमजोर कर सकती है।

उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं से विशेष पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने, स्वयं जागरूक बनने और दूसरों को भी प्रेरित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एक शुद्ध और त्रुटिरहित मतदाता सूची ही निष्पक्ष चुनाव की मजबूत नींव होती है, जिससे लोकतंत्र में जनता का विश्वास और अधिक सुदृढ़ होता है।

इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि और बूथ स्तरीय कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। पूर्व प्रधान रामप्रकाश यादव, बीएलए राधा रमन, बूथ अध्यक्ष अमित, विनोद गुप्ता, उपेन्द्र, सर्वेश, कमलेश, राजेन्द्र, उधन सिंह, महाबीर, अंकित, सुरेन्द्र कुमार, राजेन्द्र यादव, रवी, दीपु यादव सहित अनेक ग्रामीणों ने अभियान को समयबद्ध और प्रभावी ढंग से पूर्ण कराने में सक्रिय सहयोग का आश्वासन दिया।

# कांग्रेस पार्टी ने हमेशा दलितों वंचितों और शोषितों के अधिकारों की रक्षा की

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी




शुक्रवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के आवाहन कर जिला अनुसूचित जाति विभाग कांग्रेस कमेटी के तत्व प्रधान में कांग्रेस भवन पर प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। उक्त प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर अनुसूचित जाति विभाग कांग्रेस प्रमोद जयंत मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा दलितों वंचितों और शोषितों के अधिकारों की रक्षा की है। भाजपा के सत्ता में आने के बाद प्रदेश में लगातार दलितों पर हो रहे हमले इस अन्याय के खिलाफ कांग्रेस पार्टी दलितों के साथ है। साथ ही जयंती में दलितों को जोड़ने पर विशेष जोर दिया वर्तमान भाजपा सरकार हमेशा से ही दलितों का शोषण किया है। सामाजिक आर्थिक सशक्तिकरण महापुरुषों के सम्मान के लिए कांग्रेस ने हमेशा कार्य किया है।

बीजेपी नेहाल देश का सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का कार्य किया है। आज देश में महंगाई बेरोजगारी चरम सीमा पर है सरकार सिर्फ सिर्फ सभी जातियों को बांटने का कार्य कर रही जनता को इसी में उलझाए रखना उनकी फितरत में है।

उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष बृजेश कुमार आर्य ने कहा कि अब वह वक्त आ गया है कि हम सभी लोगों को एकजुट होकर दलित वंचित शोषित लोगों को कांग्रेस पार्टी से जोड़ना होगा।

कांग्रेसी ही दलितों की सच्ची हितैषी पार्टी है। कांग्रेस ने अपने कार्यकाल में दलितों के उत्थान के लिए अनेकों कार्य किए हैं समानता का अवसर दिया।

जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने कहा कि भाजपा सरकार में हर वर्ग त्रस्त है उनकी नीतियां जनविरोधी हैं। हम सभी को एकजुट होकर पार्टी व संगठन को मजबूती प्रदान करनी है। जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति विभाग रामजीवन राज ने अपने संबोधन में कहा कि दलितों वंचितों की लड़ाई सिर्फ कांग्रेस ही लड़ती है जल्द ही पार्टी की विचारधारा नीतियों को लेकर दलितों के बीच जाएंगे द्य रात्रि प्रवास भी किया जाएगा संगठन से जोड़ने का कार्य किया जायेगा जल्द ही पार्टी के संगठन को बूथ स्तर तक पहुंचाने का कार्य किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम की जानकारी कांग्रेस प्रवक्ता रवि तिवारी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी। उक्त प्रेस वार्ता में प्रमुख रूप से उपस्थित मोहन चंद्र उप्रेती, सत्ती सरन गौतम, वरुण चौधरी, रामपाल शाक्य, लतीफ आजम, अब्दुल रहीम, सुमित उपाध्याय, शिवम राज आदि।

तदोपरांत जिला अनुसूचित जाति विभाग कांग्रेस कमेटी की समीक्षा बैठक भी की गई। उक्त बैठक में प्रमुख रूप से उपस्थित शिवम राज महासचिव पप्पू राज अवधेश कुमार कनौजिया उमाशंकर राज एडवोकेट लखीमपुर ब्लाक अध्यक्ष सुंदरलाल राज मनोज कुमार शबनम खान अनुराग राज अभिषेक राज मोहित राज पवन कुमार अमित कुमार आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# लोहे के पाईप से मारकर कलियुगी बेटे ने किया बूढी माँ का कत्ल



जन एक्सप्रेस। उन्नाव

नगर कोतवाली गंगाघाट क्षेत्र के ग्राम पीपर खेड़ा में दिन दहाड़े हुई हत्या की वारदात से गाँव वालों में हड़कम्प मच गया रिस्तो को शर्मसार करने वाली हत्या की वारदात गांव वालों में बनी चर्चा का विषय मृतका शान्ति देवी पत्नी स्व राम कुमार उम्र 70 वर्ष की उनके अपने ही बेटे राजन उर्फ़ कल्लू उम्र 30 वर्ष ने दिन में लगभग 1ः15 बजे घर के बाहर लोहे के पाईप से ताबड़तोड़ वार कर मौत की नींद सुला दिया और फरार हो गया गांव वालों ने बताया की मृतका शान्ति के दो बेटे है बड़ा बेटा राजेश घर से अलग कुछ ही दूरी पर रहता है जोकि मजदूरी कर अपना जीवन यापन करता है वही हत्या आरोपी राजन उर्फ़ कल्लू जमीन की दलाली का काम करता है गांव वालों के अनुसार हत्या आरोपी राजन उर्फ़ कल्लू नशे का आदी है उसका विवाह 2014 में हुआ था और तीन बच्चों का पिता है लेकिन पारिवारिक कलह के कारण पत्नी संगीता विगत तीन वर्षो से अपने दोनों बेटे मयंक और अंश के साथ मायके में रह रही थी जबकि बेटी राधा अपनी दादी के साथ रहती है गांव वाले हत्या की कोई ठोस वजह नही बता पा रहे है लेकिन रिस्तो को कलंकित करने वाली गंभीर घटना से गांव वालों में रोष ब्याप्त है घटना की खबर मिलते ही परिजनों का रों रों कर बुरा हाल था मौके पर पंहुचे कोतवाली गंगाघाट प्रभारी अजय कुमार सिंह मय पुलिस बल और फारेंसिक टीम ने घटना स्थल से साक्ष्य एकत्र किये और शव को विधिक कार्यवाही के बाद पोस्ट मार्टम के लिए मोर्चरी भेजा और हत्या आरोपी की गिरफ्तारी से सम्बंधित आवश्यक निर्देश दिए।

## प्लॉट कब्जे के विवाद में एक गिरफ्तार, शांति भंग की आशंका पर ककवन पुलिस की कार्रवाई

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। कमिश्नरेट कानपुर नगर के थाना ककवन पुलिस ने शांति व्यवस्था भंग होने की आशंका को देखते हुए प्लॉट कब्जे के विवाद में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई।पुलिस उपायुक्त पश्चिम, अपर पुलिस उपायुक्त पश्चिम व सहायक पुलिस आयुक्त बिल्हौर के निर्देशन में थानाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह राजपूत के नेतृत्व में कस्बा रहीमपुर विषधन क्षेत्र में यह कार्रवाई की गई। पुलिस को सूचना मिली थी कि प्लॉट पर कब्जेदारी को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद की स्थिति बनी हुई है, जिससे क्षेत्र में शांति व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका थी।सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए कस्बा रहीमपुर विषधन निवासी सद्दाम हुसैन (34), पुत्र स्व. अफरोज आलम को धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद शुक्रवार को उसे न्यायालय भेज दिया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में चौकी प्रभारी विषधन उपनिरीक्षक शैलेन्द्र गिरि व उपनिरीक्षक संजय कुमार सिंह, थाना ककवन शामिल रहे।

# एक्सप्रेस खबरें...

### अनियंत्रित होकर बाइक पेड़ से टकराई दो की मौत गई

जन एक्सप्रेस। सिंगाही खीरी। पढ़ुआ थाना क्षेत्र के मोहना पुर गांव के पास तेज रफ्तार बाइक मोड पर अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई,हादसे में बाइक पर सवार दो लोगों की मौत हो गई,जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक सिंगाही थाना क्षेत्र के मटहिया गांव का रहने वाला छोटे लाल अपनी रिश्तेदारी के गांव गद्दी पूर्वा से होकर वापस घर लौट रहा था,बाइक पर आगे 07 साल की बच्ची सहित कुल 04 लोग सवार थे,तभी मोहना पुर गांव के पास मोड़ पर बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा कर खाई में गिर गई,हादसे में मटहिया गांव निवासी छोटे लाल उम्र करीब 40 वर्ष और सोना उम्र 07 साल की मौके पर ही मौत हो गई,वहीं दो लोग घायल हो गए, सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस बुलाकर रमिया बेहड सीएचसी भिजवाया, जाकर डॉक्टर ने दो लोगों को मृतक घोषित कर दिया, और घायल दो लोगों को प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला अस्पताल रेफर किया है।थाना प्रभारी विवेक उपाध्याय ने बताया कि की दो लोगों की मौत हुई है जिनके शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है,वही घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### 29 वी बाबा टेढ़े नाथ धाम से निकली ध्वजा यात्रा

जन एक्सप्रेस। अमीरनगर खीरी। 9 वां श्री महारूद्र यज्ञ के लिए शुक्रवार को ध्वजा यात्रा का शुभारंभ किया गया। यात्रा का शुभारंभ बाबा टेढेनाथ धाम से बाबा जंगलीनाथ, बाबा गरीब नाथ, बटेश्वर नाथ, बनखंडी नाथ, सिद्धनाथ, बरानाथ, भोगियापुर सिद्धेश्वर नाथ बाबा झारखंड बाबा ककरहा होते हुए बाबा टेढेनाथ धाम पर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर अजय पाल गुप्ता, लालाराम शर्मा, राजेश शर्मा, रामासरे वाजपेई एडवोकेट, राजीव मिश्रा, राम बहादुर वाजपेई, विमलेश मिश्रा, रामनरेश अवस्थी, चंद्र कुमार यादव, जीतू शुक्ला, बेंचेलाल राममूर्ती यादव मोहर सिंह यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### आउट सोर्सिंग कर्मचारियों ने वेतन न देने का लगाया आरोप

जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में कर्मचारियों ने विवादों की झड़ी लगा दी पेड़ कटने का मामला चल ही रहा था तभी संयुक्त रूप से आउटसोर्स कर्मचारीयों ने प्रधानाचार्य पर 7 महीने से वेतन न देने समेत तमाम गंभीर और आपत्तिजनक आरोप लगाते हुए बॉम्बे इंटीग्रेट सिक्योरिटी लखनऊ को शिकायती पत्र दिया है। एक दिन पहले पॉलिटेक्निक कॉलेज में अवैध रूप से कीमती पेड़ काटे जाने का मामला सुर्खियों में हैं जिसमें विधिक कार्रवाई की जा रही है वहीं आउटसोर्स एमटीएस कर्मचारी अंकित, युवराज दत्त, विपिन कुमार, सुरेंद्र कुमार, शोभित कुमार, सचिन कुमार समेत सभी कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से प्रधानाचार्य के खिलाफ शिकायतों का पुलिंदा खोल दिया है जिसमें उन्होंने अपने आवास के निजी कार्य शौचालय साफसफाई, छात्रावास की सफाई और कपड़े धुलने जैसे तमाम निजी कार्य जबरन दबाव बनाकर कराने का गंभीर आरोप लगाया है। विरोध करने पर लंबे समय से वेतन का भुगतान न होने पर परिवार के सामने रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया है। समाधान के लिए पूछने पर प्राचार्य द्वारा अश्लील गालियां देने समेत कई गंभीर आरोप लगाए हैं। वही तकनीकी शिक्षा के जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता के चलते विद्यालय में अराजकता का माहौल बना हुआ है।

### सड़क हादसे में अधेड़ की मौत

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। फन मॉल ओवरब्रिज पर एक सड़क हादसे में प्लाईवुड फैक्ट्री कर्मी की मौत हो गई। अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मारी और मौके से फरार हो गया। मृतक की पहचान फरधान थाना क्षेत्र के लोनपुरवा निवासी अमर सिंह (40) पुत्र चेतराम के रूप में हुई है। वह खीरी रोड स्थित बालाजी टिंबर प्लाईवुड फैक्ट्री में पिछले आठ वर्षों से कार्यरत थे।अमर सिंह 5 फरवरी को अपने घर से बाइक पर सवार होकर फैक्ट्री आए थे जहां से वह काम खत्म करने के बाद गुरुवार रात अपने घर वापस बाइक पर सवार होकर जा रहे थे इसी दौरान फन मॉल के पास ओवरब्रिज पर एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि अमर सिंह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

# अवसाद में युवक ने फांसी लगा कर समाप्त की इहलीला

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



नगर कोतवाली गंगाघाट क्षेत्र के मोहल्ला बिन्दानगर चौकी के निकट दिनेश वर्मा के मकान में किरायेदार के रूप में निवास करने वाले अमरेश सविता पुत्र स्व॰ राजकरन उम्र 42 वर्ष ने अवसाद में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली ग्राम दहती दहिगंवा थाना सुरसा हरदोई के निवासी मृतक की पत्नी पूनम सविता ने बताया की आज दोपहर बजे दुसरे घरो में खाना बनाने काम करने घर से बाहर थी बच्चे ननिहाल गाँधी नगर में थे घर पर 1 बजे वापस आई तो देखकर पैरो तले जमीन खिसक गई पति को घर के कमरे पंखे से लटकता पाया मृतक की दो बेटियां आयशा 12 वर्ष आरुषि 7 और बेटा सक्षम 4 वर्ष के जीवन यापन की जिम्मेदारी भी मृतक के कंधे पर थी पत्नी पूनम ने बताया की पति घंटाघर में पल्लेदारी का काम करते थे लेकिन आत्महत्या का कोई कारण नही बताया न ही कोई लड़ाई झगड़ा या कलह थी हाँ कभी कभी शराब पीते थे परिजनों और रिस्तेदारों के पंहुचने पर कोहराम मच गया मोहल्ले वालों की सूचना पर पंहुची कोतवाली गंगाघाट पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पंचनामा करवा कर पोस्ट मार्टम के लिये मोर्चरी भेजा पोस्ट मार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्यवाही सम्पन्न होगी।

# 12 साल से फरार 75 हजार का इनामी बावरिया गैंग का सदस्य गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

## तीन हत्याकांड और डकैती का आरोपी

अपराधियों के खिलाफ चल रहे सख्त अभियान के तहत अरौल पुलिस को गुरुवार तड़के बड़ी सफलता हाथ लगी। बावरिया गैंग का सक्रिय सदस्य और 75 हजार रुपये का इनामी डकैत-हत्यारा कालू उर्फ फिरोज उर्फ निजामुद्दीन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पिछले 11-12 वर्षों से अलग-अलग राज्यों में नाम बदलकर फरारी काट रहा था और कई जिलों की पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी।मुखबिर की सटीक सूचना पर अरौल थाना पुलिस ने मकनपुर चौकी क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान सिंघौली हनुमान मंदिर से आगे मकनपुर की ओर जाते समय आरोपी को घेरकर दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसकी कमर से 315 बोर का अवैध तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। मौके पर ही उसे गिरफ्तार कर थाना अरौल में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। तीन जिलों के खूनी मामलों में था वांछित , पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी का आपराधिक इतिहास बेहद गंभीर रहा है। वर्ष 2014 में शाहगंज (जौनपुर) में डंडों से पीटकर हत्या कर डकैती डालने का आरोप। वर्ष 2015 में बिल्हौर के सिंघौली गांव में लाठी-डंडों से हमला कर एक व्यक्ति की हत्या और लूट की वारदात।वर्ष 2018 में बेला (औरैया) में पूरे परिवार पर जानलेवा हमला कर डकैती डालने का मामला।

इन घटनाओं के बाद वह प्रदेश से फरार होकर राजस्थान, उत्तराखंड, महाराष्ट्र और झारखंड मेंअलग-अलग नामों से छिपकर रह रहा था। शाहगंज हत्याकांड में उस पर 50 हजार और बिल्हौर हत्याकांड में 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था।

### बावरिया गैंग का रहा सक्रिय सदस्य

स्थानीय लोगों के अनुसार कई साल पहले मकनपुर क्षेत्र में बावरिया गैंग ने एक जमींदार के घर को निशाना बनाने की कोशिश की थी। हालांकि वे अपने मंसूबों में सफल नहीं हो सके, लेकिन उस घटना के बाद इलाके में लंबे समय तक दहशत का माहौल बना रहा और ग्रामीणों को रात में पहरा देना पड़ा।

### पुलिस टीम की बड़ी सफलता

एसीपी मंजय सिंह ने प्रेस वार्ता में बताया कि आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था और कई जिलों की पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। गिरफ्तारी को पश्चिम जोन पुलिस की बड़ी कामयाबी माना जा रहा है। पुलिस अब उससे जुड़े नेटवर्क और फरारी में मदद करने वालों की भी जांच कर रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक जनार्दन सिंह यादव के नेतृत्व में चौकी प्रभारी मकनपुर विशाल कुमार, प्रीतांजलि, विशाल सिंह सहित अरौल थाने की संयुक्त टीम शामिल रही। एसीपी ने टीम की सराहना करते हुए कहा कि गैंग के अन्य सदस्यों की तलाश भी जारी है। फिलहाल आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

गाजियाबाद पुलिस ने प्रेम कुमार की हत्या की गुत्थी सुलझाई

दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, चाकू, मोबाइल फोन बरामद, गला दबाकर की थी हत्या

जन एक्सप्रेस, गाजियाबाद

गाजियाबाद के थाना लिंकरोड क्षेत्र में हुई एक हत्या की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से चाकू, प्रेम कुमार का मोबाइल फोन और सिम बरामद की गई है। यह घटना कौशाम्बी बस स्टैंड के पास बने शौचालय की है। यहां काम करने वाले प्रेम कुमार की अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी थी।

3 फरवरी 2026 को इस संबंध में कुलदीप कुमार की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कराया गया था। मामले की जांच के दौरान पुलिस को सूचना मिली, जिसके आधार पर महाराजपुर इलाके से दो संदिग्धों को पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुखबीर उर्फ सुमित और राकेश प्रसाद उर्फ छोटू के रूप में हुई है। आरोपियों ने बताया कि वे नशे के आदी हैं और अक्सर कौशाम्बी बस स्टैंड के पास शौचालय के आसपास रहते थे। कुछ दिन पहले शौचालय के पैसे को लेकर उनका प्रेम कुमार से विवाद हो गया था। इसी रंजिश के चलते दोनों ने बदला लेने की योजना बनाई। 2 फरवरी को दोनों आरोपी वैशाली मेट्रो के सामने बने शौचालय पहुंचे, जहां प्रेम कुमार अकेला मौजूद था। पैसे मांगने पर विवाद बढ़ा और दोनों ने मिलकर प्रेम कुमार का गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद उसके हाथ-पैर बांधकर शौचालय को बाहर से बंद कर दिया और मोबाइल फोन और नकदी लेकर फरार हो गए।

# गाजियाबाद पुलिस ने प्रेम कुमार की हत्या की गुत्थी सुलझाई

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

थाना लिंकरोड क्षेत्र में हुई एक हत्या की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से चाकू, प्रेम कुमार का मोबाइल फोन और सिम बरामद की गई है। यह घटना कौशाम्बी बस स्टैंड के पास बने शौचालय की है। यहां काम करने वाले प्रेम कुमार की अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी थी। 3 फरवरी 2026 को इस संबंध में कुलदीप कुमार की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कराया गया था। मामले की जांच के दौरान पुलिस को सूचना मिली, जिसके आधार पर महाराजपुर इलाके से दो संदिग्धों को पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुखबीर उर्फ सुमित और राकेश प्रसाद उर्फ छोटू के रूप में हुई है। आरोपियों ने बताया कि वे नशे के आदी हैं और अक्सर कौशाम्बी बस स्टैंड के पास शौचालय के आसपास रहते थे। कुछ दिन पहले शौचालय के पैसे को लेकर उनका प्रेम कुमार से विवाद हो गया था। इसी रंजिश के चलते दोनों ने बदला लेने की योजना बनाई। 2 फरवरी को दोनों आरोपी वैशाली मेट्रो के सामने बने शौचालय पहुंचे, जहां प्रेम कुमार अकेला मौजूद था। पैसे मांगने पर विवाद बढ़ा और दोनों ने मिलकर प्रेम कुमार का गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद उसके हाथ-पैर बांधकर शौचालय को बाहर से बंद कर दिया और मोबाइल फोन और नकदी लेकर फरार हो गए। श्वेता यादव ने बताया कि आरोपी दिल्ली और मथुरा होते हुए वापस गाजियाबाद लौटे, जहां चेकिंग के दौरान उन्हें पकड़ लिया गया। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।



## परीक्षा पे चर्चा : पीएम ने बच्चों को असम के गमछे पहनाए

# एक साल में हर विदेशी चीज स्वदेशी से बदलें: पीएम मोदी



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को छात्र-छात्राओं के साथ ' परीक्षा पे चर्चा ' कार्यक्रम पर बातचीत की। इस दौरान उन्होंने छात्रों को अपने जीवन एवं शैक्षणिक कौशल को निखारने पर ध्यान केंद्रित की सलाह देते हुए अपने 75वें जन्मदिन का एक किस्सा बताया। उन्होंने कहा कि 'अभी मेरे 25 साल बाकी हैं। मैं जो बीत गया है, उसे गिनता नहीं हूं, बल्कि जो बचा हुआ है उसकी गिनती करता हूं।' पीएम मोदी के इस वीडियो को केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने भी शेयर किया है। 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में मणिपुर की एक छात्रा ने प्रधानमंत्री की प्रशंसा की और कहा कि वे बचपन से उसकी प्रेरणा रहे हैं। छात्रा ने बताया कि मेरा जन्मदिन भी प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के साथ ही आता है। इसके बाद पीएम मोदी ने एक किस्सा सुनाते हुए कहा, 'अभी मेरे जन्मदिन पर 17 सितंबर को एक नेता ने फोन किया और कहा कि आपके 75 साल हो गए, तो मैंने उसे कहा कि 25 अभी बाकी हैं। मैं बीते हुए को नहीं, बल्कि बचे हुए को गिनता हूं।'

### सिलेबस से बाहर नहीं आता पेपर : पीएम मोदी

पीएम मोदी ने जवाब दिया कि पेपर कभी सिलेबस से बाहर का नहीं आता, लेकिन अक्सर कहा जाता है कि पेपर बहुत भारी था और बच्चों को तकलीफ हुई। यह भारी इसलिए लगता है कि पिछले 10 साल के पैटर्न के ही कुछ सवालों पर ध्यान दिया गया। उन्होंने कहा, 'श्योर सजेशन्स बुक, महत्वपूर्ण प्रश्न बुक और 10-साल का प्रश्न बैंक आते हैं, लेकिन यह बीमारी है। इस बीमारी को फैलाने का काम कुछ शिक्षक भी करते हैं। उनको लगता है कि उनके स्कूल या क्लास का रिजल्ट अच्छा हो। इसलिए वे वही पढ़ाते हैं, जिससे नंबर अच्छे आएं।' प्रधानमंत्री ने कहा कि अच्छे शिक्षक हमेशा पूजा सिलेबस पढ़ाते हैं। उसी पर मेहनत कराते हैं और उसका महत्व समझाते हैं। उन्होंने छात्रों को समझाया, 'जैसे एक खिलाड़ी को अपने गोल या खेल में मास्टरी पाने के लिए संपूर्ण शरीर की चिंता करनी पड़ती है, वैसे ही जिंदगी परीक्षा के लिए नहीं है।

### विकसित भारत को अपना सपना बनाएं

पीएम बोले- जब आजादी के 100 साल पूरे होंगे तब आप लोग 39-40 साल के होंगे। आपको अभी से विकसित भारत को अपना सपना बनाना चाहिए। भगत सिंह आजादी का सपना दिल में रखकर फांसी पर झूल गए। जो आजादी से 25 साल पहले, 30 साल पहले बलिदान किए गए, उसी से आजादी मिली। अपना सपना बनाएं कि विकसित भारत के लिए मुझे क्या करना है।

### खुद पर भरोसे से भगाएं कोई भी डर

स्टूडेंट ने सवाल किया कि प्रेजेंटेशन देते समय मैं घबरा जाता हूं। इस डर को कैसे भगाऊंपीएम ने कहा- कभी देखा है कि फुटपाथ पर कोई गरीब महिला भी जब टीवी पर किसी घटना के बारे में बताती है तो कितने आत्मविश्वास से बात करती है। क्या उसने इंटरव्यू की कोई प्रैक्टिस की है नहीं। उसका आत्मविश्वास आता है सच्चाई है। उसे पता है कि उसने जो देखा वही कहना है। आप भी अपने किए हुए पर भरोसा रखें तो प्रेजेंटेशन का डर भाग जाएगा।

### देश की अमर कहानियों पर गेम बनाओ

गोवा के श्रीजीत गाडगिल ने सवाल किया, मेरा गेमिंग में बहुत इंटरेस्ट है। मगर पेरेंट्स नहीं समझते। मैं क्या करूं। पीएम ने जवाब दिया- भारत देश कहानियों से भरा हुआ है। आप खुद के गेम बनाओ। पंचतंत्र की कहानियों पर गेम बनाओ। अभिमन्यु की कहानी पर गेम बनाओ और अपनी वेबसाइट बनाकर उसपर लॉन्च करो। धीरे-धीरे देखोगे कि कितने लोग तुम्हारे गेम्स खेल रहे हैं।

### मार्क्स-मार्क्स की बीमारी से बचो

एक स्टूडेंट के सवाल के जवाब में पीएम मोदी ने कहा- पता नहीं ये मार्क्स-मार्क्स की बीमारी कैसे फैल गई है। आप लोगों को पिछले साल के टॉप 1 से 10 तक के नाम याद हैं क्या ये उप्लब्धि तो कुछ देर के लिए होती है। हमें ये देखना चाहिए कि पढ़ाई से हमारे जीवन पर क्या असर हुआ है। न कि ये कि हमारे मार्क्स कितने आए हैं।

### स्किल या मार्क्स में से एक के पीछे न भागो



एक स्टूडेंट ने पीएम से सवाल किया कि स्किल जरूरी है या मार्क्स पीएम मोदी ने कहा कि इस सवाल का कोई सही जवाब नहीं है। अगर एक तरफ झुकोगे तो गिरोगे ही। जीवन में स्किल की जरूरत तो होगी ही और स्टूडेंट होने के नाते मार्क्स लाने भी जरूरी हैं। सही जवाब है कि दोनों के बीच संतुलन चाहिए।

# दुष्कर्म पीड़िता की गर्भपात की गुहार

## महिला की मर्जी के बिना उसे मां बनने को मजबूर नहीं कर सकते : सुप्रीम कोर्ट

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र की एक 18 साल की यौन उत्पीड़न पीड़िता युवती के हक में बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने उसे 30 हफ्ते की प्रेग्नेंसी खत्म करने की अनुमति दे दी है। यह युवती तब गर्भवती हुई थी जब वह नाबालिग थी। जस्टिस बी.वी. नागरत्ना और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने सुनवाई करते हुए कहा कि युवती की शारीरिक अखंडता और अपनी मर्जी से फैसला लेने का अधिकार सबसे ऊपर है।

### अदालत ने क्या कहा?

अदालत ने स्पष्ट किया कि कोई भी अदालत किसी महिला को अनचाही प्रेग्नेंसी जारी रखने के लिए मजबूर नहीं कर सकता। जजों ने कहा कि अगर कोई महिला बच्चा नहीं चाहती, तो उसे इसके लिए बाध्य करना गलत होगा। बेंच ने युवती के वकील की दलीलों को स्वीकार करते हुए कहा अपीलकर्ता के बच्चे का मेडिकल तरीके से गर्भपात किया जा सकता है।

### अदालत ने अस्पताल को दिया आदेश

बेंच ने यह भी साफ किया कि मुद्दा यह नहीं है कि संबंध सहमति से बने थे या यह उत्पीड़न का मामला था। मुख्य तथ्य यह है कि होने वाला बच्चा वैध नहीं है और दूसरा, लड़की इस समय एक कठिन स्थिति में है और वह मां नहीं बनना चाहती। अगर मां के हितों को ध्यान में रखना है, तो उसे मर्जी से फैसला लेने का अधिकार दिया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने मुंबई के जेजे अस्पताल को आदेश दिया है कि वे लड़की की गर्भपात को मेडिकल तरीके से खत्म करें। साथ ही, अस्पताल को सभी जरूरी सुरक्षा नियमों और मेडिकल प्रोटोकॉल का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं।

### फैसला लेना आसान नहीं था

सुनवाई के दौरान जस्टिस नागरत्ना ने इस मामले की गंभीरता और नैतिक उलझनों पर भी बात की। उन्होंने कहा कि यह फैसला लेना उनके लिए भी आसान नहीं था, क्योंकि जन्म लेने वाला बच्चा भी एक जीवन ही होता। लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि जब लड़की बार-बार कह रही है कि वह बच्चे को जन्म नहीं देना चाहती, तो उसकी इच्छा का सम्मान करना होगा। अदालत ने सवाल किया कि अगर कानून 24 हफ्ते तक गर्भपात की इजाजत देता है, तो विशेष परिस्थितियों में 30 हफ्ते में ऐसा क्यों नहीं हो सकता?

## भारत ने रूस से 38 महीने में किया सबसे कम तेल आयात

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर 2025 में भारत ने रूस से 2.7 अरब डॉलर का कच्चा तेल आयात किया, जो फरवरी 2024 के बाद किसी भी महीने में सबसे कम है। यह नवंबर 2025 के 3.7 अरब डॉलर के आयात से करीब 27% कम और दिसंबर 2024 के 3.2 अरब डॉलर की तुलना में 15% से अधिक की गिरावट है। यह गिरावट ऐसे समय आई है, जब अमेरिका ने 22 अक्तूबर को रूसी तेल क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों रोसनेफ्ट और लुकोइल पर प्रतिबंधों की घोषणा की थी। अमेरिका ने इन कंपनियों से जुड़े सभी लेन-देन 21 नवंबर तक समाप्त करने की समय-सीमा तय की थी। ये दोनों कंपनियां भारत को रूसी तेल निर्यात की प्रमुख आपूर्तिकर्ता रही हैं।

# राज्य में बड़े पैमाने पर कौवों की मौत से हड़कंप, बर्ड फ्लू की आशंका के बीच हाई अलर्ट जारी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

तमिलनाडु के अलग अलग हिस्सों में बड़े पैमाने पर कौवों की मौत का मामला सामने आया है। सरकार ने बर्ड फ्लू की आशंका जताते हुए राज्य में हाई अलर्ट जारी किया है। पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन विभाग ने एक विस्तृत दिशा-निर्देश जारी की है, जिसमें राज्य भर के पोल्ट्री किसानों और जंगली पक्षियों को संभालने वालों के लिए सख्त एहतियाती उपायों को अनिवार्य किया गया है। पीटीआई से बात करते हुए, जन स्वास्थ्य के डायरेक्टर डॉ. ए सोमासुंदरम ने कहा कि जन स्वास्थ्य एवं निवारक चिकित्सा ने भी एक अलग निर्देश करते हुए लोगों से सख्त सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने की अपील की गई है। उन्होंने कहा तमिलनाडु में एवियन फ्लू के प्रसार के संबंध में केंद्र सरकार के सर्कुलर के आधार पर, हमने एडवाइजरी जारी की है।

### नए प्रोटोकॉल में क्या है?

- सूत्रों के मुताबिक नए प्रोटोकॉल के तहत, पशु चिकित्सा कर्मचारियों को मृत पक्षियों का पोस्टमार्टम फील्ड में न करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं।
- सफाई करने वालों के माध्यम से संक्रमण फैलने से रोकने के लिए, एडवाइजरी में यह भी अनिवार्य किया गया है कि मृत पक्षियों को या तो जला दिया जाए या दफना दिया जाए।
- अधिकारियों ने लोगों से किसी भी असामान्य पक्षी की मौत के बारे में तुरंत पशुपालन विभाग को सूचित करने का भी आग्रह किया है ताकि तेजी से कार्रवाई की जा सके।

### फ्लू के लक्षणों का ध्यान रखें

डीपीएच ने लोगों को सलाह दी है कि अगर उन्हें फ्लू जैसे लक्षण, जैसे खांसी, जुकाम, बुखार या सांस लेने में दिक्कत हो, तो तुरंत चिकित्सक सहायता लें। बूचड़खानों में काम करने वालों और बीमार या मरे हुए पक्षियों को संभालने वाले कर्मचारियों को खास सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। इस बीच, पशुपालन विभाग ने अपने अधिकारियों को कौवों, प्रवासी पक्षियों और व्यवसायिक पोल्ट्री में किसी भी असामान्य बीमारी या मौत का पता लगाने के लिए निगरानी बढ़ाने और चौकसी बढ़ाने का निर्देश दिया है।

# पीएम मोदी को खरगे ने घेरा, कहा, 97 मिनट के भाषण में कोई ठोस बात नहीं बोली

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



संसद का बजट सत्र जारी है। 4 फरवरी को लोकसभा में प्रधानमंत्री का भाषण रद्द किया गया। इसके बाद गुरुवार (05 फरवरी) शाम को पीएम मोदी ने राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब दिया। प्रधानमंत्री मोदी राज्यसभा में करीब 97 मिनट बोले। इस दौरान राज्यसभा में विपक्ष के सांसदों ने भाषण के समय वॉकआउट कर दिया। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण पर कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे की प्रतिक्रिया आई है।

### 97 मिनट के भाषण में कुछ नई बात नहीं : खरगे

न्यूज एजेंसी एएनआई से बात करते हुए खरगे ने पीएम मोदी को घेरा। अपने बयान में उन्होंने कहा, 'झूठी बातों को दोहराना (प्रधानमंत्री) उनका हमेशा एक काम रहा है। 97 मिनट के भाषण में प्रधानमंत्री ने कुछ नई बात नहीं कही और हमने जो राष्ट्रपति के अभिभाषण पर विचार रखे थे, उन्होंने उसपर एक भी जवाब नहीं दिया। वो सिर्फ 100 साल, 75 साल की बात करते रहे। हमें जनरल नरवणे (रिटायर्ड) की पब्लिश हुई किताब मिल गई, लेकिन उन्हें यह कैसे नहीं मिली? रक्षा मंत्री यह कैसे कह सकते हैं कि किताब प्रकाशित नहीं हुई है?'

### सिखों के अपमान के आरोप पर दिया जवाब

उन्होंने आगे कहा कि रक्षा मंत्री इसका बचाव करते रहे। जब विपक्ष के विपक्ष राहुल गांधी ने मुद्दा (2022 चीन मुद्दा) उठाया तो वे क्यों परेशान हुए? बाद में, वे केवल मुझे गाली देते रहे। उनके पास कोई तथ्य नहीं थे, जिनके आधार पर वे हमें जवाब दे सकें। उन्होंने हम पर सिखों का अपमान करने का भी आरोप लगाया। हम सिख समुदाय का सम्मान करते हैं। डॉ. मनमोहन सिंह, एक प्रख्यात अर्थशास्त्री, दो बार वित्त मंत्री और प्रधानमंत्री नियुक्त किए गए। आप दलितों सहित किसी का सम्मान नहीं करते। पिछले 10 वर्षों में उन्होंने कांग्रेस को गाली देने के अलावा क्या किया है?

## सबरीमाला सोने की चोरी मामले में एक्टर जयराम को ईडी ने भेजा समन

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सबरीमाला सोने की चोरी के मामले में जांच जारी है। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि प्रवर्तन निदेशालय ने चोरी के मामले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए एक्टर जयराम को समन भेजा है। एजेंसी इस मामले में कथित मुख्य आरोपी उन्नीकृष्णन पोट्टी को भी समन भेजने की तैयारी कर रही है। वह हाल ही में इसी मामले में कोल्लम कोर्ट से बेल मिलने के बाद जेल से बाहर आए हैं। इसकी जांच केरल पुलिस की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) भी कर रही है। अधिकारियों ने बताया कि सबरीमाला मामले में एक्टर जयराम को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। वह अगले कुछ दिनों में एजेंसी के सामने पेश होंगे। केरल पुलिस एसआईटी ने कुछ समय पहले चेन्नई में जयराम से भी पूछताछ की थी।

# ओडिशा की तीन अदालतों को बम से उड़ाने की धमकी, खाली कराया गया परिसर, मचा हड़कंप

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। भुवनेश्वर



ओडिशा में शुक्रवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब तीन जिला अदालतों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। यह धमकी ईमेल के जरिए भेजी गई थी। धमकी मिलने के बाद कटक, पुरी और फूलबनी की जिला अदालतों में अफरातफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत हरकत में आई। पुलिस ने अदालत परिसर को खाली कराकर तलाशी अभियान चलाया। पुलिस ने बताया कि कटक, पुरी और फूलबनी के जिला और सत्र न्यायाधीश की अदालतों को ईमेल मिले थे। ईमेल भेजने वाले ने कोर्ट परिसर में बम विस्फोट करने की धमकी दी थी। इस धमकी के बाद वकीलों, जजों और कोर्ट आए लोगों में दहशत फैल गई। यह पहली बार नहीं है जब ऐसी धमकी मिली है। इससे पहले 8 जनवरी को भी इसी तरह के धमकी भरे ईमेल भेजे गए थे। तब कटक, देवगढ़ और संबलपुर की जिला अदालतों को धमकी मिली थी।

### महाधिवक्ता ने की शांति की अपील

ओडिशा के महाधिवक्ता पीतांबर आचार्य ने धमकी भरे ईमेल मिलने को लेकर बताया कि तीनों अदालतों में तलाशी अभियान चलाया गया। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से शांति बनाए रखने की अपील की।

### पुलिस ने चलाया सघन तलाशी अभियान

धमकी के बाद तीनों अदालतों के परिसरों को खाली कराया गया। पुरी के पुलिस अधीक्षक प्रतीक सिंह ने बताया कि तलाशी अभियान में डाग स्क्वाड और बम निरोधक दस्तों को तैनात किया गया है। कटक में भी पुलिस ने कोर्ट परिसर को खाली करा दिया। बम निरोधक दस्ते ने वहां सघन जांच की। सुरक्षाकर्मियों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी। पुलिस ने बताया कि धमकी भेजने वाला कौन था, इसकी जांच की जा रही है। कटक के एक अधिकारी ने बताया कि दोपहर तक तलाशी में कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। वहीं संबलपुर की अदालत को कोई धमकी भरा ईमेल नहीं मिला। लेकिन, स्थानीय पुलिस ने सावधानी बरतते हुए कोर्ट परिसर की तलाशी ली। बता दें कि कटक की अदालत को दूसरी बार ऐसी धमकी मिली है।

## बढ़ेगी वायुसेना की ताकत : 114 राफेल विमान खरीदने की तैयारी में भारत

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

रक्षा बजट में बढ़ोतरी के बाद भारतीय वायुसेना की ताकत बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार 114 राफेल लड़ाकू विमान खरीदने पर चर्चा कर सकती है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के फरवरी के तीसरे सप्ताह में प्रस्तावित भारत दौरे से पहले रक्षा मंत्रालय राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद से जुड़े लगभग 3.25 लाख करोड़ रुपये के प्रस्ताव पर चर्चा कर सकता है। इस प्रस्ताव को पिछले महीने रक्षा खरीद बोर्ड (डिफेंस प्रोक्योरमेंट बोर्ड) से शुरुआती मंजूरी मिल चुकी है।

**क्यों है नए लड़ाकू विमानों की है जरूरत?:** रक्षा सूत्रों के अनुसार इस प्रस्ताव पर अगले सप्ताह रक्षा मंत्रालय की एक उच्चस्तरीय बैठक में विचार किया जा सकता है। मौजूदा क्षेत्रीय सुरक्षा हालात को देखते हुए यह परियोजना भारतीय वायुसेना की जरूरतों के लिहाज से बेहद अहम मानी जा रही है। फिलहाल वायुसेना के पास करीब 30 फाइटर स्क्वाड्रन ही सक्रिय हैं, जबकि स्वीकृत संख्या 42 स्क्वाड्रन की है। ऐसे में नए लड़ाकू विमानों की जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही है। सूत्रों का कहना है कि पाकिस्तान-बांग्लादेश और पाकिस्तान-चीन के बीच बढ़ती रणनीतिक नजदीकियों के चलते खतरे की धारणा और मजबूत हुई है।

# यूरोपीय संघ के बाद अब खाड़ी देशों के साथ एफटीए करेगा भारत : पीयूष गोयल

- पीयूष गोयल ने जीसीसी नियम-शर्तों पर हस्ताक्षर करने के समारोह की अध्यक्षता की

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



भारत ने यूरोपीय संघ, अमेरिका के बाद एक और बड़े व्यापार समझौता करने की दिशा में पहल की है। भारत और छह पश्चिमी एशियाई देशों के समूह खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) ने मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत शुरू करने के लिए नियम एवं शर्तों पर हस्ताक्षर किए। नियम एवं शर्तों में प्रस्तावित व्यापार समझौते का दायरा और तौर-तरीके बताए गए हैं। केंद्रीय उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने जीसीसी नियम-शर्तों पर हस्ताक्षर करने के समारोह की अध्यक्षता की। जीसीसी खाड़ी क्षेत्र के छह देशों का एक समूह है। इसमें सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, कुवैत, ओमान और बहरीन शामिल हैं। गोयल ने कहा कि यह समझौता हमारे भू-राजनीतिक और व्यापारिक संबंधों को और मजबूत करेगा, ज्यादा निवेश लाने में मदद करेगा। जीसीसी देशों और भारत में रोजगार के मौके पैदा करेगा और दुनिया को हमारे गहरे संबंधों और ऐतिहासिक दोस्ती का संदेश देगा। उन्होंने कहा कि करीब एक करोड़ भारतीय जीसीसी क्षेत्र में रह रहे हैं और काम कर रहे हैं। भारत ने मई 2022 में पहले ही संयुक्त अरब अमीरात के साथ एक मुफ्त व्यापार समझौता किया हुआ है। साथ ही भारत और ओमान ने 18 दिसंबर 2025 को मस्कट में एक व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) पर भी हस्ताक्षर किए थे।

### 2024-25 में द्विपक्षीय व्यापार 179 अरब डॉलर

जीसीसी देशों के साथ 2024-25 में भारत का निर्यात 57 अरब डॉलर था, जबकि 2023-24 में यह 56.32 अरब डॉलर था। आयात 15.33% बढ़कर 2024-25 में 121.7 अरब डॉलर हो गया, जो 2023-24 में 105.5 अरब डॉलर था। हालांकि व्यापार जीसीसी के पक्ष में है। द्विपक्षीय व्यापार 2023-24 में 161.82 अरब से बढ़कर 2024-25 में 178.7 अरब डॉलर हो गया है।

### जीसीसी के साथ वार्ता के दो चरण पूरे

जीसीसी के साथ एफटीए बातचीत शुरू करना एक तरह से वार्ता को फिर से शुरू करना होगा, क्योंकि दोनों क्षेत्रों के बीच बातचीत के पिछले दो चरण 2006 और 2008 में हुए थे। तीसरा चरण नहीं हो पाया क्योंकि जीसीसी ने सभी देशों और आर्थिक समूहों के साथ अपनी बातचीत टाल दी थी। भारत मुख्य रूप से सऊदी अरब और कतर जैसे खाड़ी देशों से कच्चा तेल और प्राकृतिक गैस आयात करता है, जबकि इन देशों को मोती, कीमती और अर्ध-कीमती पत्थर, धातु, नकली गहने, इलेक्ट्रिकल मशीनरी, लोहा और स्टील तथा केमिकल निर्यात करता है।

## सभ्यतागत और आध्यात्मिक रूप से जुड़े हैं भारत और श्रीलंका, बुद्ध अवशेष प्रदर्शनी से रिश्ते मजबूत : पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत और श्रीलंका गहरे सभ्यतागत और आध्यात्मिक बंधनों से बंधे हुए हैं। पीएम ने कोलंबो में भगवान बुद्ध के पवित्र देवनीमोरी अवशेषों की प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के लिए श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके के प्रति आभार भी जताया। गुजरात के अरावल्ली जिले में स्थित देवनीमोरी पुरातात्विक स्थल से प्राप्त इन पवित्र अवशेषों की पहली अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी कोलंबो के गंगारामया मंदिर में 4 से 11 फरवरी तक आयोजित की जा रही है। श्रीलंका के राष्ट्रपति दिसानायके की सोशल मीडिया पोस्ट साझा करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने लिखा, कोलंबो के पवित्र गंगारामया मंदिर में देवनीमोरी अवशेषों की प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के लिए राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके के प्रति हार्दिक आभार। अप्रैल 2025 में मेरी यात्रा के दौरान यह निर्णय लिया गया कि ये अवशेष श्रीलंका लाए जाएंगे, जिससे लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करने का अवसर मिलेगा।

# बांग्लादेश चुनाव से पहले हिंसा, कॉक्स बाजार में प्रचार के दौरान फायरिंग, बच्चे समेत पांच घायल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। ढाका



बांग्लादेश में आगामी चुनावों से पहले राजनीतिक तनाव खतरनाक मोड़ लेता नजर आ रहा है। कॉक्स बाजार जिले के टेकनाफ उपजिला स्थित अली खली रोहिंग्या कैंप इलाके में चुनाव प्रचार के दौरान हुई फायरिंग में एक बच्चे समेत पांच लोग घायल हो गए। यह घटना गुरुवार रात करीब 8:30 बजे कैंप-25 के ब्लॉक ए/04 में हुई। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, टेकनाफ मॉडल पुलिस स्टेशन के ऑफिसर-इन-चार्ज (ओसी) मोहम्मद सैफुल इस्लाम ने घटना की पुष्टि की है। घायलों में दो रोहिंग्या शरणार्थी और तीन बांग्लादेशी नागरिक शामिल हैं, जिन्हें इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इलाके में एक ट्रक के जरिए चुनाव प्रचार किया जा रहा था। जैसे-जैसे वाहन के आसपास लोगों की भीड़ बढ़ी, उसी दौरान अज्ञात हमलावरों ने अचानक ट्रक की ओर गोलियां चला दीं। गोलीबारी से इलाके में अफरा-तफरी मच गई और पांच लोग घायल हो गए।

### पत्रकार भी बने निशाना

रिपोर्ट में यह भी सामने आया है कि बढ़ती हिंसा की चपेट में पत्रकार भी आ रहे हैं। दिसंबर में जहां 11 पत्रकारों पर हमले दर्ज हुए थे, वहीं जनवरी में यह संख्या बढ़कर 16 हो गई।

### संयम बरतने की अपील

मानवाधिकार समूहों ने सभी राजनीतिक दलों से चुनाव प्रचार के दौरान संयम बरतने और शांति बनाए रखने की अपील की है। साथ ही कानून प्रवर्तन एजेंसियों से नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करने का आग्रह किया गया है। जैसे-जैसे मतदान की तारीख नजदीक आ रही है, देश में बढ़ती हिंसा लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए गंभीर चुनौती बनती जा रही है।

### चुनाव से पहले बढ़ती राजनीतिक हिंसा

मानवाधिकार संगठनों ने चेतावनी दी है कि 12 फरवरी को होने वाले चुनावों से पहले बांग्लादेश में राजनीतिक हिंसा में तेजी से इजाफा हो रहा है। ढाका स्थित अधिकार संगठन ऐन ओ सालिश केंद्र (स्च) के मुताबिक, जनवरी 2026 में राजनीतिक हिंसा की घटनाएं दिसंबर 2025 की तुलना में कई गुना बढ़ गई हैं।

**आंकड़ों के अनुसार**

- जनवरी में राजनीतिक हिंसा की 75 घटनाएं दर्ज की गईं
- जिनमें 616 लोग घायल हुए और 11 लोगों की मौत हुई।
- वहीं दिसंबर 2025 में ऐसी 18 घटनाएं सामने आई थीं, जिनमें 268 लोग घायल और चार की मौत हुई थी।

## रिपोर्ट : घटती जन्मदर से घबराया चीन, महिलाओं को ज्यादा बच्चे पैदा करने के लिए कर रहा प्रोत्साहित

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

चीन कभी अपनी एक बच्चा नीति (वन चाइल्ड पॉलिसी) को लेकर बेहद सख्त रहा है। लेकिन अब वह इस रवैये में बदलाव ला रहा है। देश की महिलाओं से ज्यादा बच्चे पैदा करने की अपील की जा रही है। एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। म्यांमार स्थित मेकांग न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले चार दशक में जन्म दर को महिलाओं ने नहीं, बल्कि सरकार ने तय किया है।

### अधिक बच्चे पैदा करने की अपील क्यों की जा रही?

जहां 1979 में वन चाइल्ड पॉलिसी में जनसंख्या वृद्धि पर रोक लगाने का लक्ष्य रखा गया था, वहीं अब देश में महिलाओं पर अधिक बच्चे पैदा करने का दबाव डाला जाना शुरू हो गया है। ऐसा इसलिए क्योंकि देश की जनसंख्या में भारी गिरावट देखी गई है।